सूर्योदय प्रातः 5:11 सूर्यास्त संध्या 6:20 पखवाड़ा वैशाख कृ. चतुर्दशी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 37° न्यूनतम 22°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, मंगलवार, 07 मई 2024, वर्ष : 15, अंक : 83, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,895.54 | 17.39 (0.02%) |
| निफ्टी | 22,442.70 | -33.15 (-0.15%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना (22 carat) | 66,050.00 |
| चांदी | 840.00 |

# २1वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को करें तैयार : राष्ट्रपति

- धर्मशाला के केन्द्रीय विवि के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति
- राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं



एजेंसी

**धर्मशाला :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह विद्यार्थियों के चरित्र व व्यक्तित्व का निर्माण करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को सोमवार को धर्मशाला में स्थित हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं। समारोह में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन अतीत में बदलाव की गति इतनी तेज नहीं थी। आज हम चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग जैसे नये क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं। परिवर्तन की गति और परिमाण दोनों ही बहुत अधिक हैं, जिसके कारण प्रौद्योगिकी और आवश्यक कौशल बहुत तेजी से बदल रहे हैं। राष्ट्रपति ने छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की शुरूआत में कोई नहीं जानता था कि अगले 20 या 25 वर्षों में लोगों को किस तरह के कौशल की आवश्यकता होगी। इसी तरह कई मौजूदा कौशल अब भविष्य में उपयोगी नहीं रहेंगे। इसलिए हमें लगातार नये कौशल अपनाने होंगे। हमारा ध्यान लचीला दिमाग विकसित करने पर होना चाहिए, जिससे युवा पीढ़ी तेजी से हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बिठा सकें। हमें छात्रों में सीखने की जिज्ञासा और इच्छा को मजबूत कर उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना होगा। शिक्षकों से राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो छात्रों को शिक्षित करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनायें और उनके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करे। शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति, परम्परा और सभ्यता के प्रति जागरूकता ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, सभी कार्यक्रम रद्द

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार की सोमवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गयी। मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने शरद पवार को दो दिन तक आराम करने की सलाह दी है। इसलिए शरद पवार के आज के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये गये हैं। शरद पवार की पोते विधायक रोहित पवार ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि लगातार दौरों और प्रचार सभाओं के कारण शरद पवार थकान महसूस कर रहे थे। इसलिए उन्हें असहजता महसूस हो रही थी। रोहित पवार ने कहा कि अब सब कुछ ठीक है और डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

### ट्रैक्टर पलटने से पांच बच्चों की मौत, दो घायल

**जबलपुर :** जिले के थाना चरगवां अंतर्गत ग्राम तिनेटा में सोमवार सुबह करीब 11.30 ट्रैक्टर पलटने से पांच बच्चों की मौत गयी। मरनेवाले बच्चों की उम्र 10 से 18 साल के बीच है। पुलिस ने दो घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि ग्राम तिनेटा देवरी के रहने वाले सभी बच्चे आपस में रिश्तेदार हैं। वे ट्रैक्टर से पानी का टैंकर लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर को 18 साल का धर्मेंद्र ठाकुर (गौंड) चला रहा था। उसकी बहन की सोमवार को शादी है। घर से 500 मीटर दूर ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से उतर कर खेत में पलट गया।

### विस्फोटकों से भरे 06 प्रेशर कुकर और डेटोनेटर नष्ट

**मुंबई :** गढ़चिरौली जिले के टीपागढ़ इलाके में सी-60 के एक दस्ते और सीआरपीएफ की क्यूएटी की टीम ने सोमवार को मिट्टी की खदान में छिपाये गये विस्फोटकों को बरामद किया। बाद में टीम ने विस्फोटकों से भरे 06 प्रेशर कुकर और डेटोनेटर नष्ट करके बड़ा हादसा टाल दिया। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस की टीम कर रही है।

### राहुल सत्ता में आने के बाद राम मन्दिर का फैसला पलट देंगे: प्रमोद

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व नेता और कल्कि धाम के प्रमुख आचार्य प्रमोद कृष्णम ने खुलासा किया है कि राहुल गांधी सत्ता में आने के बाद राम मन्दिर पर दिये गये सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट देंगे। एक डिजिटल प्लेटफार्म से बातचीत में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दावा किया कि वह इस बात के साक्षी हैं कि एक कोर ग्रुप की बैठक में राहुल गांधी ने अपने एक अमेरिकी दोस्त के कहने पर राम मंदिर निर्माण प्रारम्भ होने पर एक बैठक बुलायी थी।

## अंदर के पन्नों पर

3 नाम वापसी के बाद पांचवें चरण के चुनाव के लिए...
5 हजारों लोगों ने एक साथ ली मतदान करने की शपथ...
7 आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश...
9 झंझारपुर में मतदान केन्द्रों पर चुनाव के इन्तजाम..,.
10 दिल्ली कैपिटल्स-राजस्थान रॉयल्स में आज होगा...

## प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की झारखंड में फिर दबिश...

# मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर मिले 30 करोड़

- राज्य की राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों में ताबड़तोड़ छापेमारी
- बैंकों के अधिकारी बरामद रुपये की गिनती करते रहे, मशीनें लगानी पड़ीं
- 12 बक्सों में नोटों के बंडल को अरगोड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में ले जाया गया



- ईडी का निष्कर्ष आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है : आलमगीर आलम

### इन स्थानों पर हुई छापेमारी

- मेन रोड के पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के घर।
- गाड़ीखाना चौक स्थित संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के सैयद रेजीडेंसी स्थित घर।
- दीनदयाल नगर स्थित आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घर।
- सेल सिटी स्थित पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के घर।
- बाड़ेया रोड स्थित चिरौंदी में इंजीनियर कुलदीप मिंज के घर।
- आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के कांके रोड स्थित घर।

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को राज्य की राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। छापेमारी में राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से अब तक 30 करोड़ रुपये मिले हैं। अभी नोटों की गिनती चल रही है। बैंकों के अधिकारी बरामद रुपये की गिनती कर रहे हैं। इस कार्य में कई मशीनें लगी हैं। कुल 12 बक्सों में नोटों के बंडल को अरगोड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में ले जाया गया है।

इसके अलावा ईडी की छापेमारी में पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट से 05 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। मुन्ना सिंह मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के करीबी बताये जाते हैं। जानकारी के अनुसार जहांगीर आलम ने ईडी की पूछताछ में बताया है कि ये रुपये मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल के हैं। बताया जा रहा है कि ईडी की यह छापेमारी गिरफ्तार हुए इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले में हुई है। ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फरवरी, 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग ● शेष पृष्ठ 11 पर

# 10 वर्षों से केन्द्र सरकार जुमलेबाजी कर जनता को ठगने का कर रही काम : चम्पाई सोरेन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बोकारो :** भाजपा ने 2014 से अभी तक देश की जतना को जुमलेबाजी कर ठगने का काम किया है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय सरकार ने झारखण्ड के हित में कोई काम नहीं किया है। इस बार के चुनाव में झारखण्ड की जनता उन्हें जबाब देगी। यह कहना है झारखण्ड प्रदेश के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का। उन्होने सोमवार को गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के इंडिया गंठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो के नामांकन के बाद सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान केन्द्र की सरकार में महंगाई चरम पर है। भाजपा गठबंधन की सरकार बनने से पहले गेस सिलिंडर 400 और पेट्रोल डीजल 60 रुपये लीटर बिकती थी, वहीं अब 1100 - 1200 रुपये में रसोई गेस और पेट्रोल-डीजल के दाम 100 रुपये के पार हो गया है। सत्ता में आने से पहले भाजपा ने कहा था, देश में अच्छे दिन आयेंगे, विदेशों से काला धन लाकर जनता के खाते में बाटेंगे, युवाओं को नोकरी मिलेगी। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा गठबंधन सरकार केन्द्र में 10 वर्षों तक झूठ बोल कर रही है। उन्होंने कहा कि जो भी एमपी बना है, सभी देश के प्रधानमंत्री के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में राज्य की जनता ने विधान सभा में बहुमत दिया। इसके बाद 04 वर्षों में हमारी सरकार ने जनता के लिए काम किया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएम मोदी अहमदाबाद में डालेंगे अपना वोट

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के गांधीनगर लोकसभा सीट के लिए अपना मत डालने के लिए सोमवार शाम को अहमदाबाद पहुंचेंगे। नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह 7.30 बजे अपना वोट डालेंगे। प्रधानमंत्री के मतदान के लिए यहां पहुंचने पर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की है। साथ ही अन्य मतदाताओं को कोई परेशानी न हो, इसकी भी खासतौर से ध्यान रखा है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार की शाम अहमदाबाद पहुंचेंगे और गांधीनगर राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। मोदी मंगलवार सुबह 7.30 बजे वे अहमदाबाद के राणीप क्षेत्र में अंबिका चौराहे के समीप निशान स्कूल में अपना मत डालेंगे।

## पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की भाजपा में दोबारा वापसी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सोमवार को दोबारा भाजपा में शामिल हो गये। उन्होंने रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने पर पिछले दिनों कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, रांची प्रत्याशी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## नये लुक में दिखे हेमन्त सोरेन, दिशोम गुरु और कल्पना के साथ पहुंचे नेमरा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ सोमवार को पैतृक गांव रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नये लुक में दिखे। उनकी पकी हुई दाढ़ी और बढ़ी हुई मूंछें दिशोम गुरु शिबू सोरेन वाला लुक दे रहा था। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें मीडिया के साथ बात करने से मना किया है, लेकिन उनके चेहरे का हाव-भाव देख कर लोग यह अंदाजा लगा रहे थे कि उनका आत्मविश्वास अभी भी बरकरार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हेमन्त सोरेन के हैंडल से ● शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की सभी सातों सीटों पर सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें हाल ही में कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली का नाम भी है। इस सूची में पार्टी के शीर्ष नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, पीयूष गोयल, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, सांसद हेमा मालिनी, उत्तर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## लालू यादव घोटाले में जेल जा चुके और उनके साथी भ्रष्टाचार कर रहे : अमित शाह



### बंगाल में जीतेंगे कम से कम 30 सीटें

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने सोमवार को दावा किया कि इस बार राज्य में कम से कम 30 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है। अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार अमृता रॉय के समर्थन में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में रोड शो के बाद मीडिया से कहा, "हमें कम से कम 30 सीटों पर अपनी जीत का भरोसा है।

एजेंसी

**पटना :** राज्य में समस्तीपुर जिले के उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के नरघोघी में नित्यानंद राय के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव पर हमला करते हुए कहा कि सत्ता के स्वार्थ के कारण लालू यादव कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गये हैं। वह चारा घोटाले, अलकतरा घोटाले और जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में जेल जा चुके हैं, जबकि उनके सभी साथी भी भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखीं, उसके परमाणु बम हम पर भी गिरेंगे : फारूक



एजेंसी

**श्रीनगर :** पूर्व मुख्यमंत्री व नेकां के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान 'पीओके का भारत में विलय होगा' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं और उसके पास परमाणु बम भी हैं, जो हम पर ही गिरेंगे।

उन्होंने कहा कि अगर रक्षा मंत्री कह रहे हैं, तो इस सम्बन्ध में आगे बढ़ना चाहिए कि उन्हें कौन रोक रहा है और फिर हम भी रोकनेवाले कौन होते हैं? लेकिन, यह याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान ने भी चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं। पाक के पास भी परमाणु बम हैं और वह परमाणु बम जम्मू-कश्मीर यानी हम पर ही गिरेगा।

दूसरी ओर, अब्दुल्ला के बेटे व पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि भाजपा को पहले जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की सभी समस्याओं को हल करने की जरूरत है और कोई भी उन्हें पीओके को भारत में विलय करने से नहीं रोक रहा। पहले क्षेत्र की सभी समस्याओं को हल करने की जरूरत है।

### फारूक अब्दुला के बयान पर भाजपा का पलटवार, कहा

## इंडी गठबंधन के नेता हैं पाकिस्तान परस्त



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्हें पाकिस्तान परस्त बताया है। सोमवार को भाजपा सांसद और पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अब तक पाकिस्तान के कुछ चरमपंथी नेता कभी-कभी कहते थे कि उनके पास परमाणु बम है। लेकिन, आज एक वरिष्ठ इंडी गंठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने भी यही कहा है। साफ है, इंडी गठबंधन के नेताओं पर पाकिस्तान की छाप है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी कहते हैं कि भाजपा और मोदी को जाना चाहिए। पंजाब के पूर्व सीएम पुंछ पर चरणजीत सिंह चन्नी का बयान पाकिस्तान की करतूतों को छिपाने की कोशिश करते हैं। शशि थरूर ने एक बांग्लादेशी दैनिक में लेख लिखा कि मोदी को जाना होगा और वह कश्मीर को भारत प्रशासित कश्मीर कहते हैं। यह पाकिस्तान की भाषा है। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि इंडी गठबंधन के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। इंडी गठबंधन के नेताओं पर पाकिस्तान की छाप है।

### सेना ने जारी किये दो पाक आतंकवादियों के स्केच




**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने पिछले हफ्ते पुंछ में आईएएफ के वाहन पर हमले को अंजाम देने वाले दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के स्केच जारी किये हैं। सुरक्षा बलों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 20 लाख का इनाम देने की घोषणा की है। पुंछ में शाहसितार के पास आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिया, इसमें भारतीय वायुसेना के कॉर्पोरल विक्की पहाड़े की घात लगा कर हुए हमले में मौत हो गयी और चार अन्य कर्मी घायल हो गये।

## एक झलक

### बासल : 14 वर्षों से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भुरकुंडा** : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर अपराधियों और फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस सतत अभियान चला रही है। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बासल पुलिस ने अभियान चलाकर केस संख्या 373द्2010 पत्रांक 141 दिनांक 04-03-2024 में 14 वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त छोटेलाल मुंडा (30 वर्ष) पिता लखन मुण्डा, ग्राम जराद (केंदुडीपा) निवासी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा कुर्की अधिपत्र भी निर्गत किया गया है। छापेमारी दल में बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, पुअनि जॉनी कुमार सदबल शामिल थे।

### बुढ़मू पुलिस की अवैध बालू माफियाओं पर कार्रवाई जारी



**बुढ़मू** : बुढ़मू पुलिस की अवैध बालू माफियाओ पर कार्रवाई जारी है, इसी कड़ी मे रविवार 5 मई की देर रात्रि अवैध बालू लदा 3 ट्रेक्टर को जप्त कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली की 3 ट्रेक्टर बालू लोड कर चोरी छुपे निकाल रहे है इस पर थाना प्रभारी रामजी कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालू लदे ट्रैक्टरों को जप्त किया है ।पुलिस की करवाई से बालू माफियाओ मे एक बार फिर हड़कम मच गया है ।इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा की किसी भी हाल मे बालू की अवैध तस्करी नहीं करने दी जायगी,अवैध तस्करी को लेकर बुढ़मू पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है आगे भी जारी रहेगी।

### उम्मीदवारों की मौजूदगी में लेखा पंजी की हुई जांच

**खूंटी** : खूंटी (अजजा) लोकराभा निर्वाचन क्षेत्र 2024 से निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की द्वितीय जांच सोमवार को विकास भवन स्थित सभागार से व्यय प्रेक्षक एसआर नेडुमारच और सहायक व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में की गयी। जांच में उम्मीदवार अर्जुन मुण्डा, भारतीय जनता पार्टी, कालीचरण मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी, अपर्णा हंस, झारखण्ड पार्टी, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी, पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीग बसंत कुमार लोगा, निर्दलीय द्वारा स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जांच के लिए उपस्थित थे।

### बिरहोर परिवारों के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**खूंटी** : लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर सोमवार को अड़की प्रखंड के तेलंगाडीह और सोसोकुटी के बिरहोर परिवारों के बीच विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने स्वयं ही सेल्फी प्वाइंट और एवं रंगोली बनाई। साथ ही गीत गाकर मतदाताओं से अपील की। नुक्कड नाटक के माध्यम से मतदान तिथि 13 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खूंटी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, अड़की एवं जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित थे। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने ग्रामीणों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# पतरातू पुलिस ने भारी में अवैध शराब पकड़ी, तीन गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू** : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब और मादक पदार्थ के खिलाफ रामगढ़ एसपी डॉ. बिमल कुमार के दिशा-निर्देश पर पुलिस लगातार सघन छापेमारी चला रही है। पुलिस की मुहीम रंग लाती भी दिख रही है। इधर, रामगढ़ एसपी के निर्देश पर पुलिस ने पतरातू क्षेत्र के सभी थाना और ओपी क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब और जावा महुआ शराब जब्त किया है। जबकि अलग-अलग जगहों से कारोबार में शामिल कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिरेंद्र राम की अध्यक्षता में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। पुलिस की ओर से बताया गया कि कि रामगढ़ एसपी डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 05 मई को एसडीपीओ बिरेंद्र राम के नेतृत्व में टीम का गठन कर पतरातू अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी थाना और ओपी क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पतरातू थाना क्षेत्र के कोतो गांव निवासी विक्रांत कुमार पिता स्वर्गीय किशोर चैरसिया के घर से बिक्री हेतु रखे गये 228 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया। बासल थाना निवासी रमेश साव के दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब 47 बोतल जब्त किया गया। भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चिकोर निवासी जितेंद्र प्रसाद कुशवाहा पिता स्व. रामटहल महतो के घर से 20 लीटर अवैध महुआ शराब और एक क्विंटल जावा महुआ बरामद किया गया। वहीं भुरकुंडा में नकुल साव के घर से 105 लीटर देशी महुआ शराब और 180 किलो जावा महुआ बरामद किया गया। वहीं बरकाकाना में देवानंद बेदिया पिता रामेश्वर बेदिया के दुकान और मकान से बिक्री के लिए रखे गए 143 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया है। अभियान में कुल 418 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब, 125 लीटर अवैध देशी महुआ शराब और 280 किलो जावा महुआ बरामद किया गया जब्त जावा महुआ को नष्ट किया गया है। वहीं विक्रांत कुमार, देवानंद बेदिया और नकुल साव को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दो अभियुक्त जितेंद्र प्रसाद कुशवाहा और नरेश साव फरार बताएं जाते हैं। जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।



## राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है : बसंत कुमार लोंगा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : खूंटी से लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी और झामुमो के पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को पिताय पाहन और प्रत्याशी द्वारा संयुक्त रूप से तोरपा के हिल चौक में किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान करते हुए प्रत्याशी बसंत कुमार लोंगा ने कहा कि राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है, सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए किया जाता है और इस सत्ता संघर्ष में हम आदिवासियों एवं मूलवासियों का मुद्दा गौण हो जाता है। लोंगा ने कहा कि मैं झारखंडी सवालों को बल देने को लेकर इस आम चुनाव में खड़ा हुआ हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता को तय करना है कि झारखंडी सवाल निर्णायक होना चाहिए या सत्ता संघर्ष का हिस्सा बनना है। कार्यक्रम में मसीह गुड़िया, जुरसन गुड़िया, जीवन हेमरोम, सरोज टोपना, डेविड टोपनो, पेमजीत भेंगरा झारखण्ड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा, रतन सिंह मुंडा, मंगल देमता, नागई पाहन, मुण्डा उरांव, सुकरात होरो, आनन्दिनी होरो, हेलना बारला, ज्योति तिड़ू,मरियम तिड़ू, पुष्पा तिड़ू एवं ज्योति पूर्ती आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। झामुमो जो निष्कासित निष्कासित की बात पर उन्होंने कहा कि वह तो पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं, तभी तो नामांकन किया।

## इंडिया प्रत्याशी यशस्वी सहाय ने किया नामांकन, ओरमांझी से हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया प्रत्याशी यशस्वी सहाय ने सोमवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिला प्रवक्ता अमाल खान के नेतृत्व में ओरमांझी मंडल के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं मीडिया से बात करते हुए जिला प्रवक्ता अमाल खान ने कहा कि यशस्वी सहाय के नामांकन में अप्रत्याशित भीड़ से स्पष्ट हो गया है कि इनकी यहां से जीत तय है ।एनडीए गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश की जनता को बबार्दी के सिवा कुछ भी नहीं दिया देश की जनता मोदी सरकार की नीतियों से 10 सालों की तबाही झेलने के बाद अब इसे उखाड़ फेंक कर बदला लेने को तैयार है। उक्त बातें आज कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अमाल खान ने रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया प्रत्याशी यशस्वी सहाय के नामांकन के बाद समर्थन में मोराबादी मैदान में कही। उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यशस्वी सहाय के लिए मतदान करने की अपील की। और कहा कि इस राज्य को अस्थिर करने की भाजपा की साजिश का मुंह तोड़ जवाब वोट से दिया जाएगा। झारखंड में 14 सीटों पर इंडिया की जीत होगी। साथ ही साथ वोटिंग की प्रतिशत भी बढ़ेगी। कांग्रेस के हाथों को हम लोग मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड में कभी भी विधानसभा चुनाव हो सकता है। विधानसभा चुनाव में दो तिहाई सीटों पर इंडिया की जीत होगी। मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, रमेश उरांव,अनावरुल हक, अब्दुस सलाम, मुबारक अंसारी, हरिमोहन महतो, सुधा देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## लिमडा की मुखिया सोमारी देवी लौटी भाजपा में

**खूंटी** : भाजपा के खूंटी लोकसभा संयोजक और विधायक कोचे मुंडा ने सोमवार को लिमड़ा पंचायत के डुमारी ग्राम में लोगों से मिलकर भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को भारी मतों से बचाने की अपील की। विधायक ने मुखिया सोमारी उरांव के आवास में जाकर लोकसभा चुनाव में उनसे सहयोग मांगा। मौके पर विधायक ने कहा कि आप सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि केंद्र सरकार में मंत्री चुन रहे हैं। मुखिया सोमारी उरांव विधायक के समक्ष पुनः भाजपा में शामिल हुई। मौके पर भाजपा नेता विनोद सिंह, भगीरथ राय सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ में वॉक फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन आज




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को रामगढ़ शहर में वाकाथनः 'वॉक फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह 6:00 बजे पुलिस लाइन रामगढ़ से शुरूआत किया जाएगा। जिसमें जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह

**■ उपायुक्त ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की**

उपायुक्त ने सभी जिले वासियों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन एवं इस दौरान प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर सभी जिलेवासियों से भाग लेने अपील की है। इसके साथ ही पहली बार वोट डालनेवाले मतदाताओं के लिए जिला समाहरणालय परिसर में मंगलवार सुबह 11:00 बजे से 'कॉफी विद डीसी' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जबकि 11:30 बजे से युवा मतदाताओं को मतदाता आईकॉन शालिनी दुबे से मिलने का अवसर भी प्राप्त होगा वहीं जिला प्रशासन द्वारा रील मेकिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का भी कल आयोजन किया जाएगा।

## गर्ल्स स्कूल मतदान केन्द्र के समीप झारखंड सेवा समिति ने लगाया प्याऊ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : झारखंड सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार की शाम शहर के सुभाष चौक मतदान केंद्र के समीप प्याऊ का शुभारंभ किया। इसका उदघाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने किया। वहीं उन्होंने राहगीरों व मतदाताओं की सुविधा के लिए प्याऊ की व्यवस्था पर झारखंड सेवा समिति के सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स और झारखंड सेवा समिति के द्वारा मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिससे जिले में मतदान में बढ़ोत्तरी होगी। प्याउ के आरंभ होने से बढ़ती गर्मी में यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल मिलेगा। प्याऊ के शुभारंभ से पूर्व झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा और सह सचिव मनोज मंडल ने संयुक्त रूप से डीसी चंदन कुमार को फूलों का गुच्छा देकर स्वागत किया। प्याउ के आरंभ होने से बढ़ती गर्मी में यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की गर्मी के मौसम में हमारी संस्था आम लोगों के लिए प्याउ का उदघाटन प्रत्येक वर्ष करती है, जिससे राहगीरों को शीतल पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा की इस वर्ष प्याउ उदघाटन का एक मुख्य उदेश्य मतदान के दिन 20 मई को मतदाताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था करना। शत-प्रतिशत मतदान के लिए हमारी संस्था जिला प्रशासन के मतदाता जागरूकता अभियान में लगातार सहयोग दे रही है। साथ ही हम 20 मई को अधिक से अधिक लोगों से बूथों पर जाकर अपने मताधिकार के प्रयोग करने की अपील कर रहे हैं।

## भुरकुंडा में ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, पति-पत्नी घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंड़ा** : क्षेत्र के सौंदा साइडिंग के निकट सोमवार की दोपहर एलपी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दुर्घटना में पत्नी को हल्की चोटें आई है जबकि पति गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार उरीमारी निवासी रंजन करमाली (41वर्ष) पिता सुखनाथ करमाली और उसकी पत्नी दशमी देवी (38वर्ष) होंडा साइन बाइक जेएच24एच6875 पर भुरकुंडा से उरीमारी की ओर लौट रहे थे। इस क्रम में सौंदा साइडिंग के निकट 12 चक्का एलपी ट्रक जेएच 02 ।छ 3775 ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि रंजन करमाली और दशमी देवी घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल रंजन करमाली को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। ट्रक चालक फरार बताया जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होने के कारण दुर्घटना हुई है।

## अनगड़ा से सैकड़ों कार्यकर्ता व महिला समिति की सदस्य मोरहाबादी मैदान के लिए रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडी महागठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन सभा में भाग लेने अनगड़ा से सैकड़ों कार्यकर्ता व महिला समिति की सदस्य मोरहाबादी मैदान के लिए रवाना हुए। विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा व पुर्व अध्यक्ष एतवा उरांव के नेतृत्व में कार्यकर्ता बाजा गाजा के साथ रवाना हुए। नामांकन के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बैठक कर सभी बुथों पर यशस्विनी सहाय को मजबूती प्रदान करने की रणनीति बनाई। मौके पर प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, जिला महामंत्री कांग्रेस शिवदास गोस्वामी, छोटेलाल महतो, मकर सिंह मुंडा, अजय करमाली, सिद्दीकी अंसारी, शफीक अंसारी, जोन तिग्गा, सचिन नायक, अजय उरांव, दशरथ पहान, सरीता देवी, बिहारी मुण्डा, सहिल लोहरा, सोहन करमाली, संगीता कैथा, मंजु कुमारी, अनीता देवी, रेशमी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों द्वारा नव निर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महोत्सव सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में लोहरदगा लोकसभा संयोजक सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, राजीव रंजन अधिकारी मारुति मंगल परिवार के सुमेश कुमार महतो व संजय कुमार शामिल हुए ।मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मन में अच्छे विचार आते हैं। धर्म की बात एक साथ मिल बैठकर सुनने से आपस में भाईचारा बढ़ता है और एक-दूसरे के प्रति दुर्भावना खत्म होती है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित सतीश की अगुवाई में बतौर यजमान बासुदेव महतो, गंदुर गोप, अनिल गोप, उमेश गोप, नंदलाल गोप, दीपक गोप, दिलीप गोप, मनोज गोप, अवध महतो, राजू, सुरेंद्र गोप, बबलू गोप, ईश्वर, रविंद्र रमेश महतो, प्रमोद महतो, बृजेश महतो, ओमप्रकाश गोप, प्रेम महतो, शिव गोप व राजकुमार गोप आदि ने पूरा किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के कथा व्यास निकुंज लाडली के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया गया। वहीं धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हवन आरती, रामायण पाठ व हनुमान चालीसा पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। साथ ही यह महोत्सव आगामी दस मई तक चलेगा। इधर इस पांच दिनी धार्मिक अनुष्ठान के अनुष्ठान के आयोजन में श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

### माउंट कार्मेल स्कूल दसवीं की परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट रहा

## प्रणीत कुमार 98.2 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर रहा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : प्रखण्ड क्षेत्र के माउंट कार्मेल स्कूल के छात्र प्रणीत कुमार पिता श्याम किशोर महतो ने सीआईएससीई बोर्ड की 10वीं परीक्षा आईसीएसई में बेहतर रिजल्ट हासिल करने में सफलता हासिल की है। सोमवार को बोर्ड की ओर से रिजल्ट जारी किया गया। प्रणीत कुमार ने इस बार की 98.2 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनने में सफलता दर्ज की है। वहीं दूसरा स्थान ऐश्वर्या प्रताप पासवान 97.4 प्रतिशत तीसरा स्थान स्वाति सिन्हा 96.2 प्रतिशत व चौथा स्थान रणवीर प्रसाद साहू 94.8 प्रतिशत पांचवां स्थान अभिषेक कुजूर 94.2 प्रतिशत एवं अलीशा अम्बर 94.2 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया। वहीं स्कूल के प्राचार्या सिस्टर ब्रिजित ने बताया कि माउंट कार्मल स्कूल की छात्रा प्रणीत कुमार ने दसवीं कक्षा के परिणाम में 98.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में शीर्ष स्थान हासिल किया। पत्रकार श्याम किशोर महतो के पुत्र ने बिना किसी कोचिंग क्लास के यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि उसके माता-पिता ने उसे कोचिंग सेंटर में दाखिला लेने पर बल दिया था। मौके पर स्कूल के निदेशक फादर मैथ्यू ने शानदार परिणाम पर बच्चों को दी बधाई। फादर मैथ्यू ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी। और उन्हें लगातार शिक्षा के क्षेत्र में महान ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया। परिणाम पर संतोष जाहिर करते हुए फादर मृत्यु ने कहा कि या खुशी की बात है कि माउंट कार्मल के प्रबंधन समिति के शिक्षको और कर्मचारियों तथा छात्रों व अभिभावकों के लगातार प्रयासों से माउंट कार्मल स्कूल के शैक्षिक मानकों में उत्साह जनक सुधार हुआ है उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन के परामर्श से इन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लगातार ऊपर उठने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा।



# रामगढ़ अनुमंडल क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**■ 354 बोतल अवैध विदेशी शराब और 92 लीटर महुआ शराब बरामद**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : अवैध शराब के विरुद्ध अभियान में पुलिस को दोहरी बड़ी सफलता मिली है। जहां रविवार को पतरातू के विभिन्न थाना और ओपी क्षेत्र में अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त करते हुए तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं रविवार को ही पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर रविवार को रामगढ़ अनुमंडल क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए पुलिस ने 354 बोतल अवैध विदेशी शराब और 92 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार रामगढ़ पुलिस अधीक्षक ने गुप्त सूचना के आधार पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।टीम के द्वारा रामगढ़ अनुमण्डल अंतर्गत सभी थाना और ओपी क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में रामगढ़ थाना अंतर्गत अरगड्डा नीचे धौड़ा स्थित राजेश सागर के घर से 10 बोतल अवैध विदेशी शराब एवं 85 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। वहीं गोबरदाहा चैक स्थित आर्यन लाईन होटल से अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखे गये विदेशी शराब की 41 बोतल जब्त किया गया। वहीं रजरप्पा थाना निवासी राजू महतो के घर स्थित दुकान से अवैध विदेशी शराब की 37 बोतल बरामद कर जब्त किया गया। साथ ही कुज्जू ओपी क्षेत्र के बरमसिया निवासी बिरेन्द्र कुमार महतो के पान दुकान और दिगबार के कृष्णा कुमार के होटल से कुल 147 बोतल बरामद किया गया। वहीं वेस्ट बोकारोओपी अंतर्गत केदला 15 नंबर स्थित बिनोद प्रसाद केशरी की दुकान से 68 बोतल और सूरज गुप्ता के घर से 51 बोतल विदेशी शराब जब्त किया गया। इसके अलावा बरलंगा स्थित हारूबेड़ा मोहरलाल बेदिया के होटल से 04 लीटर महुआ शराब, सिल्ली मोड़ स्थित मोसमात रूसनी देवी के होटल से तीन लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री करने हेतु भण्डारण कर रखने और महुआ शराब की बिक्री करने के आरोप में अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध संबधित थाना प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक (प्रो०) फौजान अहमद, पुलिस निरीक्षक मांडू अंचल सुरेश लिण्डा, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, थाना प्रभारी बरलंगा अन्नत कुमार सिंह, कुज्जू ओपी प्रभारी दिगम्बर पाण्डेय, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानन्द कुमार सदलबल शामिल रहे।

## संविधान और सीएनटी एक्ट बचाने के लिए है यह चुनाव : कालीचरण मुंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : जनजातियो के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में छोटी-छोटी सभाओं और बैठकों के माध्यम से जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विभिन्न बैठकों में कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने और सीएनटी को बचाने के लिए है। उन्होंने तोरपा प्रखंड के सुंदारी, दियाकेल, कोरकोटोली, उकड़ीमाड़ी, टांटी, कसमार, भुसूर, कसमार, गोविंदपुर आदि क्षेत्रो में जनसंपर्क कर मतदाताओं से सहयोग, आशीर्वाद और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि नेता नहीं, बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने के लिए आपके बीच आया हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। आप लोगों से मिल रहे अपार स्नेह और आशीर्वाद से मुझे हौसला मिल रहा है। इसके लिए मै आपका आभारी हू। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है, उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है।

## एक झलक

### पुन: रांची गोशाला न्यास के अध्यक्ष बने पुनीत पोद्दार



**रांची** : सोमवार को रांची गौशाला न्यास प्रांगण में सत्र 2023 26 की कार्यकारिणी पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष-पुनीत पोद्दार उपाध्यक्ष-रतन लाल जालान एवं एस एन राजगढ़िया, मंत्री -प्रदीप राजगढ़िया, उप मंत्री -सुरेश जैन एवं राजेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष-दीपक पोद्दार सहित 31 सदस्यों की कार्यकारिणी टीम चयनित की गई उसके पश्चात अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने सभा के समक्ष स्वागत भाषण दिया एवं आने वाले 3 वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा सभा के समक्ष रखी तथा ट्रस्टी चेयरमैन एवं उपाध्यक्ष श्री रतन जालान ने सभा के समक्ष सभी से आग्रह किया यह 3 साल हम सबको मिलकर कार्य करना है और गौशाला को नई ऊंचाईयों पर पहुंचना है। धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रदीप राजगढ़िया ने दिया।

### कल्पना सोरेन को समर्थन देगा थर्ड फ्रंट : पंकज मिश्रा



**रांची** : थर्ड फ्रंट गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी श्रीमती कल्पना सोरेन को अपना समर्थन देगा। फ्रंट के मीडिया प्रमुख पंकज मिश्रा ने कहा कि कल्पना सोरेन और झामुमो का जनता के प्रति किऐ गये वायदों और सोच को देखते हुऐ उनको समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। कल्पना सोरेन के समर्थन में तीसरा मोर्चा के नेता गाण्डेय विधानसभा का दौरा करेंगे और कल्पना सोरेन के पक्ष में प्रचार भी करेंगे। उन्होने कहा कि एनडीए गठबंधन जनता को किस बात की गारंटी दे रही, यह किसी के समझ से परे है। गारंटी तो 15 लाख देने और दो करोड़ रोजगार प्रति वर्ष देने का भी था। मगर वह खोखला साबित हुआ। यही वजह है कि एनडीए गठबंधन चार सौ पार का नारा अब छोड़ दी। उसको असलियत से सामना हुआ और जनता के मूड का भी पता चल गया।
श्री मिश्रा के अनुसार समतामूलक समाज की स्थापना करना और संविधान की रक्षा करने की सोच रखने वालों के साथ थर्ड फ्रंट हमेशा खड़ा है और ऐसे उम्मीदवारों का समर्थन देने पर विचार कर सकता है।

### सुधा सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि पर कल होगी श्रद्धांजलि सभा

**रांची** : 8 मई 2024 बुधवार को सुबह 11 बजे से सुधा सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर, रांची प्रेस क्लब एवं सुधा अरमान मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से श्रद्धांजलि सभा सह पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित की जा रही है, इस श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि दी जायेगी।

### 13 कमल फूल और एक केला मां भारती के चरणों में समर्पित करने के लिए जनता तैयार: बाबूलाल मरांडी

**रांची** : भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को विधिवत पार्टी में शामिल कराया। मरांडी ने उन्हें पार्टी का पटका और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मरांडी ने कहा कि चार जून को 13 कमल फूल और एक केला मां भारती के चरणों मे समर्पित करने के लिए झारखंड की जनता तैयार है। उन्होंने कहा कि चौधरी भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य रहे हैं, उनकी पार्टी में पुन: वापसी से पार्टी को ऊर्जा मिलेगी। चौधरी ने कहा कि वे घर में ही थे लेकिन साइलेंट मॉड में थे लेकिन अब एक्टिव मॉड में आ गया हूं। साथ ही कहा कि मेरा कार्यकताओं के साथ लगातार मिलना जुलना लगा हुआ था। मेरा इस्तीफा भी भाजपा ने स्वीकार नहीं किया था, न ही मुझे निष्काषित किया गया था।

---

## नाम वापसी के बाद पांचवें चरण के चुनाव के लिए मैदान में बचे 54 प्रत्याशी

# गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में 11 उम्मीदवार आजमायेंगे भाग्य

- छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 ने किया नामांकन
- चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं : के. रवि कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया। यहां चुनाव मैदान में अब कुल 22 उम्मीदवार हैं। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गये हैं। अब यहां 15 प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फैसला होगा। वहीं हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में भी नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं ली। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।



उसमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 25, धनबाद से 28, रांची से 33 और जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 32 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के बाद से अब तक झारखंड में 74 करोड़ 38 लाख से अधिक के सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार सहजता से वाहन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहन लेने में गाड़ी मालिकों के हित का भी ध्यान रखा जा रहा है। व्यवस्था ऐसी की गयी है कि एक जिला में जिस वाहन को लेने के लिए चिह्नित किया गया है, उसे दूसरे जिले में चिह्नित नहीं किया जायेगा। गाड़ी मालिकों को गाड़ी का भाड़ा भी ससमय मिले, इसकी भी डिजिटल व्यवस्था की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 07 मई 2024 को संध्या 06 से 08 बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर #MainBhiElectionAmbassador हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करें। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री पोस्ट करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

---

## खलारी प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय स्कूल में डालसा का डोर-टू-डोर कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा खलारी प्रखण्ड स्थित झारखंड बालिका स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा के कार्यरत पीएलवी, सत्यपाल शर्मा, शिक्षिका लालमनी कुमारी मुंडा, चांदनी कुमारी स्कूल के बच्चे व अन्य उपस्थित थे। सत्यपाल शर्म ने ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में बताया गया। डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में प्रकाश डाला।
ज्ञात हो कि दिनांक 08 जून को आयोजित होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना वादों से संबंधित विशेष लोक की जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा 03 जून से 07 जून तक प्री-लोक-अदालत की बैठके कर एमएसीटी से संबंधित वादों को माननीय न्यायालय में सुना जा रहा है। दिनांक 08 जून को उपस्थित होकर वादों को निश्तारण करा सकते है।

**तैयारी जोरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को**

**यह** भी ज्ञात हो कि 13 जुलाई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी।

---

## ख्याति द बुटीक ने मनायी अपनी 10वीं वर्षगांठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : ख्याति द बुटीक ने अपना 10वां वर्षगांठ समर्पित किया है। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए, केक काटने का आयोजन किया गया और कई ग्राहकों और प्रतिष्ठित मेहमानों ने मिलकर ख्याति द बुटीक की वर्षगांठ मनाई। ख्याति द बुटीक का 10वां वर्षगांठ समारोह एक शानदार अवसर था जिसे सजीव और उत्साही भावनाओं के साथ मनाया गया। यह बुटीक, जो सदियों से लोगों के दिलों में स्थान बनाई हुई है, ने अपने 10 साल के सफल सफर को आज का दिन मनाकर समर्थन किया। केक काटने की समारोहित ख्याति द बुटीक के मालिक ने सभी मेहमानों को तारीफ की जिन्होंने इस यात्रा में उनका साथ दिया। उन्होंने उन सभी लोगों का धन्यवाद भी किया जिन्होंने इस दिन को और भी खास बनाया। समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भी भाग लिया, जिनमें व्यापारिक समुदाय के नेताओं, फैशन गुरुओं, और कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तित्व शामिल थे। इन सभी विशेष मेहमानों का स्वागत किया गया और उनके साथ उनके अनुभवों और सफलताओं पर चर्चा हुई। समारोह को कवर करने के लिए कई मीडिया व्यक्तित्व भी मौजूद थे। इन मीडिया प्रतिनिधियों ने वर्षगांठ के महत्व को उजागर किया और ख्याति द बुटीक के सफलता की कहानी को लोगों तक पहुंचाया। ख्याति द बुटीक का 10वा वर्षगांठ समारोह न केवल एक उत्सव था, बल्कि एक गर्व का पल भी था। इसे मनाने वाले सभी लोगों ने इस अवसर को और भी यादगार बनाया और ख्याति द बुटीक के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस खास अवसर पर, बुटीक ने अपने नवीनतम डिजाइनों और प्रोडक्ट्स का भी परिचय किया, जिसमें डिजाइनर ड्रेसेस, वेस्टर्न ऑउटफिट्स, कुर्ती, सूट पीस, वन पीस, गाउन, एक्सेसरीज एंड फुटवेयर्स शामिल थे।

---

## अब बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी नहीं करेंगे : गुलाम अहमद मीर

- कड़ी धूप के बावजूद महागठबंधन की जनसभा में उमड़ी भीड़

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अब बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी नहीं करेंगे। यहां के लोग बाहरी लोगों को बाहर भेजेंगे। जो बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी करते हैं, वे जल-जंगल-जमीन और सरना कोड की बात नहीं करते। उक्त बातें सोमवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कही उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के



बारे में बताया कि झारखंड के दर्द को समझने वाले को आपके सामने पेश किया गया है। परिवार के कारण नहीं बल्कि होनहार के कारण इन्हें लाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले फेज में 102 और दूसर फेज में 82 क्षेत्रों पर कुल184 सीटों पर मतदान हुआ। मीडिया सर्वेक्षण में आया कि 184 सीटों में से 125 सीटें इंडिया गठबंधन को जाती दिख रही हैं। श्री मीर ने कहा कि इतनी कड़ी धूप में भी आपमें जोश और जज्बा दिखाई दे रही है, वही जोश और जज्बा 25 मई को चुनाव के दिन भी दिखाई देनी चाहिए। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि मोदी तुम्हारी घंटी बज चुकी है। 2024 चुनाव के बाद लोगों को न्याय मिलेगा। भाजपा नेता कह रहे हैं कि 400 पार के बाद संविधान बदलना है। सूरत में 12 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध जीत दिला दिया गया। यह तानाशाही का ही परिचायक है। एक मदारी देश के लोगों को नचा रहा है। 2014 में सैंकड़ों वादे किए गए। बाद में इन वादों को जुमला बताया गया और अब मोदी इसी जुमलों की गारंटी देते फिर रहे हैं। उन्होंने अपनी पुत्री और कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के बारे कहा कि इसे अन्याय बर्दाश्त नहीं है । यशस्विनी सहाय आपकी बहन बेटी बन कर तो रहेगी ही, आपकी पहरेदार वा सेवादार बनकर भी काम करेगी। कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि मैं झारखंड की बेटी हूं और खतियानी हूं।

---

### एशियाई जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप

## इस्लामाबाद पाकिस्तान में 25 जून से शुरू होनेवाली प्रतियोगिता में आद्या बुधिया भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची की आध्या बुधिया का चयन 3123 एशियाई जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए किया गया। इस्लामाबाद पाकिस्तान में 25 जून से शुरू होनेवाली प्रतियोगिता में आद्या बुधिया भारत का प्रतिनिधित्व करेगी जो 25 से 29 जून तक चलेगा, गर्ल्स अंडर 13 आयु वर्ग के खिलाड़ी आध्या बुधिया ने इसके लिए एशियाई जूनियर इंडिविजुअल ट्रायल सेलेक्शन में भाग लिया जो दिनांक 2 से 5 मेंई तक चला, गर्ल्स अंडर 13 में टॉप 7 खिलाड़ियों को ट्रायल सेलेक्शन में बुलाया गया था जिसमें आध्या बुधिया ने अपनी अच्छी परफॉर्मेंस करते हुए टॉप 1 में स्थान प्राप्त की आध्या झारखंड बिशप वेस्टकोट गर्ल्स नामकुम रांची से अपनी पढ़ाई कर रही है और क्रास कोर्ट स्क्वैश क्लब की खिलाड़ी है। जहां से वह स्क्वैश की ट्रेनिंग ले रही है। उनके कोच पुनीत पारीक नितेश पाल विजय उरांव उदय चंद्र राय और श्वेता बुधिया ने बधाई दी।

---

### एसएसपी द्वारा पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार के बाद झारखंड के डीजीपी व निर्वाचन आयुक्त से मिला रांची प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल

## प्रतिनिधिमंडल ने की कार्रवाई की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गत दिनों रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य और नक्षत्र टीवी के सीनियर जर्नलिस्ट सौरभ शुक्ला के साथ रांची के सीनियर एसपी ने अभद्रता की थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची दौरे के दौरान सौरव शुक्ला न्यूज कवरेज कर रहे थे उस दौरान एसएसपी ने दुर्व्यवहार करते हुए उनकी माइक आईडी छीन ली थी। इस घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह और झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रविकुमार से मुलाकात कर और उनसे कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने कहा की विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ एसएसपी द्वारा किया गया दुर्व्यवहार दुर्भाग्य जनक है, जिसकी प्रेस क्लब कड़ी निंदा करता है और झारखंड के डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कार्रवाई की मांग करते हुए यह भी मांग करता है कि राज्य की पुलिस पत्रकारों के साथ शालीनता से पेश आए। प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर गौर करते हुए डीजीपी और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मामले की जांच करवा कर कार्रवाई करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया है।

---

## गोशाला में सैकड़ों लोगों ने की गो सेवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सुकूरहूटू गौशाला कांके मे नवनिर्मित गौ परिक्रमा मंदिर की प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर गौ माता सेवा समिति के सदस्यों एवं गौ भक्तों ने गौ माता की पूजा अर्चना की, तथा गौ माता की सेवा की एवं सैकड़ो गायों को तरबूज, गुड़, चना, हरी घास व सब्जियां, चारा चोकर खिलाई। दिनभर सैकड़ो लोगों ने गौ माता की सेवा की। समाजसेवी जवाहर तनेजा ने मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर 1000 किलो तरबूज गौ सेवा के लिए अर्पित किया। उन्होंने कहा कि गौ हमारी माता है, सभी लोगों को गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए।यह बहुत ही पुनीत कार्य है। हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय स्थान प्राप्त है गौ माता की सेवा करने से बड़े से बड़े कष्ट दूर हो जाता है, समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं मुकेश काबरा ने कहा की गाय में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है, तथा गाय सेवा करने से जहां सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं, वही घर में सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मिलता है। इस अवसर पर राजकुमार गाड़ोदिया, प्रमोद बजाज, मुकेश पोद्दार, रतन जालान, प्रदीप राजगढिया, मुकेश काबरा,अशोक गाड़ोदिया,वासुदेव भाल्ला, अमरजीत गिरधर, संजय सर्राफ, सज्जन पाड़िया, ललित पोद्दार, विष्णु सोनी, आनंद अग्रवाल, विजय सरायका, आदि उपस्थित थे।

---

## झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र की सरकार चल रही है : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**रांची** : रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा आज जिस प्रकार इंडिया गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के अप्त सचिव के घर से जिस तरह रुपए बरामद हुए हैं यह झारखंड को फिर से शर्मसार किया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है। उनके अधिकारी मनी लांड्री के केस में जेल में है। आज उनके मंत्री आलमगीर आलम के अप्त सचिव के यहां 30 करोड़ से अधिक नगदी बरामद होती है। श्री सेठ ने कहा झारखंड इकलौता राज्य है जहां भ्रष्टाचार की सालगिरह मनाई जाती है 2 साल पहले आज ही के दिन देश ने भ्रष्टाचार की पूजा देखा था



आज देश भ्रष्टाचार का आलम देख रहा है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी, उनका हक छीना, सेना की जमीन लूटी, यहां के खनिज संपदा को लूट और तो और यहां के बालू तक को लूट कर अपनी तिजोरी भर ली वही एक और नरेंद्र मोदी गरीब के मसीहा है जिन्होंने अभी तक 25 करोड़ लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया इसलिए झारखंड को बचाने के लिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है इंडिया गठबंधन ने राज्य की ऐसी हालत कर दी है कि हम विकास, रोजगार ,और भ्रष्टाचार ,मिटाने की कल्पना भी नहीं कर सकते । सांसद सेठ ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और मंत्री आलमगीर आलम को अभिलंब गिरफ्तार किया जाए। झारखंड की जनता ने इनके चाल चरित्र और चेहरा को देख लिया है। इस लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता इन्हें मुंह तोड़ जवाब देगी जिन्होंने झारखंड को पूरे देश में बदनाम करने का काम किया है।

---

## कार्मेल स्कूल लोवाडीह की छात्राओं का रहा बेहतर प्रदर्शन



**रांची** : आईसीएससी दसवीं परीक्षा बोर्ड का रिजल्ट सोमवार को जारी हो गया। रांची के कार्मेल स्कूल लोवाडीह की छात्राओं का अच्छा खासा प्रदर्शन रहा। जिसमें अंकित 487 मार्क्स लाकर 97.4प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। काशफ नाज 486 अंक 97.2% लाकर सेकंड, इसके अलावा भूमि कुमारी 481 तीसरे स्थान पर, करीना कुमारी 480 लाकर चौथे स्थान पर रही। इसके अलावा अन्वेषा कुमारी पांचवें स्थान पर, आयुषी सिंह, तेजस्वी सिन्हा, श्रावणी प्रिया, अंबिया इकराम, कुसुम नंदी , तनु प्रिया, आमना हुसैन, अपर्ना राज सिंह, मनीषा महतो, वर्षा कुमारी मंडल, रागिनी कुमारी, पूनम कुमारी, कुमारी इशिका, प्रतिक्षी कुमारी शामिल है। छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन आने के बाद कार्मल स्कूल की प्रिंसिपल ने सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि भविष्य में बेहतर करें हम सब की दुआ आपके साथ हैं।

---

## आज आयोजित होगा #MainBhiElectionAmbassador सोशल मीडिया हैशटैग अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत राज्य स्तर पर 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच #MainBhiElectionAmbassador विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर #MainBhiElectionAmbassador हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करने का निर्देश रांची जिला स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव द्वारा दिया गया है। स्वीप के तहत विभिन्न स्टेकहोल्डर यथा विद्यालय के विद्यार्थियों, जिला आइकॉन, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, मीडिया पर्सन, चैंबर ऑफ कॉमर्स, मजदूर यूनियन, कॉरपोरेट्स, जेएसएलपीएस, एन यू एल एम, यू एल बी, बैग आदि के माध्यम से स्वीप के तहत गतिविधियों को संचालित करा कर उक्त गतिविधियों से संबंधित वीडियो एवं फोटो आदि को दिनांक 7.5.2024 को #MainBhiElectionAmbassador के साथ संध्या 6 से 8 के बीच सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, रांची को निर्देश दिया गया है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड, रांची द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे एवं सभी मतदान केंद्रों पर बैग की बैठक दिनांक 7-5-2024 को संध्या 5:00 बजे अपराह्न के पूर्व करते हुए फोटो एवं वीडियो संध्या 6:00 से 8:00 के बीच #MainBhiElectionAmbassador के साथ अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

---

# रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 अभ्यर्थियों किया नामांकन

- नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 16 अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा
- 07 मई 2024 को होगी स्क्रूटनी
- 09 मई 2024 तक अभ्यर्थी वापस ले सकेंगे अपने नाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आज दिनांक 06 मई 2024 को 16 अभ्यर्थियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। सभी अभ्यर्थियों द्वारा जिला निवार्ची पदाधिकारी, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया।

**सोमवार 06 मई को नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं :**

- यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- प्रवीण चन्द्र महतो, निर्दलीय
- सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी

4. रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए)

- कोलेश्वर महतो, निर्दलीय
- विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी
- संतोष कुमार जायसवाल, निर्दलीय।
- अमरेंद्र कुमार, झारखंड जनक्रांति मोर्चा।
- ऐनुल अंसारी, निर्दलीय।
- संदीप उरांव, निर्दलीय।
- श्याम बिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी (पी)।
- संजय कुमार महतो, निर्दलीय।
- हेमंती देवी, समता पार्टी
- प्रेमनाथ बड़ाई, निर्दलीय।
- मंजू देवी, निर्दलीय।
- सुशील कुमार, स्वराज एकता पार्टी।

**सोमवार 06 मई से पहले नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं:**

- मिंटू पासवान
- रामहरि गोप
- अरशद अयूब, निर्दलीय
- पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
- संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी
- हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी (झा)
- अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी।
- धनंजय भगत गांधी, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल।
- मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय।
- मनोज कुमार, निर्दलीय।
- बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी।
- धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा।
- निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी।
- देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय।
- प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी।
- कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय।
- सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल।

07 मई को स्क्रूटनी, 09 मई तक अभ्यर्थी वापस ले सकेंगे नाम

रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी 07 मई 2024 को होगी। अभ्यर्थी 09 मई 2024 तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और 04 जून पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

---

## 'जे सऊ चंदा उगवह सूरज चड़हि हजार, एते चानण होदिआं गुर बिन घोर अंधार...'



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के दूसरे गुरु श्री गुरु अंगद देव जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर आज सोमवार 6 मई को सुबह 07:30 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। मोगा,पंजाब से शिरकत करने पहुंची बीबी हरप्रीत कौर जी (वाहेनुर) ने कथावाचन कर साध संगत को बताया कि श्री गुरु अंगद देव जी का मूल नाम लहना था। उनका विवाह माता खिवी से हुआ था। उनके दो बेटे थे, दातू और दासू बीबी अमरो उनकी बेटी थीं। भाई लेहना ने आसा दी वार के शबद सुने और गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से प्रभावित हुए। वह करतारपुर में गुरु नानक देव जी से मिले और उसके बाद लगभग तेरह वर्षों तक गुरु की सेवा में रहे। गुरु नानक देव जी से मिलने पर उन्हें एहसास हुआ कि मूर्तियों का जीवन में कोई मतलब नहीं है। गुरु के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें गुरु का एक आदर्श शिष्य बनने के लिए प्रेरित किया। श्री गुरु नानक देव जी ने 7 सितंबर, 1539 को भाई लहना को उनकी भक्ति और आज्ञाकारिता के कारण गुरु पद के लिए चुना और उनका नाम गुरु अंगद रखा गया। लुधियाना की बीबी अमनदीप कौर जी ने 'जे सऊ चंदा उगवह सूरज चड़हि हजार, एते चानण होदिआं गुर बिन घोर अंधार...' एवं 'वसतू अंदरि वसतु समावै दूजी होवै पासि, साहिब सेती हुकमु न चलै कही बणै अरदासि...' शबद कीर्तन से साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा।

## एक झलक

### विश्वकर्मा परियोजना में चोरों का तांडव, हजारों रुपये की सामग्री की चोरी

**धनसार (धनबाद)** : धनसार विश्कर्मा प्रोजेक्ट में रविवार की बीती रात्री चोरो के दल ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान वेल्डिंग रूम का ताला तोड़ कर हजारो रुपया का टूल्स की चोरी कर लिया। वहीं, परियोजना डिस्पेच के समीप खड़े एक ब्रेक डाउन वाहन से करीब दो सौ लीटर डीजल की भी चोरी कर चलते बने। वहीं, कुछ कर्मियों ने जब शोर मचाया तो चोरों के दल ने उल्टे ही गाली गलौज शुरू कर दिया। कर्मियों का कहना था कि परियोजना में जगह-जगह सीआईएसएफ तथा आंतरिक सुरक्षा बल की जवानों की तैनाती रहती है, इसके बावजूद चोरों का तांडव आए दिन परियोजना क्षेत्र में देखने को मिलता है। प्रबंधन चोरी गए सामानों के आकलन में जुटी हुई है। इस संबंध में प्रबंधक से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नहीं हो सका।

### सीपी चौधरी का बड़े अंतर से चुनाव जीतने का दावा

**धनबाद** : लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को तोपचांची प्रखंड के सभी पंचायत से ग्राम प्रभारी सह प्रभारी तथा बूथ कमेटी के लोग सांसद सीपी चौधरी के नामांकन के लिए तोपचांची मंडल से रवाना हुए। इनका नेतृत्व आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने किया। सर्वप्रथम मानटांड़ चौक पर स्व. विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। टुंडी विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता तोपचांची राजगंज शक्ति चौक, कतरास, महुदा मोड़ होते हुए बोकारो डीसी कार्यालय पहुंची। वही सदानंद महतो ने दावा किया कि नामांकन में अपार समर्थक पहुंची है,चुकी यह चुनाव एक राष्ट्रीय चुनाव है जो की राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि सीपी चौधरी इस चुनाव में बड़ी अंतर से जीतेंगे। इस अवसर पर अमर धीवर, अमर भारती,रमेश जयसवाल , सरयू प्रसाद महतो, गिरधारी महतो, सरोज महतो, नारायण रजवार, राजेश महतो, सोनू महतो, सुरेश महतो, ओमप्रकाश महतो, मनोज महतो, मनोज मोहाली, प्रदीप केवट, सबला महतो, सुभाष महतो, प्रकाश ठाकुर, महेंद्र वरनवाल, रमेश गोप, दुर्गा पी आदि मौजूद थें।

### लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी को मिला गुब्बारा छाप

**हजारीबाग** : गांव से लेकर शहर तक लोगों का रुझान इस बार योग्य, कर्मठ एवं समस्त हिन्दू संगठनों के चहेते निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी की तरफ देखने को मिल रहा है। शहर के खिरगांव मुहल्ले में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए श्री केशरी ने लोगों का विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुहल्ले के लोगों ने कहा कि श्री केशरी जिस विचार और भाव को लेकर समाज व क्षेत्र के विकास के लिए आना चाहते है ऐसे में हम सब को एक अवसर जरुर देना चाहिए। कोरोना महामारी के समय जिस तरह निस्वार्थ भाव से यह युवा अपनी कर्मठता के साथ सेवा भाव से लोगों के साथ खडा दिखा हमलोगों को एवं समस्त हजारीबाग की जनता को श्री केशरी को सांसद के रूप में देखना है। श्री केशरी ने इस मौके पर कहा कि क्षेत्र का विकास लोगों की जरूरतों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। श्री केशरी ने यह भी कहा कि लोगों का विश्वास इसलिए उठ गया है क्योंकि इतिहास रहा है कि नेता सिर्फ चुनाव के समय लोगों के बीच हाथ जोड़े खड़े नजर आते है। अगर वास्तव में हमें क्षेत्र का विकास करना है तो हमें ऐसे इतिहास को बदलने की जरूरत है। लोगों के साथ रहकर हमें विकास का खाका तैयार करना होगा। लोगों को जनप्रतिनिधियों के दफ्तरो का चक्कर लगाना ना पड़े बल्कि जनप्रतिनिधि के तौर पर लोगों की जरूरतों व समस्याओं को जानने के लिए आपको क्षेत्र में रहना पडेगा। क्षेत्र की जनता इस विश्वास के साथ सांसद के रूप में मुझे एक मौका देती है तो मैं विश्वास दिलाता हूँ कि इनका विश्वास टूटने नही दूंगा।

# हजारों लोगों ने एक साथ ली मतदान करने की शपथ

चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार रविवार की संध्या रणधीर वर्मा स्टेडियम में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस दौरान झूमर नृत्य एवं रॉक बैंड शो का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को लोकतंत्र के महापर्व में निर्भीक होकर और बिना प्रलोभन के मतदान करने की शपथ दिलाई। सभी दर्शकों ने अपने मोबाइल फोन का फ़्लैश ऑन कर मतदान में भाग लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रॉक बैंड ग्रुप स्पंदन और झूमर नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं उपायुक्त ने तिरंगे रंग के बैलून उड़ाकर और (वोट करेगा धनबाद) की दीपमाला प्रज्वलित कर समस्त जिले वासियों से मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। दूसरी तरफ फूड फेस्टिवल में सोनोटेल होटल्स, न्यू बोम्बे स्वीट्स, चंपारण मीट हाउस, मधुलिका स्वीट्स, साउथ का तड़का, त्रीमूर्ति कैटरर्स सहित शहर के नामी गिरामी प्रतिष्ठान के 25 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। यहां भी लोगों ने विविध व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी श्री जियाउल अंसारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम श्री शैलेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, संतोषिनी मुर्मू के अलावा डिस्ट्रिक्ट आईकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव, निधी जैसवाल के अलावा हजारों की संख्या में जिला वासी मौजूद थे।



## वोट डालने के लिए मतदाताओं को किया जागरूक, निकाली रैली



**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद)**: सोमवार को हर्ल परिसर सिंदरी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कम्पनी में कार्यरत सभी कर्मचारियों को वोट जरुर डालने की शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर मौजूद प्लांट प्रमुख सुरेश प्रमाणिक ने वोटर को जागरूक कर अपने वोट की कीमत को बताया।

शपथ ग्रहण कराते हुए एचआर हेड संत सिंह ने सभी कर्मचारियों को वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने अपने मतदान केंद्र पर वोट डालने जरुर जाए। तत्पश्चात मतदान जागरूकता अभियान के तहत एक रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में हर्ल कर्मचारी सहीत सभी निविदा कर्मी भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए विधायक ने बनायी रणनीति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भौरा (धनबाद)** : झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह कि उपस्थिति में सोमवार को ऑफिसर्स क्लब भौरा प्रांगण में लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक हुई। अध्यक्षता सुबोध सिंह ने किया। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने लोकसभा चुनाव 2024 की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान कर भारी से भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। मौके पर कमल सिंह, शुभम रवानी, रवि रजक, तारा कुमार मोहली, शबीर अंसारी, नसीर खान, शकील अंसारी, इकबाल अंसारी, आबिद अंसारी, इफ्तिकार अंसारी प्रमुख हैं। साथ ही दिनांक 11 मई को भौरा बड़ा बंगला मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी के उपस्थिति में होने वाली विशाल सभा के आयोजन के संबंध में भी चर्चा हुई।

बैठक के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी सतीश रजक, अभिषेक सिंह, चंद्रावती देवी तथा निवर्तमान पार्षद चंदन महतो ने संबोधित करते हुए माननीय विधायक जी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन करने का आह्वान किया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, शेख अमजद, बबलू दुबे, सुनील पासवान, हरेंद्र यादव, विक्की रवानी, मो० आलम, राजीव सिन्हा, राजू यादव, रोहित विश्वकर्मा, गुलशन सरकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अनुपमा सिंह के समर्थन में धनबाद में पप्पू यादव ने किया जनसम्पर्क



**धनबाद** : बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे पूर्व सांसद पप्पू यादव सोमवार को धनबाद पहुंचे। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में पहुंचे पप्पू यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा की भाजपा की 400 सीट का नारा हवा हवाई है, वह 220 सीट पर सिमट कर रह जायेगी। इस बार इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने जा रही है। धनबाद पहुंचने के बाद वह सबसे पहले बारामुड़ी खटाल पहुंचकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पुरे क्षेत्र की महिलाओ ने पप्पू यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। फिर सभी ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पप्पू यादव अपने चिरपरिचित अंदाज में खाट पर बैठकर चावल, दाल और सब्जी खाया। उनके साथ जिला अध्यक्ष संतोष सिंह और सुंदर यादव भी मौजूद थे। बाद में बच्चों के संग तस्वीर भी साझा की। फिर लोगों से अनुपमा सिंह को वोट देने की अपील की।

### धनबाद लोकसभा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए विशाल वाल्मीकि ने लिया संकल्प

**धनबाद** : विशाल फोर्स संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने सोमवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से मुलाकात कर धनबाद लोकसभा से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को अपना समर्थन दिया। साथ ही बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा कर विचार विमर्श किया गया। साथ ही धनबाद लोकसभा से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए विशाल फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने संकल्प लिया। इस दौरान विशाल फोर्स संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने कहा कि विशाल फोर्स संगठन एक सामाजिक संगठन है, जो समाजिक सेवा में अग्रसर है।

## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : आजाद नगर जोड़ापोखर में सामाजिक संस्था हाड़ी जाति सुधार समिति पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष राजू हाड़ी, झरिया प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश हाड़ी, संगठन सचिव पेंटर हाड़ी,कार्यालय सचिव आशीष हाड़ी, कोषाध्यक्ष शिबू हाड़ी, उप संगठन सचिव राजू हाड़ी व सक्रिय सदस्य अजय हाड़ी को बनाया गया। सभी नव मनोनीत युवाओं को माला पहनकर समिति में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण करके की गई।

इस दौरान कार्तिक हाड़ी ने कहा कि समिति में सभी जो मनोनीत युवा अपने-अपने पदों का समाज के उत्थान सहित ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें,तथा निकट आने वाले लोकसभा चुनाव में समाज के सभी लोगों को मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भोला हाड़ी, कोषाध्यक्ष विजय हाड़ी, कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी, संगठन सचिव डब्लू हाड़ी, अप संगठन सचिव बादल हाड़ी, मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी, सूचना मंत्री विकास हाड़ी वह सिद्धार्थ हाड़ी मौजूद थें।

# जिसके हाथ में कमल का निशान है, वह भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी

चुनाव




**झरिया (धनबाद)** : सोमवार को अग्रवाल धर्मशाला झरिया में शक्ति केंद्र कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं द्वारा लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक मतों से जिताने का संकल्प लिया। भाजपा नेता प्रतिपक्ष श्री अमर बाउरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से समाज के लिए कार्य करता है। जनता के बीच हमलोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को लेकर जा रहा हैं। जिसके हाथों में कमल का निशान हैं वह भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में झरिया से कमल खिलेगा। उन्होंने बूथ के पदाधिकारीयों को सक्रिय करते हुए वोटर्स से संपर्क करने को कहा। भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने का आह्वहन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिए है। धारा 370, राम मंदिर निर्माण सहित देश का विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में निरन्तर बढ़ना अनेकों निर्णय है जहाँ आज भारत का सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस ने साढ़े चार साल में गठबंधन की सरकार में सिर्फ झारखंड में भ्रष्टाचार और दोहन ही किया है। उन्होंने कहा कि आज देश की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं, उन्हें जन जन तक पहुंचाना है।

### सात दिवसीय शिविर के प्रथम दिवस पर हुई साफ-सफाई

**विष्णुगढ़** : बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के प्रथम दिवस पर नावाटांड़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर और पूरे गांव में स्वयंसेवकों के द्वारा साफ सफाई की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कु० चतुर्वेदी ने कहा कि स्वच्छता दैनिक जीवन की आवश्यक आदत और सिख देती है। उपस्थित रहने वालों में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा, बनासो पंचायत मुखिया चंद्रशेखर पटेल, सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, ओमकारनाथ शर्मा, अशोक झा, वीरेन्द्र देव, शशि देव, सरोज श्रीवास्तव, चंदन कुमार राजेश कुमार, प्रवीण कु० जायसवाल, सौरभ सुमन, सुनीता, सीमा, आजाद एवं स्वयंसेवक के तौर पर सभी सत्र के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

# नकली पेय बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : गोविंदपुर पुलिस ने टुंडी रोड बरियो मोड़ के समीप चल रहे नकली पेय पदार्थ बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन एवं बड़ी मात्रा में नकली पेय पदार्थ बरामद किया।

डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती ने गोबिंदपुर थाना में सोमवार को प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया की लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर जिले में छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस को मिली गुप्त सूचना पर, गोविंदपुर पुलिस ने छापेमारी कर कई कंपनी के नकली पेय पदार्थ बनाने वाली मशीन, कई तरह के केमिकल, पेकिंग किया हुआ फ्रूटी, सहित, दूसरी कंपनी के भी पेय पदार्थ के साथ रेपर, बोतल, ढक्कन बरामद किया गया है। छापेमारी में फैक्ट्री का संचालन करने वाले टीटीचापुरी निवासी 58 वर्षीय श्याम पद मंडल एवं 31 वर्षीय मनोज कुमार मंडल जो पिता-पुत्र है दोनो को गिरफ्तार किया गया। बताया गया की ये भाड़े के मकान में कई वर्षों से अवैध फेक्ट्री चला रहा था। गिरफ्तार पिता, पुत्र ने बताया की युटुब पर देख कर सिखा कर बनाने लगा, जब बिक्री होने लगी तो काफी मात्रा में निर्माण करने लगे। डीएसपी ने बताया की ये नकली पेय पदार्थों पीने से बच्चे सहित अन्य को काफी नुकसान हो सकता है।

## मासस प्रत्याशी पहुंचे वासेपुर, मांगा आशीर्वाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : नामांकन दाखिल करने के बाद मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने अपना दौरा तेज कर दिया है। वे मतदाताओ से मिल कर अपने पक्ष में मतदान करने की भी अपील कर रहे हैं। रविवार की देर रात मासस प्रत्याशी का काफिला मुस्लिम बहुल क्षेत्र वासेपुर पहुंचा। वे यहां ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद के आवास पहुंचे और मासस के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दैरान श्री अहमद ने प्रत्याशी को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। दोनो नेताओं के बीच लंबी बातचीत का दौर चला। इस दौरान जगदीश रवानी ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों को केवल वोट बैंक बना कर इस्तेमाल कर रही है। वहीं, भाजपा भी मुसलमानों के खिलाफ आग उगल रही है। ऐसे में मासस एक बढ़िया विकल्प है। उन्होंने कहा कि अगर वे चुनाव जीते तो धनबाद का नक्शा बदल देंगे। इस मौके पर डॉ. संजय कुमार रजक, आमिश खान, शादाब आलम, नुमान, मनव्वर, आरिफ, तनवीर आदि मौजूद थे।

### मनीष जायसवाल के जनसंपर्क में उमड़ती है अपार भीड़

**दारू** : भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रविवार की शाम को दारु प्रखंड के रचंगा, कंजिया, दिगवार, कवालु, रामदेव खैरिका, गोपलो, हरली, पेटो आदि क्षेत्रों का दौरा किया। भाजपा प्रत्याशी का दौरा के दौरान बड़ी संख्या मे ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी का बेहद ही गरमजोशी से स्वागत किया। इस दौरान वोटरो का मिल रहे भरपुर समर्थन से उत्साहित प्रत्याशी ने कहा की पूरे क्षेत्र से जनता का भरपुर सहयोग मिल रहा है। आजादी के बाद काफी वर्षो तक कोंग्रेस पार्टी का शासन रहा जिसकी गलत नीतियों के कारण देश का पुरा विकाश नही हो पाया। भारतीय जनता पार्टी का देश मे 15 वर्षों तक शासन रहा जिसमे देश ने अभूतपूर्वक विकास किया।

# दुर्घटनाओं के मामले में जल्द हो मुआवजा का भुगतान



लोक अदालत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सिविल कोर्ट धनबाद में आठ जून 24 को एक दिवसीय मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने इंश्योरेंस कंपनियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत में कराएं ताकि पक्षकारों को परेशानी ना हो,और उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। बैठक के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ढीले ढाले रवैया के कारण इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि 8 जून को मोटर यान दुर्घटना दावा अधिनियम के मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत लगाई गई है जिसके लिए 3 जून से लेकर 7 जून तक प्री सिटिंग बैठक भी आयोजित की गई है। न्यायिक पदाधिकारी को भी जिला जज ने निर्देश दिया है कि वह मोटर यान दुर्घटना दावा के वैसे मामलों को चिन्हित करें जिनका निपटारा लोक अदालत में किया जा सकता है।

## सड़क दुर्घटना में दो बहनों की हुई मौत

**धनबाद** : धनबाद सदर थाना क्षेत्र के बिरसा मुंडा पार्क के समीप एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। सोमवार को सड़क हादसे में दो बहनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन कर जमकर बवाल काटा। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को भी विरोध का सामना करना पड़ा। जिसके बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित कर लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। मृतकों में दोनों सगी बहनें हैं। बताया जाता है की छोटी बहन को बड़ी बहन स्कूल से लेकर स्कूटी से घर लौट रही थी, तभी बिरसा मुंडा पार्क के समीप एक तेज रफ्तार से स्कॉर्पियो डिवाईडर के दुसरी तरफ से जा रही स्कूटी को टक्कर मार दी।

# अंतिम दिन 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन, 07 मई को नामांकन पत्रों की होगी स्क्रूटनी

चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 10 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची निर्वाचन पदाधिकारी के कक्ष में मौजूद थे। सोमवार को मोहम्मद एकलाक अंसारी, तुलसी महतो, निताई दत्ता, हीरा लाल शंखवार, मोहम्मद फैसल खान, मोहन सिंह, मोहम्मद तफाजुल हुसैन, अकबर अली, त्रिदेव कुमार महतो तथा गौतम कुमार महतो ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी शुरू की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री अनूप खिनची, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।



### मथुरा महतो के नामांकन में शामिल हुए हजारों कार्यकर्ता

**बाघमारा (धनबाद)** : गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन में हजारों हजार की संख्या में बाघमारा, हरिना, झग्रही, बेहराकुदार, श्यामडीह, राहुलचौक कतरास बाजार एवं अन्य क्षेत्रों से कार्यकर्ता सोमवार को शामिल हुए।

### एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी केकी नामांकन सभा में जदयू के हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल



**बाघमारा (धनबाद)** : सोमवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी के नामांकन सभा में जदयू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के जदयू कार्यकर्ता प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में जुलुस के शक्ल में सभा स्थल पर पहुंचे। सभा जैंनामोड़ मैदान में आयोजित हुआ। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश का निर्माण भाजपा, जदयू और आजसू के सहयोग से हुआ है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भ्रष्टाचार मुक्त और परिवारवाद के विरुद्ध राजनीति के लिए गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को 25 मई को केला छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किए हैं। नामांकन सभा में मुख्य रुप से जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, पूर्व जिला परिषद सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, फूलचंद दास, गुड्ड सिंह, राहुल राय ,सुखदेव दास,महेंद्र दास ,सीता देवी, तोपचांची प्रखंड अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष मिठु रजवार, आदि हजारो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सम्पादकीय.....

### प्रज्वल की प्रज्वलता !

**लोकसभा** चुनाव से ठीक पहले प्रज्वल रेवन्ना वीडियो प्रकरण ने कर्नाटक की राजनीति में भूचाल ला दिया है। हालांकि, पार्टी ने सहयोगी दल भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के दवाब में कार्रवाई अवश्य की है। ठीक चुनावों के बीच जिस तरह के संगीन आरोप लगे और विवाद खड़ा हुआ, उसके बाद हासन लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद, इन चुनावों में प्रत्याशी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ की गयी जेडीएस की कार्रवाई स्वाभाविक ही कही जायेगी। लेकिन, सवाल यह है कि यदि अभी कर्नाटक में मतदान शेष नहीं होता और विपक्षी कांग्रेस के साथ ही सहयोगी भाजपा की भी दबाव नहीं होता, तब भी क्या पार्टी नेतृत्व का यही रवैया होता? दरअसल, मंशा पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं, क्योंकि इस मामले की सुगबुगाहट पिछले साल जून महीने से ही थी। तब प्रज्वल रेवन्ना ने न्यायालय का रुख किया था। उन्होंने न्यायालय से मांग की थी कि उनसे जुड़े कुछ फेक वीडियो हैं, जिन्हें पब्लिश करने से मीडिया संस्थानों को रोका जाये। कर्नाटक में भाजपा का जेडीएस के साथ गठबंधन है। हासन के एक स्थानीय भाजपा नेता ने आम चुनावों से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए। वीडियो सामने आने के बाद जेडीएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी की प्रतिक्रिया भी निराश करनेवाली ही रही। उन्हें इस प्रकरण में बड़ी बात यही दिखी कि वीडियो हासन में वोटिंग के पहले क्यों रिलीज किये गये। साथ ही, उनकी चिन्ता थी कि केस से देवेगौड़ा का नाम नहीं जोड़ा जाये। आरोपी प्रज्वल ने जब वीडियो पब्लिश होने से रोकने के लिए न्यायालय का रुख किया था, तो उनकी अपनी चिन्ता अपनी इमेज को लेकर थी। इन सबके बीच पीड़ित महिलाओं का दर्द कहीं खो जाता है। क्या उनकी छवि-प्रतिष्ठा के कोई मायने नहीं? सबसे दुखद पहलू यह है कि इस पूरे प्रकरण का घटनाक्रम चौंकाता नहीं है। यह आम बात लगने लगी है। शक्तिशाली नेता...मजबूर महिलाएं...और, कमजोरों की अनदेखी करनेवाला सिस्टम। इसके साथ ही हाल के कितने सारे मामले ध्यान में आ जाते हैं। कुछ ही समय पहले ऐसे ही आरोपों के साथ देश के जाने-माने और ओलिम्पिक मेडल विनर पहलवान सड़क पर उतरे थे। उन्हें भी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक जाना पड़ा था। इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना बताता है कि कुछ शक्तिशाली लोग स्वयं को नियम-कानून से ऊपर समझते हैं और तंत्र अपने लुंज-पुज व्यवहार से उनकी इस समझ को मजबूती देता है। दरअसल, दिक्कत सामाजिक परिवेश में भी है, जहां एक महिला के लिए अपनी लड़ाई लड़ना मुश्किल होता है। लड़ाई में साथ देना तो दूर, उसे भावनात्मक समर्थन भी नहीं मिल पाता। अतः, आवश्यक है कि इस प्रकरण की तह में जाया जाये। ऐसा करके ही संदर्भ के सच का पता लगाना सम्भव हो पायेगा। लब्बोलुआब यह कि सच को सामने लाने के साथ ही दोषी के खिलाफ जल्द से जल्द समुचित कार्रवाई हर हाल में की जानी चाहिए।

## कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

विशेष — ललित गर्ग

> इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस की लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की सम्भावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होनेवाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को वोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।

**लोकसभा** के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन ह्यइंडियाह्ल को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने ह्यनाइंसाफीह्ल के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है। आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है? राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दशार्ता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं? भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं।

## जनता-जनार्दन की जय !

गौरतलब — गिरीश्वर मिश्र

> राष्ट्र की जगह दलों की अपनी निजी क्षेत्रीय सत्ता की सुरक्षा पहली वरीयता है। उनका भविष्य वहीं पर है, इस सच्चाई के साथ वे समझौता नहीं कर पा रहे और बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इस तरह एक विलक्षण प्रकार का सहयोग और कलह का मिला-जुला नक्शा उभर रहा है, जिसके तहत इंडी की सहयोगी पार्टियों के बीच आपसी समझौते पूरे देश के लिए नहीं, बल्कि सीमित और क्षेत्र-विशेष तक चुकने लगे। इसका परिणाम है, वे ही दल एक जगह अगर एक दूसरे के विरोधी हैं, तो दूसरी जगह सहयोगी हैं।

**इस** बार देश में चल रहा चुनावी महाभारत कुछ ज्यादा ही लम्बा खिंच रहा है और कई महारथी पशोपेश में पड़ते दिख रहे हैं। सेनापतियों पर शामत आ रही है कि वे अपनी-अपनी सेना को कैसे संभालें? तेज गर्मी और लू के मौसम में महीने भर से कुछ ज्यादा चलने वाले गणतंत्र के इस लोक-उत्सव में राजनीतिक पार्टियों को बीच-बीच में सांस लेने का अवसर मिल पा रहा है यह कुछ राहत की बात है। पर 'स्टैमिना' बनाए रखने के लिए जरूरी राजनीतिक दांवपेंच कम पड़ रहे हैं और कई दलों की तैयारी कुछ ढीली पड़ती नजर आ रही है । बेहद बुजुर्ग हो रहे नेताओं को कमान संभालने में थकान भी जाहिर है पर अगली (या दूसरी) कतार के नेता ज्यादातर बयानबाजी में मशगूल हैं । चूंकि बहुत से नेता ऊपर से थोपे हुए हैं उनकी जन-रुचि बेहद सतही होती है और उनके खोखले हो रहे जन-लगाव की पोल जल्दी ही खुलती जाती है। ऐसे में नेतागण पर थोड़ी देर के लिए ही सही सार्थक प्रयोजन खोजने का दबाव और बेचैनी बढ़ती जा रही है। इस प्रयास में वे तथ्यों को तोड़मोड़ कर और इतिहास की यथेच्छ प्रस्तुति और व्याख्या करने में जुट जाते हैं। अपने सामने वाले को पटखनी देने, कमजोर साबित करने और वोट काटने के लिए नए-नए पैंतरे ढूढते रहना उनके लिए मजबूरी हो गई है । सत्तारूढ़ दल एक दशक तक का रिपोर्ट कार्ड पेश कर आर्थिक प्रगति, समाज के उपेक्षित जनों के लिए सुविधाओं का विस्तार, आईआईएम, आईआईटी और एम्स जैसी संस्थाओं का निर्माण, स्वदेशी उत्पादन और निर्यात में वृद्धि, कश्मीर के मसले में प्रगति, राम मंदिर निर्माण, एक्सप्रेस-वे का विस्तार आदि को अपने हिस्से की उपलब्धि के रूप में पेश कर रहा है। जनता भी बदलाव महसूस कर रही है। पर यह भी हकीकत है कि संसद में सत्ता पक्ष को चुनौती देने के लिए प्रतिपक्ष भी होना चाहिए। चुनावी मौसम आने पर मजबूत सत्ता पक्ष को चुनौती देने के लिए कई विपक्षी दलों का एक गठबंधन 'इंडी' खड़ा हुआ । इंडी में शुरू से ही आपसी सहमति और संवाद का अभाव बना रहा है। चुनाव के बीच राजनीतिक पार्टियों के बीच जिस किसी तरह बना सहयोग अभी तक इस अर्थ में बहुत हद तक दिशाहीन है कि साझे का कोई एक फामूर्ला नहीं बन सका है और न कोई दृष्टि ही पनप सकी है ।

## आज का इतिहास

- कॉर्नलीस एस गोयर ने 1638 में मॉरिशस पर कब्जा किया।
- लंदन में 'रॉयल' नाम का पहला थियेटर 1663 में खुला।
- फ्रांस के सम्राट लुई चौदहवें ने 1664 में 'वर्साय पैलेस' का उद्घाटन किया।
- रूस की महारानी कैथरीन प्रथम ने 1727 में यूक्रेन से यहूदियों को बाहर करने का आदेश दिया।
- तुर्की राज्य बुकोविना 1775 में आस्ट्रिया से अलग हुआ।
- अमेरिका में इंडियाना प्रांत का 1800 में गठन किया गया।
- यूनान 1832 को स्वतंत्र गणराज्य बना।
- सिसली द्वीप के पास 1875 में जर्मनी का जहाज डूबा, जिसमें 312 लोग मारे गये।
- रूस के पितेरबुर्ग (सेण्ट पीटर्सबर्ग) नगर में एक इलैक्ट्रिक इंजीनियर अलेक्सान्दर पपोफ ने रेडियो की तरह के एक उपकरण का प्रदर्शन 1895 में किया था।
- बम्बई में पहली इलेक्ट्रिक ट्राम कार का संचालन 1907 में हुआ।
- फिलीपींस में 1934 में विश्व में सबसे बड़े आकार का मोती प्राप्त हुआ।
- विंस्टन चर्चिल 1940 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
- इंटीग्रेटेड सर्किट का कॉन्सेप्ट पहली बार जेफ्री डमर ने 1952 में प्रकाशित किया।
- अरुणाचल प्रदेश की नयी राजधानी की आधारशिला 1973 को ईटानगर में रखी गयी।
- अमेरिका ने वियतनाम युद्ध के समाप्ति की 1975 में घोषणा की।
- एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को 1976 में अपने आविष्कार का पेटेंट मिला, जिसे उन्होंने 'टेलीफोन' (दूरभाष) का नाम दिया।
- भारतीय मूल के लेखक सलमान रश्दी के खिलाफ ईरानी फतवे के बाद 1989 में ब्रिटेन और ईरान के बीच राजनयिक सम्पर्क टूट गया।
- स्काटलैंड संसदीय चुनावों में लेबर पार्टी को 1999 में सफलता मिली।
- ब्लादिमीर पुतिन ने 2000 को रूस के 10वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार सम्भाला।

## ● किसने क्या कहा



21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को करें तैयार

**द्रौपदी मुर्मू**
राष्ट्रपति

शिक्षा प्रगति, सशक्तीकरण और सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला है



**जगदीप धनखड़**
उपराष्ट्रपति

## अंकजाल - 7540

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 15 | 38 | 36 | ■ | ■ | 27 | 16 | ■ |
| 20 | | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 5 | 21 |
| 22 | 4 | | 2 | | ■ | | 8 | | 20 |
| ■ | | 3 | | 2 | | 3 | | 2 | 34 |
| ■ | ■ | ■ | 6 | | 9 | | 7 | | 34 |
| 34 | | 7 | | 5 | | 8 | ■ | ■ | ■ |
| 43 | 9 | | 3 | | 5 | | 7 | | ■ |
| 15 | | 4 | | ■ | | 5 | | 6 | 24 |
| 18 | 4 | | 8 | ■ | 7 | | 5 | | 21 |
| ■ | 24 | 19 | ■ | ■ | 40 | 41 | 20 | 15 | ■ |

*अंकजाल 7539 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 22 | 19 | 22 | ■ | 23 | 22 | 17 | 16 | ■ |
| 14 | 7 | 2 | 5 | ■ | 7 | 8 | 9 | 2 | 26 |
| 16 | 3 | 8 | 5 | ■ | 6 | 7 | 3 | 6 | 22 |
| 18 | 5 | 4 | 9 | ■ | 2 | 7 | 5 | 8 | 22 |
| 25 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 3 | 4 | ■ | ■ | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 27 |
| 18 | 7 | 2 | 5 | 4 | ■ | 5 | 2 | 5 | 12 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 3 | 18 |
| ■ | 21 | 11 | 13 | 27 | ■ | 28 | 26 | 16 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## भय को निकालें

**जब** क्रियता का संवेदन होता है तो अक्रियता का संवेदन भी होगा। हमारे सारे तनाव इस परिधि में हो रहे हैं। क्रियता का संवेदन हो, क्रिय मिले, क्रिय को वियोग न हो और अप्रियता का योग न हो। बस, सारी तनाव की यह सीमा है। इसी सीमा में सारे तनाव प्रकट हो रहे हैं। पर मूल में जो छिपा हुआ कारण कार्य कर रहा है, वह मात्र एक ही है- प्रियता का संवेदन, अप्रियता का संवेदन। अब यह संवेदन है तो भय भी पैदा होगा। एक छोटी सी कहनी है। एक आदमी बहुत डरता था। वह समझदार आदमी के पास गया जो मंत्र को जानता था। उसके पास जाकर बोला, मुझे डर बहुत लगता है। उसने ताबीज बना दिया और कहा, इसको बांध लो। तुम्हारा डर समाप्त हो जाएगा। ताबीज बांध लिया। डर लगना कम हो गया। पर मंत्र जानने वाला व्यक्ति कुछ दिन बाद ही आया और पूछा- भाई! अब डर तो नहीं लगता? उसने कहा, जो काल्पनिक था, वह तो नहीं लगता किन्तु एक डर और पैदा हो गया। निरन्तर मन में भय बना रहता है कि कहीं ताबीज गुम न हो जाए। एक भय तो समाप्त हुआ, दूसरा भय और आ गया। जब यह दृष्टि मूल में बनी रहती है कि प्रिय का वियोग न हो जाए, अप्रिय का योग न हो जाए, तब भय अनिवार्य है। उस मूल कारण से तनाव पैदा होता है। जब प्रिय संवेदन की भावना है, उसका तनाव भी पैदा होता है।

## सुविचार

उत्तम पुरुषों की सम्पत्ति का मुख्य प्रयोजन यही है कि औरों की विपत्ति का नाश हो।

**रहीम**

कबिरा घास न निन्दिये जो पांवन तर होय। उड़ि कै परै जो आंख में खरो दुहेलो होय?

**कबीर**

## राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!

सुरेश हिंदुस्तानी

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा।
क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।
कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए। ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है।
कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा।

## ओवैसी! देश से झूठ मत बोलो, मोदी राज में ही हुआ है मुसलमानों का सही विकास

गौरतलब — डॉ. मयंक चतुर्वेदी

> मोदी की सरकार ने मुस्लिम युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से इस स्कीम को शुरू किया है। मुस्लिम युवाओं को कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रोत्साहित करने के साथ ही प्रशिक्षित 75 प्रतिशत मुस्लिम युवाओं को रोजगार मुहैया कराने की अनिवार्यता इसमें रखी गयी है। ईदी योजना पर कोई बात नहीं करता, किन्तु केन्द्र की मोदी सरकार पांच करोड़ मुस्लिम विद्यार्थियों को 'प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति' देने का कार्य इसके अंतर्गत होता है। इस योजना में खास बात यह है कि योजना का लाभ उठानेवाले में 50 प्रतिशत मुस्लिम छात्राएं ही होती हैं।

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा भारत में मुसलमानों की स्थिति की तुलना तानाशाह एडॉल्फ हिटलर के दौर में जर्मनी में यहूदियों से की जा रही है। ओवैसी अपने भाषणों में कह रहे हैं, 'ाज के भारत में मुसलमानों की स्थिति वैसी ही है जैसी स्थिति 1930 के दशक में हिटलर के दौर में यहूदियों ने देखी या अनुभव की थी। गैस चैंबर आखिरी पड़ाव था, उससे पहले फिल्में बनती थीं, नफरत फैलाने वाले भाषण होते थे, इसकी एक पूरी प्रक्रिया थी। चुनाव जीतने के लिए मुसलमानों को घुसपैठिया कहा जा रहा है । हिटलर भी यहूदियों के लिए यही कहता था कि वे मूल जर्मन नहीं थे।'
वस्तुतः असदुद्दीन ओवैसी के नफरती भाषण की तरह ही कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन के कई नेता मुलसमानों के विकास को लेकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार को घेर रहे हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी की नजरों में मुसलमानों के अपराधी हैं । किंतु क्या वास्तविकता में ऐसा है? देखा जाए तो हकीकत इसके उलट है। विकास के आंकड़े खास तौर पर मुसलमानों को लेकर बता रहे हैं कि उनका हर तरह से विकास मोदी युग के भारत में संभव हुआ है, जोकि इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला। पहले पांच साल में मोदी सरकार ने इस समाज के लिए 22 हजार करोड़ रुपये की अलग-अलग योजनाएं शुरू की थीं। सरकार ने कानून बनाकर तीन तलाक को खत्म किया। हज कोटे को दो लाख तक बढ़ाया गया था। इसके बाद तो जैसे एक के बाद एक नई योजनाएं एवं कार्य मुस्लिमों के हक में मोदी सरकार द्वारा किए जाने की झड़ी सी लगते हुए देखा गया है । प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना, उस्ताद योजना, मुद्रा योजना समेत जितनी भी योजनाएं केंद्र सरकार की चल रही हैं उसका सबसे ज्यादा लाभ जनसंख्यात्मक आंकड़ों में मुसलमानों को ही मिला है। उड़ान योजना में सरकार ने मुस्लिम छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई है। इस स्कीम के तहत घर में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले मुसलमान विद्यार्थियों को 1500 रुपये और बाहर रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को 3000 रुपये दिए जा रहे हैं। शादी शगुन योजना के तहत ग्रेजुएशन करने वाली मुस्लिम लड़कियों को 51000 रुपये की राशि शादी शगुन के तौर पर देने का काम किया जा रहा है। इसी प्रकार की एक उस्ताद योजना है जोकि मुस्लिम कारीगरों को और ज्यादा एक्सपर्ट बनाने के लिए उन्हें ट्रेनिंग देने का काम करती है। इसके तहत कारीगरों को मुसलमानों के पारंपरिक कला और हस्तकला को धार देने के लिए कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित करने का काम किया जा रहा है। इस दृष्टि से एक योजना सीखो और कमाओ योजना को भी देखा जा सकता है।

## राशिफल

**मेष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनायें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**वृष** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मिथुन** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**धनु** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न हो जायेंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कर्क** — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मकर** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**सिंह** — 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कन्या** — जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे।

**मीन** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की सम्भावना है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### मनिका पुलिस ने 03 आरोपियों के घरों में चिपकाये इश्तेहार

**मनिका/लातेहार** : मनिका थाना अंतर्गत जन्हो पंचायत के पटना ग्राम निवासी ब्रह्मदेव सिंह,बिनोद सिंह तथा उपेंद्र सिंह इन तीनो आरोपी पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहे थे। हालांकि मनिका पुलिस द्वारा कई बार इन्हे गिरफ्तार करने की कोशिश किया गया परंतु लगातार फरार रहने के कारण इनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। वहीं कोर्ट से आदेश आने मिलने के बाद मनिका थाना के एस आई अनुराग कुमार पुलिस बल के साथ वर्षों से फरार चल रहे सभी नामदर्ज आरोपियों के घर पहुंचकर घर के बाहर दीवार पर इस्तेहार चिपका दिया तथा परिजनों को कहा कि नामदर्ज सभी आरोपियों को परिजन जल्द से जल्द प्रस्तुत करें।

### बलिदानियों की भूमि रही है चतरा : सच्चिदानंद पाण्डेय

**चतरा** : शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय और उनके परिवार के साथ दिल में संजोए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम युद्ध की भूमि ऐतिहासिक तालाब जहां शहीद जय मंगल पांडेय और नादिर अली खा के साथ 150 से ऊपर भारतीयों को फांसी पर लटका दिया गया था।चतरा पहुंचे चंडीगढ़ के वैदिक ब्राह्मण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा उनकी पत्नी रेणु शर्मा अमन शर्मा रिया शर्मा के साथ रहे शहीद जय मंगल पांडेय के पूरे परिवार राजकुमार शर्मा ने कहा की आज जिन बलिदानियों की वजह से देश आजादी का जसन मानते है आज इन्ही क्रांतिवीरों की वजह से आजादी की खुली सांस ले पा रहे है।झारखंड के चतरा का इतिहास भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के गौरव शाली इतिहास है लेकिन आज इस स्थल को नमन करते हुवे जो महसूस कर रहा हु की इस ऐतिहासिक स्थल की राष्ट्रीय पहचान होनी चाहिए थी आज इसका कोई विकाश स्थानीय सांसद विधायक या प्रशासन के द्वारा नही किया गया न चतरा की इतिहास की पहचान को लोगो तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है।

### देशहित में भाजपा के पक्ष में करें मतदान : नवीन तिवारी

**मेदिनीनगर** : सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी ने सोमवार को बयान जारी कर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का घोषणा किया। श्री तिवारी ने बयान जारी कर बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देशहित के लिए भारतीय जनता पार्टी आज देश की जरूरत है।उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव में बीडी राम की जीत सुनिश्चित है। बीडी राम के नेतृत्व में पलामू लोकसभा क्षेत्र का लगातार उत्तरोत्तर विकास हो रहा है ऐसे में उन्होंने पलामू लोकसभा क्षेत्र वासियों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज पुरा विश्व मंदी के दौर से गुजर रहा है ऐसे में एक मजबूत सरकार की आवश्यकता है और वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी ही सर्वोत्तम विकल्प है। श्री तिवारी पलामू लोकसभा क्षेत्र वासियों के युवाओं के बीच अच्छी पकड़ रखते हैं और वे लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका में रहते हैं।

### पलामू-सतबरवा की माता-बहनों ने गले लगा कर अपना बनाया : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर** : आज प्रथम महापौर अरुणा शंकर भाजपा प्रत्याशी माननीय श्री बी डी राम जी के लिए वोट मांगने सैकड़ो समर्थकों के साथ सतबरवा पहुंची जहां आशीष सिंहा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पोचि ग्राम में भव्य स्वागत किया गया उसके उपरांत मंडल अध्यक्ष विजय पाठक सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं की उपस्थिति में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूरे सतबरवा बाजार मैं गाजे बाजे के साथ रोड शो की और घर-घर जाकर माताएं , बहने, महिला, पुरुष, वृद्ध , युवा एवं व्यवसाईयों से आशीर्वाद लेते हुए। बी डी राम जी को अपना कीमती वोट देकर अपार मतों से विजय बनाने का अपील कि इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा सतबरवा से जो कल मुझे प्यार मिला उसे भूल नहीं पाऊंगी।

---

### सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल ने की सभी कोषांगों की समीक्षा

# आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : चतरा लोकसभा क्षेत्र, सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह के द्वारा सामान्य प्रेक्षक को 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधान सभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी कोषांग द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक के द्वारा सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार से समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगों की समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियो को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी कोषांग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधान सभा क्षेत्रों के मतदाताओं की संख्या तथा जेंडर रेशियो की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक के द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित हो, ताकि मतदाताओं व मतदान कर्मियों को कठिनाई न हो। सामान्य प्रेक्षक महोदय को मतदान के दिन व्हीलचेयर की उपलब्धता, प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी, वाहन कोषांग के तहत वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, सामग्री व आइटी कोषांग द्वारा की गयी तैयारियों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया।उन्होंने आदर्श आचार संहिता की निगरानी, मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा व्यय पर सतर्कता, सी विसिल पोस्टल बैलेट, स्वीप गतिविधि, पेड न्यूज से संबंधित विषयों पर तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं के प्रावधान, व्यय निगरानी सेल की कार्यप्रणाली, मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, सेक्टर और जोनल अधिकारियों की नियुक्ति व अन्य आवश्यक पहलू के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने एआरओ और नोडल अधिकारियों से चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों का पालन करने को कहा। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक के द्वारा सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कोषांग के कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों का किया गया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सभी वरीय पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी/सहयोगी पदाधिकारी सभी कोषांग के, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़, माइक्रो आब्जर्वर समेत निर्वाचन के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## आज संध्या 06 से लेकर 08 बजे तक सोशल मीडिया पर चलाया जायेगा हैश टैग अभियान



**गुमला** : राज्य में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में 7 मई 2024 को संध्या 6 बजे से 8 बजे तक स्वीप गतिविधि के तहत सोशल मीडिया पर "#MainBhiElectionAmbassador" हैश टैग अभियान का आयोजन किया जाएगा। गुमला जिले में इस अभियान के सफल आयोजन हेतु आज जिला स्वीप प्रभारी पदाधिकारी अलीना दास द्वारा जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी शुशील कुमार एवं सीएससी मैनेजर रंजन नन्दा के सहयोग से विभिन्न प्रखंड / अंचल स्तरीय कंप्यूटर ऑपरेटर्स, JSLPS के तकनीकी कार्य में संलग्न कर्मियों एवं शिक्षा विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर्स एवं तकनीकी कर्मियों का गूगल मीट के माध्यम से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा आयोजित राज्य भर में संचालित इस अभियान के तहत जिले के सभी लोग इस सोशल मीडिया अभियान में जुड़ सकते हैं। "#MainBhiElectionAmbassador" अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों और कॉलेजेस के विद्यार्थियों , इंटरनेट इनफ्लुएंसर्स, जिले में सेलिब्रिटी समेत सभी लोगों इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। सभी लोग चुनाव से जुड़े फोटो अथवा वीडियो को ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम ,यूट्यूब पर शेयर करते हुए दिए गए हैशटैग का उपयोग करते हुए पोस्ट कर राज्य चुनाव आयोग के इस अभियान में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। इसमें वोटर स्लिप के साथ सेल्फी , चुनावी गानों पर रील, कविता, पोस्टर, जिंगल, गाने, पोएम आदि जैसे कोई भी गतिविधि अथवा चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए पोस्टर/ वीडियो भी सोशल मीडिया पर दिए गए हैशटैग का उपयोग करते हुए पोस्ट कर सकते हैं।

## वोटर आईकार्ड के बगैर भी किया जा सकेगा मतदान, बस मतदाता सूची में नाम रहना जरूरी

**पलामू** : पलामू लोकसभा अंतर्गत 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहें हैं इस पर्ची पर मतदान स्थल,मतदान की तिथि व समय आदि का उल्लेख है ताकि 13 मई को मतदाताओं को बूथ पर जाने के पश्चात उन्हें वोट डालने में किसी तरह की कोई समस्या ना हो।

**मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 वैकल्पिक दस्तावेजों का वोट डालने हेतु किया जा सकेगा उपयोग**

- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- मनरेगा जॉब कार्ड
- पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित)
- पासपोर्ट
- पासबुक (फोटो सहित बैंक/ 9.डाकघर द्वारा जारी)
- फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी)
- सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र,एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
- स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

## 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' के तहत बीएस कॉलेज के छात्रों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**लातेहार** : जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में मैं भी इलेक्शन एंबेसडर के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान छाक्ष-छात्राओं ने कॉलेज परिसर से लेकर बानपुर ग्राम तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर का नारा देते हुए सोशल मीडिया कैंपेन चलाया। मौके पर प्राचार्य ने इस महापर्व में अपनी आहुति मतदान के रूप में देने की अपील की। कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। सरकार व प्रशासन अपने स्तर से तो प्रयास कर हीं रही है लेकिन बिना सामुहिक भागीदारी के इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने खास कर युवा व नये मतदाताओं से मतदान के लिए अपने घरों से निकल कर मतदान करने की अपील की। कॉलेज के इलेक्शन नोडल पदाधिकारी प्रो बैद्यनाथ महतो ने भी लोगों से मतदान की अपील की। एनएसएस के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने युवाओं से वोट करने की अपील की। मौके पर कॉलेज के कई व्याख्याता और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पथ सभा कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच रहे भाजपा कार्यकर्ता : छोटू राजा



**मनिका/लातेहार** : भाजपा युवा मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि चतरा लोक सभा से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह की जीत सुनिश्चित करने को लेकर मनिका विधान सभा क्षेत्र के भाजपा नेता व कार्यकर्ता एक रणनीति के तहत पूरे जोश खरोश के साथ इस चुनावी मैदान में उतर चुकें है। इसी क्रम में अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बबन पासवान,मनिका मंडल महा सचिव मनदीप गुप्ता अपने युवा कार्यकताओं के साथ इस चिलचिलाती धूप को चांदनी बना कर क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर शक्ति केंद्र पथ सभा कार्यक्रम कर रहे है। इस कार्यक्रम के तहत युवा नेताओं ने बरवाडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम चुंगरू में तथा मनिका प्रखंड के जन्हों ग्राम में पहुंचकर शक्ति केंद्र पथ सभा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया तथा लोगों को चतरा लोक सभा से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पछ में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील किया। भाजपा प्रत्यासी कालीचरण सिंह के नामांकन के बाद से ही मनिका विधान सभा क्षेत्र के भाजपा के सभी विंग पूरे क्षेत्र में सक्रिय हो गई है। इसी क्रम में प्रदेश भाजपा के अनुसूचित जन जाति मोर्चा के नेता अवधेश सिंह चेरो भी अपने टीम के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र में लगातार बैठक कर लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करते नजर आ रहे है। वैसे मनिका विधान सभा क्षेत्र में इस वक्त भाजपा के युवा नेता छोटू राजा, बबन पासवान, मनदीप गुप्ता की टीम सबसे ज्यादा सक्रिय नजर आ रहे हैं।

## पीने के पानी को लेकर विकास के दावे की पोल खोल रहा शहर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : विकास देखना है तो निमियां, बैरिया, आबादगंज, कांदू मोहल्ला के कुछ इलाकों की है। जानकारी के मुताबिक इस शहर में नगर निगम क्षेत्र कुल मे 35 वार्ड जहां पानी पीने के लिए आज भी जनता इस समस्या से जूझ रही है। लोग टैंकरों से अपनी प्यास बुझाते है। चाहे गर्मी बरसात ठंड हर मौसम में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले रहा है। गर्मि आते ही निगम प्रशासन के निंद खुलते है। और इस समय अप्रैल माह से जलापूर्ति शुरू करायी गयी है। ड्राइजोन इलाके में स्थिति भयावह होने की वजह से लोगों की परेशानी अधिक बढ़ी है। इस इलाके में जब निगम का टैंकर पहुंचता है तो लोग पानी लेने के लिए दौड़ पड़ते है। कभी कभी तो पानी भरने के लिए आपस में लोग उलझ पड़ते हैं। इस वजह से लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। इधर गरमी व धूप में बढ़ोत्तरी होने के कारण पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। निगम सहित शहर के जन प्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासन द्वारा इनकी पानी पीने के लिए आज तक काई ठोस कदम नहीं उठाया है। पलामू कथित विकास के नाम पर जलापूर्ति योजना यहां वर्षों से फेल नजर आ रहे है। वही इस समय लोकसभा चुनाव में एक बार सरकार बनाने का दावा करती नजर आ रही है।लेकिन इसकी जमीनी सच्चाई कुछ और ही ब्या करती है। राज्य की राजनीतिक राजधानी के रूप में विख्यात पलामू और इसका मुख्यालय डालटनगंज विकास की कहानी बयां करने के लिए हर तरह से तैयार है।इसके लिए आपको डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करना होगा। डालटनगंज विस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले और जिला मुख्यालय से महज कुछ ही किलोमीटर दूरी के अन्दर पानी पीने के लिए समस्या से जूझ रहे लोग मिल जाएंगे। इस विधानसभा क्षेत्र के यह इलाके का चर्चित जहां पीने के पानी को लेकर विकास के दावे की पोल खोल रहा है। शहर वासियों का कहना है कि विकास अगर देखना है तो जनप्रतिनिधि जिन्हें हम वोट देकर कुर्सी पर बैठाए है वो इस इलाके में आकर देखिए तब जाके उन्हें पता चलेगा की हम पीने के पानी के लिए आज भी तरसना पड़ रहा है। साढे चार वर्षों के कार्यकाल में जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र में एक बार भी दर्शन भी नहीं हुए, चुनाव तो जीत गए, परंतु उन्हें पानी की समस्या से कोई मतलब नहीं रहा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : 13 जुलाई को आहूत राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर सोमवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने बेसम मे एम ए सी टी केस के अधिवक्ता व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। और उन्हें कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य है। साथ ही अधिक संख्या में लोगों को इसके माध्यम से त्वरित लाभ मिले कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले निस्तारण में अधिवक्ता जितना दिलचस्पी दिखाएंगे उतना अधिक मामले निपटेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मामले निस्तारण में अधिवक्ता की भूमिका अहम होता है। अधिवक्ता गण अपने मुव्वकिल को मामले निस्तारण के प्रति जागरूक करे। ताकि अधिक से अधिक मामले राषटीय लोक अदालत में निपटाए जा सके। उन्होंने बीमा कम्पनी व एम ए सीटी केस से जुड़े अधिवक्ता को एक सूची बनाकर देने को कहा। उन्होंने कहा कि जो थोड़ा प्रयास करने से मामले निपट सकते हैं उसके प्रायरिटी बिशेष के तौर पर निपटारा कराये।उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष को चाहे वे इन्सुरेंस के तरफ से काम करने वाले अधिवक्ता है या क्लेमेंट के अधिवक्ता दोनो मिल बैठकर मामले निस्तारण का एक रास्ता निकाले ताकि जल्द से जल्द क्लेमेंट को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जो भी पक्ष को कोई दिक्कत या समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव से मिल कर अपनी बात रखे। बिदित हो कि पलामू जिले में एम ए सी टी के 292 केस न्यायालयों में लम्बित है। पीडीजे ने अधिवक्ताओ से उम्मीद जताया हैं कि इसबार के नेशनल लोक अदालत में 100 से अधिक एम ए सी टी के मामले निस्तारण करायेंगें।

## उपायुक्त ने सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के भैया-बहनों को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा जैक बोर्ड में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी को पुष्प गुच्छ एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही झारखंड बोर्ड वार्षिक परीक्षा 2024 में राज्य स्तर पर टॉप टेन में स्थान बनाने वाले सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के चार भैया-बहन शांभवी सुहाना 98 प्रतिशत, नम्रता सेनगुप्ता 97.6 प्रतिशत, जयदीप कुमार 97.6 प्रतिशत, अनन्या कुमारी 97.2 प्रतिशत एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ये मेधावी छात्र-छात्राएं न केवल अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे लातेहार जिला को भी गौरवान्वित किया है। साथ ही सम्मान समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने भैया बहनों को बधाई देते हुए शुभकामना दी कहा कि आगे भी बेहतर प्रयास करते रहना है।

### विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम- अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण

## ट्रिगर्स के सम्पर्क में आना अस्थमा रोग बढ़ने के प्रमुख कारण : डॉ. जगदीश लोहिया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण पर ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर के कंस्लटेंट इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. जगदीश लोहिया का कहना हैं कि उत्तेजक कारकों के संपर्क में आना, लंबे समय तक धुएं के संपर्क में रहना, चाहे वह बाहरी वाहन निकास/औद्योगिक से हो या फिर घर के अंदर जैव द्रव्यमान ईंधन जोखिम अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकता है। डॉ. लोहिया के अनुसार ट्रिगर्स के संपर्क में आना, शहरीकरण और औद्योगीकरण अस्थमा बढ़ने के प्रमुख कारक हैं। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति मे डॉ. लोहिया न बताया कि अस्थमा से रक्त संबंधी होना, ऐटोपिक जिल्द की सूजन या हाई फीवर जैसी अन्य एलर्जी संबंधी स्थिति होना, अधिक वजन होना, धूम्रपान करने वाला होना, रसायनों जैसे व्यावसायिक कारकों के संपर्क में आने वाले लोग जोखिम उठाते हैं। उन्होंने बताया कि सूखी खाँसी, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड़न, घरघराहट होना दमा के लक्षण हैं। ट्रिगर की पहचानः- के कारण वायुजनित एलर्जी जैसे परागकण, घर की धूल के कण, फफूंद बीजाणु, पालतू जानवरों की रूसी, सांस संबंधी संक्रमण जैसे सामान्य सर्दी (वायरल), ठंडी हवा, वायु प्रदूषक, कुछ दवाएं, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) हैं। डॉ. लोहिया के अनुसार यदि आपको अस्थमा है, तो आपको पता होना चाहिए कि आप अपने अस्थमा को नियंत्रित करने के लिए क्या कर सकते हैं और यदि आपका अस्थमा गंभीर है तो क्या करें। सबसे पहले, आपको अपने डॉक्टर की मदद से अपने अस्थमा ट्रिगर्स की पहचान करनी होगी और फिर एक अस्थमा एक्शन प्लान बनाना होगा। डॉ. लोहिया ने बताया कि इसमें अस्थमा ट्रिगर्स के संपर्क को हटाना या कम करना, अपने अस्थमा चेतावनी संकेतों को जानना, दवाएं न छोड़ना, नियमित रूप से इनहेलर लेना और सही तकनीक के साथ इसका उपयोग करना शामिल है।

## कामरेड अतुल अंजान का निधन पार्टी की अपूर्णीय क्षति : रुचिर तिवारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कचहरी प्रांगण में राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एवं 2 मिनट का मौन रखकर कामरेड अतुल कुमार अंजान को श्रद्धांजलि दी गई एवं लाल सलाम पेश किया गया। कामरेड अतुल कुमार अंजन देश के किसान मजदूर के आंदोलन का हमेशा अगुवाई करते थे इनका निधन 2 मैं को लखनऊ के नानावटी हॉस्पिटल में कैंसर की कैंसर के बीमारी के चलते निधन हो गया वह एक माह से बीमार थे। उनके निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन को भारी अपूर्णीय क्षति हुई है। यह छात्र आंदोलन से जुड़े हुए थे और लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र संघ के 4 बार अध्यक्ष भी रहे हैं और इसके बाद अखिल भारतीय नौजवान सभा के महासचिव भी रहे। जिला सचिव श्री रुचिर तिवारी ने कहा कि कामरेड अतुल अंजान विद्वान एवं किसान मजदूर एवं छात्र नौजवानों के भी लोकप्रिय नेता थे इसी का परिणाम है कि वह लखनऊ विश्वविद्यालय के चार बार अध्यक्ष रहें।

### सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल ने किया मतदान केन्द्र का निरीक्षण

# मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए करें जागरूक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल के द्वारा सोमवार को को बूथ संख्या 211, 212, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, करकट, लातेहार का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया।निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं- पेयजल, बिजली आपूर्ति, छाया हेतु शेड, महिला-पुरुष हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप, आदि सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निदेशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मनोज तिवारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एनएच 98 पर खड़े हाइवा में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक-खलासी की मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब कला गांव में डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 फोरलेन पर सोमवार दोपहर खड़े हाइवा में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रक के चालक और सह चालक की मौत हो गयी। इस घटना में ट्रक पर सवार एक फल व्यापारी गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे हरिहरगंज सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। ट्रक और हाइवा के बीच फंसे शवों को गैस कटर से काटकर निकाला गया। बताया जाता है कि महाराष्ट्र के नासिक से अंगूर लेकर एक ट्रक डालटनगंज की ओर से हरिहरगंज की ओर जा रहा था। हरिहरगंज के ढाबकला कला गांव के पास पिछले 24 घंटे से खराब होकर एक हाइवा (बीआर 24एल 3996) एनएच के किनारे पर खड़ा था। इस बीच पीछे से आए ट्रक ने हाइवा में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ट्रक के चालक और खलासी दब गए जबकि फल व्यापारी महाराष्ट्र के वैभव लक्ष्मी सीटी के रहने वाले रौशन शर्मा (38) वाहन से नीचे गिर गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों एवं हरिहरगंज थाना पुलिस ने जख्मी फल व्यापारी को हरिहरगंज सीएचसी में भेजा।

## एक झलक

### लोहरदगा में पुलिसकर्मियों ने बैलेट पेपर से किया मतदान

**लोहरदगा :** बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन में बैलेट पेपर के माध्यम से पुलिसकर्मियों ने मतदान किया। बैलेट पेपर के माध्यम से उन पुलिसकर्मियों को मतदान का अधिकार दिया गया है, जिन्हें मतदान ड्यूटी में लगाया गया है। पुलिसकर्मियों का मतदान अधिकारियों की निगरानी में हुई। इस दौरान मुख्य रूप से एलआरडीसी सुजाता कुजूर, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेटा, मेजर शेरू कुमार रंजन सहित मतदान कर्मी तथा सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहे।

### गांडेय में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का जनसम्पर्क

**गिरीडीह :** गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में इंडी गठबंधन की कल्पना सोरेन और एनडीए के दिलीप वर्मा के बीच कांटे की टक्कर है। हालांकि, कई और अल्पसंख्यक चेहरे भी उप चुनाव में लड़ रहे हैं लेकिन जेएमएम की कल्पना सोरेन और भाजपा के दिलीप वर्मा पिछले कई दिनों से इलाके में लगातार भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने ताराटांड़, मोहलीडीह, भलपहरी, भूचादाह, जहानाबाद समेत करीब दर्जन भर पंचायतों के गांवों का दौरा किया। इस दौरान वे लोगों से मिले और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने की बात कही। साथ ही खुशी जताई कि पीएम आवास योजना उनके लिए बेहद जरूरी था, जो उन्हें मिल चुका है। भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने ग्रामीणों से संवाद कायम किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

### मोटर वाहन दुर्घटना को लेकर विशेष लोक अदालत की तैयारी

**गुमला :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सिविल कोर्ट परिसर में आगामी 8 जून को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना (एमएसिटी) से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इसमें अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर आज माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र की अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों,अधिवक्ताओं के साथ बैठक हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने यह बताया कि विशेष लोक अदालत में एमएससीटी को शामिल कर इसका निष्पादन करना सुनिश्चित कराया जाएगा ताकि न्यायालय से मुकदमे का बोझ काम हो सके। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सक्रिय भूमिका अदा की जा रही है। वादों का निष्पादन को लेकर मध्यस्थों का भी सहयोग लिया जाएगा। पक्षकारों के साथ पूर्व लोक अदालत बैठक होगी। जबकि 8 जून को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा विशेष लोक अदालत की आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार अभियान जोरों पर है। बैठक में न्यायिक पदाधिकारी ए डीजे प्रथम, एडीजे द्वितीय, एडीजे तृतीय, तथा अधिवक्ता आर बी मिश्रा, राकेश रंजन, अवनीत कुमार, कौशिक मिश्रा, मिस ज्योति मिंज, फरथा टोप्पो, नंदलाल श्री ओमप्रकाश दुबे, आदि उपस्थित थे।

## मरकच्चो में भारी बारिश के कारण बाधित हुई भाजपा प्रत्याशी की जनसभा

# पकड़े जाने के डर से सारे चोर हुए इकट्ठे : अन्नपूर्णा देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब जनता का हक लूटकर अपनी तिजोरी भरनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की तो पकड़े जाने के डर से सारे चोर इकट्ठे हो गए हैं और निराधार आरोपों से चौकीदार नरेंद्र मोदी पर हमले कर रहे हैं। झारखण्ड तो लूट का केंद्र बन गया है जहां कांग्रेस, झामुमो और राजद का मतलबपरस्त गठबंधन पिछले 5 साल से सत्ता में है। भाकपा माले जैसी पार्टियां लूट में हिस्सेदार बनने के लिए इस जनविरोधी सरकार का समर्थन कर रही हैं। अब जबकि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं तो इनके यहां से रह रहकर नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। रकम इतनी बड़ी होती है कि नोट गिननेवाली मशीनें जवाब दे देती हैं। जनता सबकुछ देख और समझ रही है और इन्हें सबक सिखायेगी। मरकच्चो में जनसभा को संबोधित करने आई अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी पूरे देश में छाती पीट पीटकर कह रहे हैं कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच



एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। लेकिन पूरा देश देख रहा है कि जांच एजेंसियां जहां जहां हाथ डालती हैं, वहीं नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। आज तो हद हो गई, मंत्री के निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 25 करोड़ से ज्यादा की रकम मिली है। इससे पहले एक राज्यसभा सांसद और इनसे जुड़े एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों से सैकड़ों करोड़ रुपए मिल चुके हैं। इसके बाद भी अगर ये कहते हैं कि मोदी जी विरोधियों को निशाना बना रहे हैं तो जनता कह रही है कि मोदी जी ठीक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाकपा माले का चरित्र भी उजागर हो गया है। भाकपा माले चोरी में हिस्सेदार है और इसीलिए अपनी परम्परा तोड़कर एक भ्रष्ट सरकार का समर्थन कर रही है। भाकपा माले को स्पष्ट करना चाहिए कि नोटों की बरामदगी पर उसका क्या स्टैंड है और अगर वह कोई स्टैंड नहीं लेती तो उसे बताना चाहिए कि इस संगठित लूट में उसका हिस्सा कितना है। मरकच्चो की जनसभा को झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संबोधित करनेवाले थे। लेकिन खराब मौसम के कारण वे बोकारो से नहीं आ सके। हालांकि खराब मौसम के बावजूद स्थानीय जनता भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर डटी रही। जनसभा में कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव, कोडरमा लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, विधानसभा प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, नितेश चंद्रवंशी, शिवलाल सिंह, बेदु साव, महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल अध्यक्ष बिजय यादव, मनोज कुमार झुन्नू, दिनेश सिंह, रमेश हर्षधर, सुनील सिन्हा, सुरेन्द्र यादव, अरशद खान, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

## चतरा में फिर से कमल खिलाने का मतदाताओं ने लिया संकल्प : कालीचरण सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने 6 मई को बारियातु प्रखंड के 13 गावों में सघन जनसंपर्क अभियान के द्वारा लोगों से चतरा में पुनः कमल खिलाने की अपील किया। भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कालीचरण सिंह ने गोनिया, गढ़गोभा, बालूभांग, हरेनटोपा, लाटू, फूलसू, दिसरी, ढाड़ा, सालवे, रेंची, पिपराडीह, रहिया, बारियातु में सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए ने कहा कि वे चतरा लोकसभा क्षेत्र के जिस-जिस गाँव जा रहे है वहां लोगों का भाजपा के लिए प्यार और सम्मान देख उन्हें समझ



आ रहा है कि इस क्षेत्र की जनता ने फिर से चतरा में भाजपा को जीत दिलाने का मन बना लिया है। इंडिया आलयंस के नेता सिर्फ. और सिर्फ.लूट खसोट के कार्य में लगे है इन्हें आमजन के दुख-दर्द से कोइ लेना देना नहीं है, भ्रष्टाचार उनके नस-नस में है। इन्होंने सिर्फ. अपना ही विकास किया है इन्होंने सत्ता में रह कर प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है। इनका सिर्फ. एक ही उद्देश्य है कि वे किस तरह सत्ता प्राप्त कर सकें और ये वो लोग हैं जो सत्ता पाने के लिए धन बल से लेकर हर हथकंडा अपनाने से नहीं चूक रहे हैं दूसरी ओर भाजपा है जिसकी प्राथमिकता में ही आमजन का विकास और कल्याण शामिल है। भाजपा प्रत्याशी कलीचरण सिंह ने चतरा संसदीय क्षेत्र के फुलसू पंचायत के करमा गांव में लोगों के साथ जमीन पर बैठ कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें मोदी सरकार की योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी भी दिया।

## आर. पी. मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता रैली व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा सोमवार को आर.पी. मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल, द्वारा लाराबाद से डूमरडीहा एवं चिगलाबर तक एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें कक्षा नवम एवं दशम के छात्रों- छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा इस कार्यक्रम में बच्चों ने मतदाता जागरूकता स्लोगन एवम नारों के द्वारा ग्रामीण जनता को मतदान की महत्ता से अवगत कराने का प्रयास किए। लोगो को संदेश देकर जागरूक किए की किस प्रकार आपका एक वोट कितना महत्वपूर्ण है, आपका एक वोट देश के विकास को परिभाषित करता है। इसके द्वारा आप एक सशक्त सरकार को चुन सकते है। रैली के पश्चात विद्यालय




प्रांगण में बच्चों के बीच परीक्षा नियंत्रक विक्रम दांगी एवं शिक्षक शुभम मिश्रा के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्र - छात्राओं को तीन ग्रुप (अ, ब और स) में विभाजित कर आयोजन किया गया जिसमे प्रदर्शन के आधार पर ग्रुप 'स' को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल विक्रम कुमार सिन्हा ने सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की उपस्थिति में चुनाव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का अनिवार्य एवम सही प्रयोग करना ही समाज एवम राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत नीव है। 20 मई को अपने अपने निर्धारित बूथ पर जाकर अपना वोट जरूर दे।

## श्री दिगंबर जैन विद्यासागर पाठशाला के बच्चों के बीच छाता का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** श्री दिगंबर जैन विद्यासागर पाठशाला के बच्चों के द्वारा शहर के फुटपाथ पर अपनी जीविका चला रहे बुजुर्ग महिला बच्चे जरूरतमंदों के बीच 40 छाता वितरण किया गया इस मौके पर पाठशाला में पढ़ाने वाली शिक्षिकाएं भी साथ में मौजूद थी दोपहर के इस चिलचिलाती गर्मी में पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चों ने स्टेशन रोड झंडा चौक वीर कुंवर सिंह चौक आदि स्थानों में घूम घूम कर जरूरतमंदों को छाता दिया सभी बच्चे छाता बांटकर बहुत ही खुश हो रहे थे इस मौके पर समाजसेवी पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि जैन धर्म में दया त्याग और दान का बड़ा महत्व है जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी मिले यही सच्चा सेवा कार्य है विद्यासागर पाठशाला झुमरी तिलैया की शिक्षिकाएं बच्चों के बीच बहुत अच्छा संस्कार दे रही है बच्चों के बीच बचपन से ही जरूरतमंदों के प्रति संवेदना और मानवता की सेवा का बीजारोपण किया जा रहा है पाठशाला की संयोजिका सुनीता सेठी ने कहा कि इस तरह के कार्य से बच्चों में धर्म और मानवता का संस्कार मिलता है प्रत्येक शनिवार रविवार को जैन समाज की महिला शिक्षिकाओ के द्वारा बच्चों को धार्मिक शिक्षा धर्म पूजा संस्कृति की रक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी सदस्यों ने वृद्धाश्रम का किया भ्रमण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने हजारीबाग स्थित वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया गया। एलुमनी सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में उपस्थित सभी वृद्ध महिला एवं पुरूषों से परिचय किया। तत्पश्चात एलुमनी सदस्यों के द्वारा सभी को खाद्य सामग्री,पोशाक एवं फल आदि वितरण किया गया। तदुपरांत एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने वहां के पाकशाला, शयन कक्ष एवं संपूर्ण परिसर के वातावरण एवं वृद्धा आश्रम की स्थितियों से अवगत हुए साथ ही ईश्वर एवं प्रकृति से उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना किए एवं अपने उज्जवल भविष्य हेतू आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि वृद्ध महिला एवं पुरूष परिवार, समाज एवं राष्ट्र की अनवीकरणीय धरोहर है। हम अपने जीवन की कल्पना इनके बगैर कतई नहीं कर सकते हैं। हमें सदैव वृद्ध महिला एवं पुरूष को सम्मान करना चाहिए एवं इनका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि वृद्ध माता पिता हमारे जीवन के आईना है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में एनडीए पर सेमिनार आयोजित

# ब्रिगेडियर ने बच्चों को दिये एनडीए में सफलता के टिप्स

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को वर्ग दशम के बच्चों के लिए एनडीए पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रिगेडियर अमर नारायण ने मुख्य वक्ता के रुप में बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बूके देकर उनका स्वागत किया। एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने अतिथि का परिचय और विषय प्रवेश कराया। बिग्रेडियन अमर नारायण ने भारतीय सेना में 38 वर्षों से अधिक की सेवा दी है। उनकी शुरूआती पढ़ाई सैनिक स्कूल तिलैया से हुई। वे जून



1981 में राष्ट्रीय रक्षा एकेडमी में शामिल हुए और जून 1985 में सेना की वायु रक्षा शाखा में नियुक्त हुए। उन्होंने अपने लंबे और शानदार कॅरियर के दौरान विभिन्न चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया। जिसमें सियाचिन ग्लेशियर, जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद विरोधी अभियान और असम में उग्रवाद विरोधी अभियान शामिल हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में वायु रक्षा रेजिमेंट और बाद में विशिष्ट वायु रक्षा ब्रिगेड की कमान संभाली। उन्होंने आर्मी एयर डिफेंस सेंटर के कमांडेंट की प्रतिष्ठित नियुक्ति भी संभाली, जो भारतीय सेना रक्षा कोर में शामिल होने वाले सभी रंगरूटों को प्रशिक्षण देने के लिए जिम्मेदार है। उन्हें 3 साल से अधिक समय तक इलाहाबाद में एसएसबी के सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष रहने का सौभाग्य मिला, इस दौरान उन्होंने 3000 से अधिक उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग और साक्षात्कार लिया। वे सेना के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए कई प्रतिष्ठित रक्षा कॉलेजों में प्रोफेसर रहे हैं, जिनमें आर्मी एयर डिफेंस कॉलेज गोपालपुर और अहमदनगर में आर्मर्ड कोर कॉलेज शामिल हैं।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, नौजवानों को रोजगार मेरी पहली प्राथमिकता : केएन त्रिपाठी

- महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने दो दर्जन गांवों में चलाया जनसम्पर्क अभियान, कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की लोगों से की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** 06 मई दिन सोमवार को महागठबंधन के प्रत्याशी के० एन० त्रिपाठी ने कान्हाचट्टी प्रखंड के आरूगाडा, चारु पंचायत के



विभिन्न ग्रामों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जिसमें महागठबंधन के तमाम साथी मौजूद थे। उसके उपरांत कान्हाचट्टी प्रखंड में चुनावी कार्यालय का विधिवत रूप से फिता काट कर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात चतरा सदर के विभिन्न गांव जैसे जोरी, लक्ष्मणपुर, बहेराकोचा मोड़, ऊंटा मोड़, गंधरिया, दारियातु, लेम, मदमदीरी, असढिया ,रक्सी, डमडोईया, डहुरी, टीकर, ओबरा, कोलटीकर, गोढाई , खाप आदि ग्रामों का जनसंपर्क अभियान सुनिश्चित किया गया था। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से बेरोजगारी की समस्या को दूर करते हुए बेरोजगार युवकों को रोजगार देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी तथा शिक्षा स्वास्थ्य पर ही विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। जनसम्पर्क अभियान किया। जिसका नेतृत्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोती पासवान के द्वारा किया गया। प्रत्याशी को देखते ही लोगों में उत्सुकता दिखाई दे रही थी और अपार जनसमर्थन जनता जनार्दन के द्वारा प्राप्त हो रहा था। उपरोक्त सभी गांवों में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। सभी सम्मानित जनता जनार्दन ने अपार मतों से विजयी बनाने की बात कही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चतरा के सदर प्रखंड में महुआ चौक के पास कार्यक्रम और नगर भ्रमण का कार्य क्रम शामिल हैं।


लोकसभा आम निर्वाचन–2024

पोस्टल बैलेट कोषांग गुमला।

उपरी तल्ला सदर अनुमण्डल कार्यालय गुमला

(Email id —postalballotcellgumla@gmail.com)

आदेश

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावाधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑवजरबर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडीयो ग्राफर पुलिस कर्मी आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। तद् हेतु सुविधा केन्द्र Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिशठापन है।

In pursuance of sub-section (1) and sub-section (3) of section 26 of the Representation of the people, 1963 (43 of 1951) here by appoint the officers specified in column 4, 5,6 & 7 of the table below Attestating Officer, poling officer-1, poling officer-2, poling officer-3, respectively for the specified in Team no 1 to 9 for assembly constituency 67-sisai, (ST) 68-Gumla, (ST), 69-Bishunpur, (ST) forming part of parliamentary constituency 12-Lohardaga(ST)

महिला महाविद्यालय पुग्गु स्थित प्रशिक्षण स्थल, में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र– दिनांक–06.05.2024 से 10.05.2024 पूर्वाह्न 9. 00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | अन्य लोकसभा कक्ष–05 | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Vide ogra pher | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 |
| 1 | Votars on electon Duty/zonal/sector/Static magistrate/micro obserbor/कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी | 10 सिंहभूम (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र, 11 खूँटी (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र, 13 पलामू (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र, कमरा नम्बर 1 | श्री शिव बालक प्रसाद, परीक्ष्यमाण उपसमाहर्ता गुमला। | श्री गौतम राम, लिपिक, श्रम अधीक्षक कार्यालय, गुमला | श्री कुलदीप पन्ना, स्थापना, शाखा गुमला। | श्री कलिन्द्र साहु, परीक्ष्यमाण उपसमाहर्ता गुमला। | 1 | 1x2 |

मतदान टीम के सभी सदस्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेश के अनुरूप डाक मतदान कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें। Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर प्रक्रिया के पूर्ण प्रभार में श्री शेखर कुमार, भुमि सुधार उप सामाहर्त्ता बसिया सहायक निर्वाची पदाधिकारी (पोस्टल बैलेट) का दायित्व निर्वाहन करेगें।

सहायक निर्वाची पदाधिकारी (पोस्टल बैलेट) का दायित्व :–

निर्दिश्ट सहायक निर्वाची पदाधिकारी (Postal Ballot) का दायित्व होगा कि मतपेटी में डाले गए पोस्टल बैलेट से संबंधित लिफाफा को लोकसभा क्षेत्रवार छटनी कर अलग–अलग कपड़े के थैले में जिसपर स्पश्ट रूप से Facilitation Centre का नाम, लोकसभा क्षेत्र का नाम, मतदान की तिथि, थैले में डाले गए कुल मतों की संख्या अंकित करते हुए सील करायेगें। उक्त सारी प्रक्रिया Facilitation Centre पर उपस्थित अभ्यिर्थी/उनके अभिकर्त्ता (Agent) के समक्ष की जायेगी एवं सील थैले पर उनका भी हस्ताक्षर प्राप्त किया जायेगा। साथ ही एनेक्श्चर–6 में प्रतिवेदन तीन प्रति में तैयार कर एक प्रति Strong Room में तथा एक–एक प्रति क्रमशः वरीय पदाधिकारी, डाक मतपत्र कोशांग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गुमला को उपलब्ध करायेगें।

प्रथम मतदान अधिकारी का कर्त्तब्य :–

1. निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रदान की गई निर्वाचन कर्त्तव्य पर मतदाताओं की सूची का प्रभारी रहेगें।
2. मतदाता के मतदाता पहचान पत्र या अन्य फोटो पहचान पत्र (आयोग द्वारा निर्धारित) के आधार पर मतदाता की पहचान के लिए जिम्मेवार होगें।
3. परिशिष्ट–5 के अनुसार एक पंजी में प्रत्येक मतदाता के हस्ताक्षर प्राप्त करना है।
4. मतदान समाप्त होने क बाद, पंजी को फॉर्म–17 ए में पंजी की तरह ही मुहरबंद किया जायेगा और नियम 93(1) में उल्लेखित अन्य वैधानिक कवर के साथ रखा जायेगा। उपरोक्त पंजी की प्रति उन अभ्यर्थियों को दी जा सकती है जो इसके लिए अनुरोध करते है।

द्वितीय मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1- Postal Ballot मतदाता के बांए हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाएंगे।

तृतीय मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात मतदाताओं को डाक मतपत्र जारी करेंगे और यह सुनिश्चित करेगें कि मतपत्र की क्रम संख्या फॉर्म–13 बी और फॉर्म 13 ए पर अंकित करना है।
2. फॉर्म 13 सी को मतदाता को सौंपते समय उस पर मतदाता का हस्ताक्षर करवाना है।

सत्यापन पदाधिकारी के दायित्व :– गुप्त मतदान कक्ष में डाक मत पत्र में अपना वोट डालने के बाद कर्मचारी स्वयं डाकमतपत्र को फॉर्म 13–बी (कवर ए) में डाला जायेगा।

1. प्रतिनियुक्त सत्यापन पदाधिकारी सुविधा केन्द्र के इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए Postal Ballot के प्रपत्र 13 A पर प्राप्त घोशणा का सत्यापन पर सही पाये जाने पर सत्यापन अधिकारी होगें।
2. मतपत्र का क्रम संख्या घोशणा में दिये गये स्थान पर भरा हुआ है, यह उसकी उपस्थिति में निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित है, उसका पता विधिवत उल्लेखित सही है। सत्यापन पर सही पाये जाने पर सत्यापन अधिकारी अपना पूर्ण हस्ताक्षर करेगें, पदनाम हाथ से लिखा जायेगा या कार्यालय का पता दर्शाने वाला मुहर लगायेगें। तत् पश्चात सीलिंग process कराकर सीलबंद सेट को सुविधा केन्द्र में रखे मतपेटी में डालने की कार्रवाई करायेगें।

सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेगें।

वरीय नोडल पदाधिकारी
डाक मत–पत्र कोषांग–
सह–परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, गुमला।

जिला निर्वाची पदाधिकारी
12–लोहरदगा (ST)–सह–उपायुक्त
गुमला

PR 324477 Election(24-25)D

## एक झलक

### गन्ना के खेत से अंग्रेजी शराब बरामद

**बेतिया** : गन्ना के खेत में 81 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने कारोबारी को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस कारोबार में संलिप्त दो लोग पर एफआईआर पुलिस ने दर्ज की है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर पंचायत के नूनियाटोला के वार्ड नं 2 में स्थित सरेह में एक गन्ना के खेत में छुपाकर रखे गये शराब की तलाशी में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान खेत में छुपाकर रखे गए शराबों को जप्त कर पुलिस स्थानीय थाना लेकर पहुंची। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस शराब कारोबारियों के धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। पुलिस इन व्यक्तियों पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### फर्जी लूटकांड दर्ज करानेवाला सीएसपी संचालक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण** : जिले के दरपा थाना पुलिस ने फर्जी लूटकांड दर्ज कराने वाला सीएसपी संचालक को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि दरपा थाना क्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक गौतम कुमार सिंह ने लिखित आवेदन देते हुए तीन अज्ञात अपराधी द्वारा चाकू एवं पिस्टल का भय दिखाकर ग्राहक सेवा केन्द्र से पचास हजार रुपये लूट का मामला दर्ज कराया गया था। आवेदन के आलोक एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर डीएसपी रक्सौल धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व लूट की तहकीकात की गयी। इस दौरान पाया गया कि आवेदक द्वारा रुपये को गबन करने की नियत से पुलिस को दिग्भ्रमित करते हुए फर्जी कांड दर्ज कराया गया है। अनुसंधान में आये तथ्यों के आधार पर फर्जी लूट मामला दर्ज कराने वाले ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक लखौरा थाना क्षेत्र निवासी गौतम कुमार सिंह को दरपा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी है।

### हाईवे से कुचल कर अधेड़ की मौत

**नवादा** : जिले में सिरदला थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंघौल गांव में बालू लदे एक हाईवा ने सोमवार को घर के बाहर सो रहे एक अधेड को कुचल डाला । जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। अवैध बालू का उठाव हो रहा है। जिस कारण इन इलाकों में हाईवा की रफ्तार तेज हो गई है। मृतक की पहचान हरि प्रसाद के रूप में की गई है। हरि प्रसाद अपने घर के बाहर सो रहे थे। तभी वहां से गुजर रहे अनियंत्रित हाईवा ने सोए हुए अधेड़ को कुचल डाला। जिससे उसकी मौत हुई। घटना घटित होते ही आसपास के ग्रामीण की भीड़ वहां जुट गई। तभी उसकी नजर वहां से हाईवा लेकर भाग रहे चालक पर पड़ी। ग्रामीणों ने उसका पीछा कर हाईवा और चालक को पकडकर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरी ओर, मृतक के परिवार आनन-फानन में हरि प्रसाद को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिए। उक्त घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बेहद बुरा हाल है। परिजनों के विलाप से माहौल काफी गमगीन रहा।गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

### बिना कोडिंग वाले ई-रिक्शा चालाक हो जायें सावधान

**भागलपुर** : शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी के निर्देश पर सभी ई-रिक्शा को एक कोड दिया गया है। कोड के तहत ही ई-रिक्शा चालक अपने निर्धारित रूट पर की ई-रिक्शा चलाएंगे। इसको लेकर भागलपुर के ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि लगभग चार हजार ई-रिक्शा में कोडिंग हो गया है। बांकी बच्चे हुए ई-रिक्शा चालक 3 दिन के अंदर चालक अपने-अपने रूट का कोडिंग करवा लें नहीं तो जुमार्ना के साथ ई-रिक्शा को जप्त कर लिया जाएगा।

# झंझारपुर में मतदान केन्द्रों पर चुनाव के इन्तजाम : डीएम

एजेंसी

**मधुबनी** : झंझारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर इवीएम के साथ प्रतिनियुक्त कर्मियों को भेजने का कार्य सोमवार संध्या तक जारी बताया। स्थानीय वाट्सन विद्यालय परिसर से बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र के सभी 338 मतदान केन्द्रों पर सोमवार को चुनाव कार्य को व्यवस्थित इन्तजाम पूर्ण हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीएम अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देशन में झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के सभी छह विधानसभा के अन्तर्गत चुनाव प्रक्रिया पूर्ण बताया। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि



झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के कुल 2035 मतदान केन्द्रों पर स्वतंत्र निर्भीक निष्पक्ष चुनाव कराने को जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों चुनाव को पुख्ता प्रशासनिक इन्तजाम कर लिया गया। एसपी सुशील कुमार ने कहा कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों को एलर्ट किया गया।सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल व पदाधिकारी को तैनात किया है। झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में चुनाव को पीठासीन अधिकारी व अन्य मतदान कर्मियों के साथ इवीएम पहुंचने की सूचना है। झंझारपुर में मंगलवार को निर्धारित मतदान का समय सुबह सात से शाम छह बजे अपराह्न तक है। झंझारपुर लोक सभा में छह विधानसभा क्रमशः खजौली, बाबूबरही, राजनगर, झंझारपुर, फुलपरास तथा लौकहा है। झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र में पुरूष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 45 हजार 444 है। महिला मतदाताओं की संख्या 957507 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 89 बताया। कुल मतदाताओं की संख्या 20,03040 है।झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र में मूल मतदान केन्द्र की संख्या विधानसभावार खजौली में 315, बाबूबरही में 338, राजनगर में 347, झंझारपुर में 344, फुलपरास में 338 व लौकहा में 353 मतदान केन्द्र पर इवीएम पहुंचाने की सूचना है।

## अररिया में लोगों ने किया था मतदान बहिष्कार का एलान

**फारबिसगंज/अररिया** : अररिया के नरपतगंज विधानसभा के भरगामा प्रखंड के सिमरबनी पंचायत के मिलन चौक इलाके में सड़क संबंधी मांग के कारण मतदान बहिष्कार का ऐलान किया था। वहीं, इसकी सूचना मिलते ही अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए पदाधिकारियों की तीन सदस्यों की एक टीम मौके पर भेजी गई। इस दौरान ग्रामीणों के साथ सफल बातचीत हुई। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान अचार संहिता के बाद उनके समस्या के समाधान का आश्वासन देकर मतदान जरूर करने का आग्रह किया गया। अंततः ग्रामीणों ने बात मान ली और वो वोट करने के लिए राजी हो गए हैं।

## ईवीएम सेंटर से पोलिंग पार्टी चुनाव के लिए रवाना



एजेंसी

**अररिया** : अररिया में मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर बनाए गए 2004 मतदान केंद्र के लिए पोलिंग पार्टी के साथ ईवीएम डिस्पैच किया जा रहा है।जिले में कुल 2004 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमे 735 बूथ क्रिटिकल है।चुनाव के लिए 8 हजार 908 कर्मियों की तैनाती की गई है। लोकसभा चुनाव की सफलता को लेकर विधानसभावार पोलिंग पार्टी का एवं वीवीपैट डिस्पैच सेंटर बनाया गया। रानीगंज और अररिया विधानसभा क्षेत्र के लिए अररिया कॉलेज, नरपतगंज और फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए कृषि उत्पादन बाजार समिति ,जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र के लिए अल शम्स मिल्लिया कॉलेज और सिकटी विधानसभा क्षेत्र के लिए एमएलडीपीके यादव कॉलेज में बनाए गए एवं ईवीएम वीवीपैट डिस्पैच सेंटर से मतदान सामग्री के साथ पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। मौके पर चुनाव से जुड़े प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे। मंगलवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होना निर्धारित है। बूथ पर मतदानकर्मियों के रहने खाने पीने की व्यवस्था की गई है।

## स्कूली बच्चों ने मतदान के लिए अभिभावक को किया जागरूक



एजेंसी

**सहरसा** : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज स्थानीय हटिया गाछी स्थित सहरसा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने वोट इंडिया की श्रृंखला बनाई और वोट क्यों आवश्यक परिचर्चा में भाग लिया।वर्ग 5से वर्ग 8 तक के बच्चों ने परिचर्चा में भाग लिया तथा श्रृंखला निर्माण में छोटे बड़े सभी बच्चे एवं शिक्षिकाओ का सराहनीय योगदान रहा। परिचर्चा में बच्चों ने वोट देना आवश्यक क्यों मुद्दे पर विभिन्न राय दिए। किसी ने वोट डालने को लोकतंत्र की पहचान और देश के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।किसी ने इसे राष्ट्रनिर्माण में भागीदारी के लिए उपयुक्त कहा।किसी ने मतदाताओं को अपनी सर्वोच्च शक्ति के प्रदर्शन की बात कही तो किसी ने लोकतंत्र को सुचारू रूप रूप से बनाए रखने आदि के लिए वोट आवश्यक की महत्ता बताई। प्राचार्य अवनीश कुमार वर्मा ने इस अवसर पर बच्चो से कहा कि कल अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए अवश्य मतदान केंद्र पर भेजें क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव देश की रीढ़ होती है।

## टीएमबीयू कुलपति के खिलाफ एबीवीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



एजेंसी

**भागलपुर** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं के द्वारा सोमवार को तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।कुलपति पर लगातार लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों एवं अन्य मुद्दों को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने कुलपति से इस्तीफे की मांग की है। जगह-जगह पर पोस्टर भी लगाया गया है। पोस्टर में कुलपति के खिलाफ स्लोगन लिखे गए हैं। प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद एवं जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगातार वित्तीय अनियमित के आरोप सामने आ रहे हैं। अब तो मुंगेर विश्वविद्यालय में प्रतिकूलपति रहते हुए जो आईफोन और लैपटॉप की सुविधा सरकारी कर्मचारी होने के नाते उन्हें उपलब्ध कराया गया था। वह तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति बनने के बाद लैपटॉप और फोन को अपने व्यक्तिगत इस्तेमाल के रख लिया है। यह पूर्ण रूप से चोरी ही नहीं यह खुले आम डकैती का मामला बनाया जा सकता है। आज कुलपति के आवास से लैपटॉप और आईफोन प्राप्त हुआ है जो मुंगेर विश्वविद्यालय का ऐसे कुलपति छात्रों के लिए क्या सीख देना चाहते हैं।विश्वविद्यालय में कुलपति आने के बाद वह अपने आप को संविधान निमार्ता से भी ऊपर समझने की भूल कर रहे हैं। कई पदों का सृजन विश्वविद्यालय में आने के बाद उन्होंने किया है जो गैर संवैधानिक है।

## सिपाही बनने का सपना रहा अधूरा दुपट्टा ही बना फांसी का फंदा

एजेंसी

**नवादा** : नवादा जिले में 13 वर्षीय एक किशोरी का शव दुपट्टे से फांसी लगाकर झूलता हुआ पुलिस ने सोमवार को बरामद किया है । जिसे पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं परिजन ने कहा कि यह एक दुर्घटना,जिसमें किशोरी को उसी के दुप्पटा से फांसी लगा और मौत हो गई । हालांकि पूरा मामला जांच का विषय है । नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के गारो बीघा गांव में फांसी के फंदे से लटका एक किशोरी का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव मिलते ही इलाके सनसनी फैल गई। मृतका जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के छोटकी अम्मा गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय की बेटी है। परिजनो ने बताया कि प्रिया नानी घर गारोबीघा में रहकर



पढ़ाई करती थी और वह बिहार पुलिस की तैयारी भी कर रही थी। प्रतिदिन वह फिजिकल की तैयारी के लिए दौड़ती थी। इसी बीच आज बिम्ब मारने के दौरान उसका दुपट्टा गले में जा फंसा और दब जाने से उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला संदिग्ध है और जांच की जाएगी । बहरहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजन के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पूरे मामले की जांच की जाएगी।

## यूथ मैनेज्ड, मॉडल, पिंक और पीडब्ल्यूडी मैनेज्ड बूथ को सजाया गया

**अररिया** : अररिया में मंगलवार को होने वाले चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की ओर से प्रत्येक विधानसभा के चार बूथों को यूथ मैनेज्ड,मॉडल,पिंक और पीडब्ल्यूडी मैनेज्ड बूथ बनाया गया है ।जहां मतदाताओं के लिए पीने की पानी के साथ अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। फारबिसगंज में पीडब्ल्यूडी मैनेज्ड मतदान केंद्र मतदान केंद्र संख्या 162 द्विजदेनी स्मारक उच्च विद्यालय,नया भवन पूरब भाग,ऑल वूमेन मैनेज्ड अर्थात पिंक बूथ मतदान केंद्र संख्या 145 ली अकादमी दक्षिण भाग,मॉडल बूथ मतदान



केंद्र संख्या 169 फारबिसगंज कॉलेज पूरब भाग और यूथ मैनेज्ड बूथ मतदान केंद्र संख्या 136 जीरा देवी शीतल साह महिला महाविद्यालय को बनाया गया है। इस बार लोकसभा चुनाव में सभी छह विधानसभा क्षेत्र में यूथ मैनेज्ड,मॉडल,पिंक और पीडब्ल्यूडी मैनेज्ड बूथ का निर्माण किया गया है ।इन बूथों को बैलून से सजाने के साथ साथ मतदाताओं के लिए कार्पेट बिछाया जायेगा।

## एसपी ने अंतर जिला चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**पूर्वी चंपारण** : आसन्न लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने जिले के अरेराज अनुमंडल अन्तर्गत पहाड़पुर थानाक्षेत्र के मटियरवा अन्तर जिला चेकपोस्ट एवं निमार्णाधीन स्थायी अन्तर जिला चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उक्त चेकपोस्ट का निर्माण पूरा होने से भविष्य में इन क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण में काफी मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सघन जॉच करने एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।

## विकास से कोसों दूर अररिया जिले का मधुबनी गांव


एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया** : भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बिहार के अररिया जिले का मधुबनी गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। यहां बच्चों को पढ़ने के लिए ना तो स्कूल है, ना ही अच्छी सड़कें हैं और ना ही अस्पताल। ऐसे में रहने वाले बच्चे शिक्षा के लिए नेपाल जाते हैं। लोगों को भी इलाज के लिए नेपाल का सहारा है। हालत यह है कि यहां के बच्चों को देश का राष्ट्रगान तक नहीं आता। इस गांव के छात्र-छात्राओं का कहना है कि हम लोग इंडिया में नहीं पढ़ते हैं तो 'जन गण मन' कहां से याद रहेगा? हमारे गांव में स्कूल नहीं है। इसलिए हम लोग नेपाल में पढ़ने जाते हैं। हम लोगों को नेपाल की पढ़ाई काम भी नहीं देगी। क्योंकि, पढ़ाई करने के बाद भी वहां हमें सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। वहां आधार



कार्ड से एडमिशन मिलता है। बच्चों ने कहा कि नेपाल में नेपाल का बर्थ सर्टिफिकेट मांगा जाता है। यदि हम नेपाल का बर्थ सर्टिफिकेट नहीं देंगे तो हमें पढ़ाई करने के बाद भी सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। विद्यार्थियों का कहना है कि इस गांव में ना ही सांसद आते हैं और ना ही विधायक लेकिन चुनाव के समय उनके लोग वोट मांगते हैं और ले भी लेते हैं। गांव के लिए कुछ भी नहीं करते है। हम चाहते हैं कि हमारे गांव में रोड, स्कूल और हॉस्पिटल हो। इस गांव की मनीषा नेपाल के स्कूल में पढ़ने जाती है। वो कहती है कि हम पढ़ाई तो नेपाल के स्कूल में कर रहे हैं लेकिन उसका कोई वैल्यू नहीं है।

## चलती कार में लगी आग, झुलसा ड्राइवर



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के केसरिया-कल्याणपुर मार्ग पर चलती एक कार में आग लग गई,जिसमे ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गया और कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना केसरिया कल्याणपुर पथ के बहुआरा सुजान गांव के अवध पेट्रोल पंप के समीप की है। घायल ड्राइवर केसरिया थाना क्षेत्र की दरमाहा पंचायत के भुसौलवा के शैलेंद्र सिंह का 23 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। जानकारी के अनुसार राहुल अपनी स्विफ्ट कार से केसरिया से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच पेट्रोल पंप के पास अचानक गाड़ी में आग लग गई। आग लगने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। आसपास के लोग दौड़कर आए और किसी तरह से ड्राइवर को कार से बाहर निकाला, तब तक वह बुरी तरह झुलस गया, जिसका इलाज मोतिहारी में चल रहा है।

## जिले के सभी राजस्व ग्राम में होगी मिट्टी की जांच

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जलवायु परिवर्त्तन और रसायनिद खादो के अत्यधिक प्रयोग से लगातार गिर रही मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कृषि विभाग ने मिट्टी की जांच कराने का निर्णय लिया है।मिट्टी की जांच कराने के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम व बीटीएम को विभागीय स्तर पर जिम्मेवारी सौंपी गई है। साथ ही विभाग द्वारा एक लक्ष्य निर्धारित कर इन्हे सभी प्रखंड के राजस्व गांव से मिट्टी नमूनों के संग्रहण करने का भी टास्क दिया गया है।कार्य को समय पर पूरा कराने के लिए विभाग द्वारा नोडल अधिकारी भी बनाए गए हैं। विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आदापुर प्रखंड में 1071,



चकिया 1134, अरेराज 868, बंजरिया 793, बनकटवा 6, छौड़ादानो 930, चिरैया 1495, ढाका 1495,घोड़ासहन 868, हरसिद्धि 1197, कल्याणपुर 1560, केसरिया 1071, कोटवा 992, मधुबन 793, मेहसी 793, मोतिहारी 10, पहाड़पुर 992, पकड़ीदयाल 540, पताही 930, फेनहरा 360, पिपरा कोठी 360, रामगढवा 992, रक्सौल 793, संग्रामपुर 868, सुगौली 992, तेतरिया 540 व तुरकौलिया ब्लॉक में 992 मिट्टी नमूनों के संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नमूनों के संग्रहण के बाद 12 पैरामीटर की जांच होगी।

## सात मई को तीसरे चरण में पांच लोकसभा सीटों पर 54 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

एजेंसी

**पटना** : बिहार में तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य के झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होना है। इसके 48 घंटे पूर्व यानी रविवार की शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चरण में कुल 54 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। इनमें 51 पुरुष और तीन महिला उम्मीदवार हैं। झंझारपुर में 10, सुपौल में 15, अररिया में 9, मधेपुरा में 8 और खगड़िया में 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। तीसरे चरण में पांच सीटों पर प्रदेश के 98 लाख 60 हजार 397 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 51 लाख 29 हजार 473 पुरुष तो 47 लाख 30 हजार 602 महिला मतदाता और 322 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 100 वर्ष से अधिक आयु के 2,716 मतदाता भी हैं। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 01 लाख 45 हजार 482 है। तीसरे चरण के मतदान में 11,818 बैलेट यूनिट, 11,818 कंट्रोल यूनिट और 12,861 वीवीपैट इस्तेमाल होंगे। प्रति बूथ 1001 मतदाताओं के मतदान की व्यवस्था है। 32 बूथों का प्रबंधन महिलाएं संभालेंगी। इस चरण में कुल 45 मॉडल बूथ भी बनाए गए हैं। कुल 5,039 बूथों से लाइव बेबकास्टिंग होगी।

### अररिया में मतदाता मतदान के लिए पूरी तरह तैयार

# भारत-नेपाल सीमा हुई सील

एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया** : अररिया लोकसभा सीट पर मंगलवार को मतदान होना है. मतदाता मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. आसमान में उमड़े बादल के कारण मौसम में थोड़ी नमी आयी है. इससे जिला प्रशासन को इस बात का भरोसा है कि पिछले चुनाव से मतदान का प्रतिशत कम नहीं होगा। प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन भी तेज हो गयी है. ऐसे में एक प्रतिशत भी कम मतदान प्रतिशत किसके लिये नुकसानदायक होगा कहना मुश्किल है. बहरहाल 07 मई को तीसरे चरण के लिए जिले के तीन मुख्य दलों समेत छह



निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं. इनमें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह, राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम व बहुजन समाज पार्टी के गौसूल आजम के अलावा मो इस्माइल, जावेद अख्तर, अखिलेश कुमार, मुस्ताक आलम, मो मोबिनुल हक, शत्रुध्न प्रसाद सुमन शामिल है. लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा 48 घंटे पूर्व भारत-नेपाल सीमा को कस्टम के अधिकारियों ने जोगबनी थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद व जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी की उपस्थिति में सील कर दिया।वही, सीमा सील होने के बाद लोगों की आवाजाही पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है. भारतीय पक्ष द्वारा सीमा सील किये जाने के बाद नेपाल ने भी अपनी सीमा को सील कर दिया है. सीमा सील होने के बाद दर्जनों गाड़ियां, जो नेपाल सैर-सपाटे अथवा किसी कार्य से गयी थीं फंसी रह गयीं. इस संबंध में जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी ने कहा कि सीमा सील होने के बाद लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है.

## चुनाव पूर्व तैयारियां की व्यय प्रेक्षक ने समीक्षा बैठक की



**सहरसा** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण के तहत कल मतदान डाले जाएंगे।निर्वाचन व्यय प्रेक्षक अम्बरीष मिश्रा द्वारा सोमवार को व्यय कोषांग के नोडल एवं सहायक व्यय प्रेक्षकों के साथ बैठक की गई। चुनाव प्रचार सम्पन्न होने एवं मतदान के उपरांत सभी उम्मीदवारों द्वारा अपने अपने खर्च का ब्यौरा समर्पित करना अनिवार्य है। जिसका मिलान व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा गठित विभिन्न निगरानी दलों के द्वारा समर्पित रिपोर्ट के आधार पर अंकेक्षण दल द्वारा तैयार समेकित रिपोर्ट से मिलान कर कुल खर्च का ब्यौरा तैयार किया जाएगा।

### चुनाव आयोग के प्रेक्षक पहुंचे सूचना के लिए मोबाइल नम्बर भी सार्वजनिक

**गोपालगंज** : निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक गोपालगंज पहुंच चुके हैं। आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक के रूप में वरिष्ठ आइएएस अधिकारी तन्वी सुन्द्रीयाल, जो भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2010 बैंच के अधिकारी है। व्यय प्रेक्षक के रूप में वरिष्ठ आइआरएस अधिकारी विजय कृष्णा वेलन क और वरिष्ठ भारतीय रेलवे लेखा सेवा के अधिकारी प्रदीप शर्मा और पुलिस प्रेक्षक के तौर पर भारतीय पुलिस सेवा के 2010 क वरिष्ठ अधिकारी मनोज कुमार सोनकर की नियुक्तियां की गई हैं। प्रेक्षक यहां सर्किट हाउस में ठहरे हैं। उन्होंने आम जनता से लोकसभा चुनाव संबंधी जानकारी, सूचना और शिकायतों के लिए मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किया है।

## एक झलक

### दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने डीसी टोली फैंस से की मुलाकात

**नयी दिल्ली :** एक छोटे से ब्रेक के बाद वापस आकर, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार के प्रशिक्षण सत्र से पहले अपने आधिकारिक प्रशंसक समुदाय डीसी टोली से मुलाकात की। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अगले मैच से पहले खिलाड़ियों का ढोल की थाप, जयघोष और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ प्रशिक्षण सत्र के लिए जोरदार स्वागत किया गया। दिल्ली कैपिटल्स के स्टार खिलाड़ी ऋषभ पंत, इशांत शर्मा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, डेविड वार्नर, ट्रिस्टन स्टब्स, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और शाई होप के साथ-साथ हेड कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसकों से बातचीत की।

### क्रिकेट खेलते समय गेंद लगने से बच्चे की मौत से हडकंप

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में क्रिकेट खेलने के दौरान 11 साल के एक बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये मामला पुणे के लोहगांव का है और मृतक लड़के की पहचान शौर्य के रूप में हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार शौर्य साथियों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। वह गेंदबाजी कर रहा था जबकि एक बच्चा बल्लेबाज कर रहा था। शौर्य ने गेंद फेंकी जिसपर बल्लेबाज ने एक शॉट खेला जो सीधे शौर्य के लगा। इससे वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद उसके साथी उसे उठाने गये। जब वह नहीं उठा तो दोस्त अन्य लोगों को बुला लाये। इसके बाद उसको उठाकरअस्पताल ले जाया गया पर तब तक उसकी मौत हो गयी थी। इस घटना से लोग सन्न रह गये। वहीं पुलिस ने ये मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बजरंग ने नाडा के निलम्बन पर उठाये सवाल, वाडा से करेंगे शिकायत

**नयी दिल्ली :** पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें गलत तरीके से निलंबित किया है। बजरंग के अनुसार उन्होंने कभी भी राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से मना नहीं किया था। बजरंग ने कहा कि उन्हें नाडा की ओर से एक्सपायर किट दी गयी थी और उसी को लेकर उन्होंने सवाल उठाये थे। नाडा ने इसके बाद उन्हें अस्थाई रुप से निलंबित कर दिया जिससे उनके ओलंपिक में खेलने पर भी संकट आ गया है। निलंबन के कारण वह ओलंपिक ट्रॉल में भाग नहीं ले पायेंगे। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया है। वहीं अब ये पहलवान विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। गौरतलब है कि बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे। इसमें बजरंग मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गये थे। उन्होंने कहा, मेरे वकील नाडा के पत्र का जवाब देंगे।

# दिल्ली कैपिटल्स-राजस्थान रॉयल्स में आज होगा अहम मुकाबला

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला करेगी। दिल्ली के लिए ये मुकाबला बेहद अहम है। उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच को हर हाल में जीतना होगा। इस मैच में हार से वह मुकाबले से बाहर हो जाएगी। ऐसे में टीम की कड़ी परीक्षा होगी क्योंकि रॉयल्य की टीम अंत तालिका में नंबर एक पर होने के साथ ही शानदार लय में है। उसके पास बेहतरीन बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। इस मैच में दिल्ली की संभावनाएं कप्तान कप्तान ऋषभ पंत और युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क की बल्लेबाजी पर आधारित रहेगी। इसका कारण है कि ये दोनो ही बल्लेबाज अभी तक जबरदस्त फार्म में हैं। वहीं उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। अभी तक इस सत्र में दिल्ली ने 11 में से पांच मैच जीते और उसके 10 अंक हैं और वह छठे नंबर पर है। ऐसे में उसे अपने बचे हुए तीनों की मैच जीतने होंगे। तभी वह 16 अंक तक पहुंचेगी। इसके बाद भी उसे प्लेआफ में जगह मिले ये तय नहीं है। ऐसे में उसके अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी। वहीं दूसरी और रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक पर है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन, के अलावा जोस बटलर , यशस्वी जायसवाल और रियान पराग जैसे बल्लेबाज हैं हालांकि इन्हें दिल्ली के गेंदबाजों खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव से सतर्क रहना होगा।



इसके अलावा अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके दिल्ली के कप्तान पर अंकुश लगाना रॉयल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। रॉयल्स के पास अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , स्पिनर युजवेंद्र चहल और अनुभवी आर अश्विन जैसे गेंदबाज हैं। चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा। उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और अच्छा है। राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है वहीं दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी अच्छा रहा है।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

## टी-20 विश्वकप पर आतंकी हमले का खतरा मंडराया, वेस्टइंडीज सरकार को मिली धमकी

एजेंसी

**पोर्ट आफ स्पेन :** टी20 क्रिकेट विश्वकप पर आतंकी हमले आ खतरा मंडरा रहा है। विश्वकप जून में संयुक्त रुप से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाला वाला है। एक रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज सरकार को ये धमकी मिली है। अभी तक स्पष्ट रुप ये पता नहीं चला है कि धमकी किस संगठन ने दी है पर अब तक मिले संकेतों के अनुसार इसके पीछे आईएसआईएस है। इसकी अफगानिस्तान-पाकिस्तान शाखा आईएस खुरासन के वीडियो संदेश भी मिले हैं, जिसमें कई देशों पर हमलों की बात कही गयी है और आतंकी समूह के समर्थकों से इसमें शामिल होने की अपील भी की गई है। वहीं त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने कहा कि इस खतरे से निपटने के लिये सुरक्षा उपायों को और पुख्ता किया जाएगा। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत, ऑस्ट्रेलिया सहित 20 टीमें भाग लेंगी। वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जायेगा। रोले ने इस धमकी की आलोचना करते हुए कहा , यह दुख की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में मंडरा रहा है।

**त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने कहा...सुरक्षा के कड़े इंतजाम करेंगे**

## टी-20 विश्व कप के बाद एमएलसी में खेलेंगे हेड

एजेंसी

**मुम्बई :** भारत में अभी आईपीएल खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा है कि वह टी-20 विश्व कप के बाद अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को खत्म होगा। इसके बाद सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है। हेड ने आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से अब तक शानदार प्रदर्शन किया है , इससे टी-20 प्रारुप में उनकी मांग भी बढ़ी है। हेड का कहना है कि उनका खेल से ब्रेक लेने का कोई इरादा नहीं है। वह मेजर लीग में वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलने के लिए टीम से जुड़ेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फ्रीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपड की जगह कोच बनाया गया है। पोंटिंग भी अभी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कोच हैं। फ्रीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है।



## सुनील नरेन ने केकेआर के लिए सर्वाधिक 'प्लेयर ऑफ द मैच' जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की

एजेंसी



**लखनऊ :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर सुनील नरेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फ्रेंचाइजी के लिए सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच (पीओटीएम) पुरस्कार जीतने के आंद्रे रसेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। नरेन ने रविवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। नरेन ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों पर 207.69 की स्ट्राइक रेट से 81 रन बनाए। उन्होंने क्रीज पर अपने समय के दौरान 6 चौके और 7 छक्के लगाए। इसके अलावा उन्होंने एक विकेट लिया और अपने चार ओवर के स्पेल में 22 रन दिए। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें पीओटीएम चुना गया। इसके साथ ही उनके पास कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी के लिए 15 पीओटीएम पुरस्कार हैं। जबकि रसेल के पास भी केकेआर के लिए 15 पीओटीएम पुरस्कार हैं। केकेआर के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने 10 पीओटीएम पुरस्कार जीते हैं और सूची में तीसरे स्थान पर हैं। लखनऊ और कोलकाता के बीच खेले गए मैच की बात करें तो टॉस जीतकर एलएसजी ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया।

## भारतीय पुरुष और महिला 4X400 मीटर रिले टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की पुरुष एवं महिला वर्ग की रिले टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। 4 गुणा 400 मीटर रिले टीमों (महिला और पुरुष दोनों) ने सोमवार को बहामास के नासाऊ में आयोजित विश्व एथलेटिक्स रिले में अपने-अपने दूसरे दौर की हीट में दूसरा स्थान हासिल कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं के टूनार्मेंट की हीट नंबर एक में जमैका (3:28.54) पहले स्थान पर रही, जबकि रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन दूसरे स्थान पर रहीं और पेरिस खेलों के लिए टिकट हासिल किया। पुरुषों की टीम, जिसमें मुहम्मद अनस याहिया, मुहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब शामिल हैं, 3 मिनट और 3.23 सेकंड के संयुक्त समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रही। पहले स्थान पर यूएसए (2:59.95) की टीम रही। दूसरे दौर के दौरान तीनों हीट में सर्वोच्च स्थान पाने वाली दो टीमें ओलंपिक में प्रवेश करेंगी, जो 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा। रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में भारतीय महिला टीम 3 मिनट और 29.74 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रही।

## चीन ने जीता थॉमस और उबेर कप बैटमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

एजेंसी

**चेंगदू :** चीन की पुरुष टीम ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर छह साल के इंतजार को खत्म करते हुए थॉमस कप बैटमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है, जबकि महिला टीम ने भी रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर 2020 के बाद पहली बार उबेर कप पर कब्जा किया। 2012 के बाद यह पहला मौका था जब पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल में एक ही दो देशों ने एक-दूसरे के खिलाफ खेला। थॉमस कप में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शि यूकी ने चीन के लिए शानदार शुरूआत की, उन्होंने इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग के खिलाफ 21-17, 21-6 से जीत दर्ज कर अपनी




टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। युगल मुकाबले में लियांग वेइकेंग और वांग चांग ने 64 मिनट तक चले मैच में फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दियांतो को 21-18, 17-21, 21-17 से हराकर स्कोर 2-0 कर दिया, हालांकि जोनाथन क्रिस्टी ने ली शिफेंग को 21-16, 15-21, 21-17 से हराकर इंडोनेशिया को व्हाइटवॉश होने से बचा लिया। इसके बाद दूसरे युगल में, ही जिटिंग और रेन जियांग्यू ने मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना पर 21-11, 21-15 से शानदार जीत दर्ज करके चीन को 3-1 से जीत दिलाई और खिताब अपने नाम कर लिया। चैंपियनशिप पर कब्जा करने के साथ ही, चीन ने इस द्विवार्षिक टूर्नामेंट में अब तक कुल 11 खिताब जीते हैं। इस सूची में इंडोनेशिया 14 खिताबों के साथ शीर्ष पर है। इससे पहले रविवार की सुबह, चीन की महिला टीम ने इंडोनेशिया को तीन घंटे के भीतर हराकर अपना 16वां उबेर कप खिताब जीता। ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई ने एकल मुकाबले में ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को 21-7, 21-16 से हराकर बढ़त बनाई। विश्व की नंबर 1 चेन किंगचेन और जिया यिफान ने युगल मुकाबले में सिती फादिया सिल्वा रामधंती और रिबका सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर चीन को 2-0 से आगे कर दिया।

## आईपीएल : धर्मशाला पहुंची आरसीबी की टीम, कोहली अभी नहीं पहुंचे

एजेंसी

**धर्मशाला :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में भाग लेने के लिए रॉयल चैलेंजर बैंगलोर (आरसीबी) की टीम सोमवार को धर्मशाला पहुंच गई। टीम के साथ विराट कोहली अभी धर्मशाला नहीं पहुंचे हैं। आरसीबी टीम 9 मई को किंग्स पंजाब इलेविन के खिलाफ मैच खेलेगी। आरसीबी की टीम को होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया गया है। आईपीएल के मैचों की श्रंखला के तहत 9 मई को स्थानीय हिमाचल क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अपना मैच खेलने के लिए रॉयल चैलेंजर बैंगलोर की टीम सोमवार को धर्मशाला पहुंच गई। सोमवार सुबह करीब 10 बजे आरसीबी टीम के खिलाड़ी गगल एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर टीम का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के दीदार के लिए उत्सुक दिखे। यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच टीम को धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू पहुंचाया गया। होटल पहुंचने पर एचपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।



## पीएसवी आइंडहोवन ने अपना 25वां एरेडिविसी खिताब जीता

एजेंसी



**द हेग :** पीएसवी आइंडहोवन ने रविवार को फिलिप्स स्टेडियम में स्पार्टा रॉटरडैम को 4-2 से हराकर अपना 25वां एरेडिविसी खिताब हासिल किया। इस जीत के साथ ही आइंडहोवन का छह साल से चला आ रहा डच लीग ट्रॉफी जीतने का इंतजार भी खत्म हुआ। पीएसवी को ट्रॉफी जीतने के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता थी, लेकिन टीम मैच के शुरूआत में ही पिछड़ गई और 8वें मिनट में ही मेटिन्हो ने गोल कर रॉटरडैम को बढ़त दिला दी, लेकिन 19वें मिनट में सईद बाकरी के आत्मघाती गोल और 26वें मिनट में जोहान बाकायोको के गोल की बदौलत पीएसवी ने 2-2 की बराबरी हासिल कर ली। हालांकि, दूसरे हाफ में पीएसवी ने आक्रामक खेल दिखाया और बोस्कागली (67वें मिनट) और जॉर्डन टेजे (78वें मिनट) के गोलों ने 4-2 से जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ, पीएसवी के अब 32 मैचों में 87 अंक हो गए हैं, जबकि अभी दो मैच और खेले जाने हैं। पिछले सीजन के चैंपियन फेयेनोर्ड पहले से ही दूसरे स्थान पर हैं, दोनों टीमों को अगले सीजन के यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए सीधे टिकट मिल गए हैं। कोच पीटर बोस के नेतृत्व में, जिन्होंने पिछले साल रूड वैन निस्टेलरॉय की जगह ली थी, पीएसवी ने शानदार सीजन खेला है, जिसकी शुरूआत 21 जनवरी को एफसी उट्रेच में 1-1 से ड्रॉ से पहले लगातार 17 एरेडिविसी जीत से हुई थी। टीम को पहली और अब तक की एकमात्र हार इस साल 30 मार्च को एनईसी निजमेगेन के खिलाफ मिली थी। पीएसवी ने अगस्त में फेयेनोर्ड पर जीत के साथ डच सुपर कप भी जीता, और डच दिग्गज चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में भी पहुंचे, लेकिन जर्मन टीम बोरुसिया डॉर्टमुंड से हार गए। पीएसवी की एरेडिविसी जीत क्लब के इतिहास में 25वीं जीत है। पहले नंबर पर 36 खिताब के साथ अजाक्स की टीम है।

## भारतीय जूनियर वीमेंस हॉकी टीम में झारखंड की नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना शामिल



एजेंसी

**रांची :** भारतीय हॉकी ने सोमवार को जूनियर वीमेंस हॉकी टीम की घोषणा की जो यूरोपियन टूर पर जाएगी। 21 से 29 मई के दौरान भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड (ब्रेडज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ऑरेंज रूड) के साथ छह मैच खेलेगी। 21 मई से टीम अभियान की शुरूआत करेगी। घोषित की गयी 22 सदस्यीय भारतीय महिला (जूनियर टीम) टीम में झारखंड की भी चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना होरो शामिल हैं। रजनी केरकेट्टा और नीरू कुल्लू सिमडेगा जिला की तथा बिनिमा धान और संजना होरो खूंटी जिले की रहने वाली हैं। ज्योति सिंह (डिफेंडर) इस टीम को लीड करेंगी। साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। भारतीय टीम में झारखंड के चार खिलाड़ियों के चयन पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी हैं।

## हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम घोषित की, ज्योति सिंह होंगी कप्तान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने सोमवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 21 से 29 मई 2024 के बीच यूरोप का दौरा करेगी। टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की दो क्लब टीमों ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ओरांजे रूड के खिलाफ तीन देशों में छह मैच खेलेगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। भारतीय टीम अपना पहला मैच 21 मई को ब्रेडा में ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ खेलेगी और उसके बाद 22 मई को उसी स्थान पर बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरी बार बेल्जियम के साथ खेलेगी, लेकिन इस बार बेल्जियम 24 मई को मेजबान के तौर पर खेलेगा। इसके बाद 26 मई को ब्रेडा में और 27 मई को जर्मनी के खिलाफ क्रमशः लगातार मैच होंगे। इसके बाद टीम 29 मई को ओरांजे रूड के खिलाफ दौरे का अपना अंतिम मैच खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी। टीम की कमान डिफेंडर ज्योति सिंह संभालेंगी जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा को उनकी डिप्टी बनाया गया है। अदिति माहेश्वरी और निधि गोलकीपिंग विभाग संभालेंगी जबकि ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम और नीरू कुल्लू डिफेंस की जिम्मेदारी संभालेंगी। कप्तान ज्योति सिंह ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "टीम में बहुत अच्छा तालमेल है। हम सभी ने शिविर के दौरान एक-दूसरे को अच्छी तरह से जाना है। यहां हर कोई बहुत कुशल और प्रतिभाशाली है। विदेश में अन्य शीर्ष-गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ खेलना मजेदार और सीखने का अच्छा अनुभव होगा।" उप-कप्तान साक्षी राणा ने कहा, "अन्य देशों की अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने से खेल के विभिन्न तरीकों की समझ विकसित करने में मदद मिलती है। इस तरह का एक्सपोजर टूर हम सभी को अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने का शानदार अवसर प्रदान करता है।"



**गोलकीपर :** अदिति माहेश्वरी, निधि।
**डिफेंडर :** ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम, निरुकुल्लू।
**मिडफील्डर :** क्षेत्रीमयुम सोनिया देवी, रजनी केरकेट्टा, प्रियंका यादव, खैदेम शिलेइमा चानू, साक्षी राणा (उपकप्तान), अनिशा साहू, सुप्रिया कुजूर।
**फॉरवर्ड :** बिनिमा धान, हिना बानो, लालरिनपुई, इशिका, संजना होरो, सोनम, कनिका सिवाच।



मैड्रिड ओपन टेनिस के विजेता रुस के आंद्रेई रुबलोव अवार्ड समारोह में जश्न मनाते हुए।

## एक झलक

### जस्टिस एसके मिश्रा बने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सेवानिवृत्त जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही वे जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष बन गए हैं। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजधानी नई दिल्ली में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा को जीएसटीएटी के अध्यक्ष के रूप में सत्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मिश्रा झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। न्यायमूर्ति मिश्रा का चयन देश के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खोज-सह-चयन समिति ने किया है। जीएसटीएटी का गठन केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 के तहत अपीलीय प्राधिकरण के रूप में किया गया है। इसमें एक प्रधान पीठ और कई राज्य पीठें शामिल हैं। जीएसटी परिषद की मंजूरी के अनुरूप सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधान पीठ और देशभर में विभिन्न स्थानों पर 31 राज्य पीठों को अधिसूचित किया है। गौरतलब है कि यह अपीलीय न्यायाधिकरण जीएसटी विवादों का त्वरित, निष्पक्ष, विवेकपूर्ण और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा उच्च न्यायालयों पर बोझ कम करने में भी मदद मिलेगी।

### इंडियन बैंक का मार्च तिमाही में मुनाफा 55 फीसदी बढ़ कर 2,247 करोड़ रुपये


**नयी दिल्ली** : सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में मुनाफा 55 फीसदी बढ़कर 2,247 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में बैंक को 1,447 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इंडियन बैंक के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 16,887 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 14,238 करोड़ रुपये थी। बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) नौ फीसदी बढ़कर 6,015 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 5,508 करोड़ रुपये थी। बैंक को पूरे वित्त वर्ष 2023-24 का शुद्ध लाभ पिछले 53 फीसदी बढ़कर 8,063 करोड़ रुपये हो गया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 5,282 करोड़ रुपये था। इसके अलावा बैंक का कुल आय भी बढ़कर 63,482 करोड़ रुपये हो गई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 52,085 करोड़ रुपये रही थी।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली** : अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

# दिनभर उतार चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर शेयर बाजार बंद

**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को पूरे दिन अफरा-तफरी माहौल बना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद शेयर बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ सपाट स्तर पर बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी लेकिन मुनाफावसूली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में दिन भर उतार चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी, ऑटोमोबाइल और प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। इसी तरह हेल्थकेयर और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए।




ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, पावर और पीएसयू बैंक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 403.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 406.24 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.83 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,093 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,292 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,629 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 172 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,269 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 624 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,645 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 318.53 अंक की मजबूती के साथ 74,196.68 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 481.54 अंक की तेजी के साथ 74,359.69 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

# भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बनी सहमति

**नयी दिल्ली** : भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को जोड़ा जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक भारत-घाना ने डिजिटल परिवर्तन समाधान; स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं के बारे में चर्चा की और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) द्वारा पेश किए गए अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही दोनों देशों ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचाना और उस पर चर्चा की। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त मनीष गुप्ता और वाणिज्य विभाग की आर्थिक सलाहकार सुश्री प्रिया पी. नायर के साथ 2 से 3 मई, 2024 तक अकरा में अपने घाना समकक्षों के साथ एक संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक की।

# 5-स्टार सुरक्षित कुशाक और स्लाविया एमवाई24 अपडेट के साथ अब और भी सुरक्षित

**जमशेदपुर** : अक्टूबर 2022 में कुशाक एसयूवी और अप्रैल 2023 में स्लाविया सेडान के साथ सुरक्षा के नए मानक स्थापित करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स की पेशकश कर सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ना जारी रखा है। यह पेशकश कंपनी के ऐतिहासिक मेड-फॉर-इंडिया, रेडी-फॉर-द-वर्ल्ड इंडिया 2.0 प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के लिए एमवाई24 अपडेट का हिस्सा है। अपग्रेड के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पीटर जनेबा ने कहा, स्कोडा डीएनए में सुरक्षा हमेशा



से उसकी बुनियाद रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी परीक्षणों के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड रहे हैं। सुरक्षा पर हमारा जोर हमारे मानवीय जुड़ाव के दृष्टिकोण का प्रतीक है और एक पारिवारिक ब्रांड होने पर हमारे फोकस को सामने लाता है। हमने हमेशा अपने बेस वैरिएंट में फ्रंटल एयरबैग और अपने उच्च वैरिएंट में छह एयरबैग्स की पेशकश की है, जो पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारे एमवाई24 अपडेट के तहत अब हम कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट्स में छह एयरबैग्स प्रदान करते हैं। हम हमेशा से ही अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते आ रहे हैं और साथ ही अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और हमारे वैरिएंट लाइन-अप के भीतर जरूरी अपग्रेड्स और महत्वपूर्ण प्रोडक्ट्स एक्शंस मुहैया कराना जारी रखेंगे।''एमवाई24 स्टार एडीशंस स्कोडा ऑटो इंडिया ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अब कुशाक और स्लाविया दोनों के लाइन-अप में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स पेश किए हैं।

### बिड़ला कॉर्प ने बिक्री और लाभप्रदता में वृद्धि के बंपर बदलाव के साथ साल का किया अंत

**रांची** : बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों की अपनी निरंतर प्रगति जारी रखते हुए वर्ष का समापन उच्च स्तर पर किया जिसमें सीमेंट की मात्रा के हिसाब से रिकॉर्ड बिक्री हुई और बाजार की स्थिति के असामान्य रूप से कमजोर होने के बावजूद, मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 127% की वृद्धि हुई। मुकुटबन इकाई में लगातार सुधार के बाद, कंपनी के सीमेंट डिवीजन ने मार्च तिमाही के लिए अभी तक 97% की क्षमता उपयोग हासिल किया है जो एक और मील का पत्थर है। मार्च तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ 193 करोड़ रुपये है, जो साल-दर-साल 127.1% की वृद्धि दर्शाता है। बिजली और ईंधन की लागत मध्यम बने रहने से इसमें मदद मिली।

# हार्पिक और न्यूज 18 के संयुक्त अभियान 'मिशन स्वच्छता और पानी' ने बदल दी लाखों लोगों की आदतें

**रांची** : स्वच्छ शौचालय पर चर्चा अब देशभर में आम बातचीत का हिस्सा बन गई है। आम व्यवहार में यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जो पहले अकल्पनीय जैसा था। हार्पिक और न्यूज 18 द्वारा संयुक्त रूप से शुरू 'मिशन स्वच्छता और पानी' अभियान पिछले 1400 से अधिक दिनों से इस बदलाव का नेतृत्व कर रहा है। यह अपनी तरह का पहला जागरूकता अभियान है, जिसने देशभर में स्वच्छ शौचालय पर चर्चा की पहल की। इस जश्न में शामिल 'मिशन स्वच्छता और पानी' अभियान के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता अक्षय कुमार, केंद्रीय मंत्रीगण गजेंद्र सिंह शेखावत एवं मनसुख मंडाविया, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विभिन्न हस्तियों ने स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के प्रति व्यापक जनजागरूकता को और आगे बढ़ाने




पर जोर दिया।'स्वच्छ भारत मिशन' और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप, हार्पिक और न्यूज18 की संयुक्त पहल 'मिशन स्वच्छता और पानी' ने विभिन्न हितधारकों- नीति निमार्ताओं, कला-संस्कृति की शख्सीयतों, अन्य मशहूर हस्तियों, विचारकों, शिक्षाविदों, विकास क्षेत्र के पेशेवरों, जल और सार्वजनिक स्वास्थ्य के विशेषज्ञों आदि को एकजुट किया है। गौरव कपूर का एक स्टैंड-अप, ग्रैमी विजेता रिकी केज का स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में एक गीत, अक्षय कुमार का एक संदेश और 'कर लो कर्मों का उद्धार' जैसी लघु फिल्म आम लोगों से अपील करती है, उन्हें सोचने पर मजबूर करती है और दृष्टिकोण एवं व्यवहार में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वच्छ भारत अभियान के स्थायी प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, 'भारत ने स्वच्छता और अच्छे स्वास्थ्य के मामले में एक क्रांतिकारी परिवर्तन देखा है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, मनसुख मंडाविया ने अच्छे स्वास्थ्य को बनाये रखने में अच्छी स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, और 'स्वच्छ भारत मिशन' को देशभर में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का संदेश फैलाने का श्रेय दिया। जश्न के दौरान, डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर्स और पार्टनरशिप - एसओए, रेकिट रवि भटनागर ने कहा, 'हार्पिक का 'मिशन स्वच्छता और पानी' शुरू से ही समाज में, विशेष रूप से युवाओं के बीच स्वच्छता की संस्कृति विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है, ताकि शौचालयों की स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। नेटवर्क18 (ब्रॉडकास्ट) के सीईओ और ए प्लस ई नेटवर्क के एमडी अविनाश कौल ने शौचालय से संबंधित आदतों पर गहराई से प्रभाव डालने वाले एक ऐसे अभियान का नेतृत्व करने पर गर्व व्यक्त किया, जो पिछले तीन वर्षों में पूरे भारत में लाखों लोगों तक पहुंचा है।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी सोने-चांदी की कीमत में उछाल

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली तेजी नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में सोने के भाव में 100 रुपये तक का उछाल दर्ज किया गया है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 71,820 रुपये से 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 65,840 रुपये से 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में आज मामूली तेजी आई है। इस तेजी के कारण आज दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 82,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 71,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 71,870 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 65,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 71,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 71,870 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 65,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 71,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### शेमारू में 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो में हनुमान के किरदार में



**शेमारू** में 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो में हनुमान के किरदार में दर्श अग्रवाल शो में एक नये किरदार बाल हनुमान की एंट्री में दर्श अग्रवाल निभाने वाले हैं। मुझे हनुमान जी बहुत पसंद हैं क्योंकि वे बहुत शरारती थे और मुझे वो सारी शरारतें करने का पूरा मौका मिल रहा है। मैं बहुत खुश हूं कि मेरे दोस्त और दर्शक मुझे इस नए किरदार में देखेंगे। दर्श अग्रवाल विभिन्न टेलीविजन शोज में दर्शकों के बीच प्रसंशाएं भी हासिल की हैं और 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो में उनकी एंट्री हुई। यह कहानी हनुमान द्वारा शनिदेव के दृष्टिकोण की पड़ताल करती है और उनके बीच के बंधन को दर्शाती है और बताती है कि कैसे हनुमान की उपस्थिति शनिदेव के जीवन को प्रभावित करती है।

# स्ट्रैटराइज कंसल्टिंग और सीआईएमपी-बीआईएफएफ ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर

**पटना** : सीआईएमपी-बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (सीआईएमपी-बीआईआईएफ) और स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन छेत्र के जानी मानी कंपनी - स्ट्रैटराइज कंसल्टिंग ने विशेष साझेदारी के तहत आज एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य बिहार के आंत्रप्रेन्योर्स को इंटीग्रेटेड स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन, ब्रैंडिंग, रेप्युटेशन मैनेजमेंट और ईएसजी सहायता प्रदान करना है। सीआईएमपी पटना परिसर में उक्त एमओयू पर कुमोद कुमार, सीएओ, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) और सीईओ, सीआईएमपी-बीआईआईएफ; तथा श्री युवराज मेहता, फाउंडर और




सीईओ, स्ट्रैटराइज कंसल्टिंग ने हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी बिहार आंत्रप्रेन्योर्स के ब्रैंड की छवि को उनके हितधारक और ग्राहकों के बीच बढ़ाने का काम करेगी। इतना ही नहीं, यह उन्हें अपने बिजनेस प्लान्स में स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन को शामिल करने में भी सक्षम बनाएगी। इससे उन्हें धन जुटाने, बाजार में अपनी विस्तार करने, प्रतिस्पर्धा में सबसे आगे रहने, नयी प्रतिभा को आकर्षित करने और विश्वसनीयता स्थापित करने में सहायता करेगी। इस एमओयू का उद्देश्य बिहार स्टार्टअप्स की बिक्री और मार्केट वैल्यूएशन (बाजार मूल्यांकन) में वृद्धि करना है। इस अवसर पर बात करते हुए, श्री युवराज मेहता, फाउंडर और सीईओ, स्ट्रैटराइज कंसल्टिंग, ने कहा, हम सीआईएमपी-बीआईआईएफ के साथ इस साझेदारी को लेकर काफी उत्साहित हैं। साथ ही, हम बिहार के आंत्रप्रेन्योर्स को स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन और ब्रैंड मैनेजमेंट में सहयोग प्रदान और उसे उनकी व्यबसाय में सम्मलित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिहार संभवतः पहला राज्य है, जो अपने आंत्रप्रेन्योर्स को व्यापक कम्युनिकेशन की सेवाएं प्रदान करेगा। अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता भरे माहौल में, निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए ब्रैंड की प्रतिष्ठा को बनाए रखना बहुत जरुरी है। आंत्रप्रेन्योर्स को चाहिए कि वे अपने ब्रैंड और इसके लक्ष्य को भली-भांति समझें, और ऐसे आकर्षक और सकारात्मक कहानी पर काम करें, जो उनके हितधारकों के अनुकूल हों। इस साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, श्री कुमोद कुमार, सीएओ, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) और सीईओ, सीआईएमपी-बीआईआईएफ, ने कहा, 'स्ट्रैटराइज कंसल्टिंग के साथ साझेदारी को लेकर सीआईएमपी-बीआईआईएफ, काफी उत्साहित हैं। हम साथ मिलकर, एक ऐसे तालमेल बनाएंगे, जो बिहार के आंत्रप्रेन्योर्स को मजबूत ब्रैंड्स बनाने के साथ-साथ बिहार स्टार्टअप इकोसिस्टम की सकारात्मक छवि को भी बढ़ावा देगा। सीआईएमपी-बीआईआईएफ स्टार्टअप्स और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय समुदायों में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## पेज एक के शेष

**21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को करें तैयार : राष्ट्रपति...**

लाना भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस सम्बन्ध में शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्त्वपूर्ण है। उनका कार्य क्षेत्र केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं है, उन पर देश के भविष्य के निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा ध्यान 'क्या सीखें' के साथ-साथ 'कैसे सीखें' पर भी होना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि जब छात्र बिना किसी तनाव के स्वतंत्र रूप से सीखते हैं, तो उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उड़ान मिलती है। ऐसे में वे शिक्षा को सिर्फ आजीविका का पर्याय नहीं मानते, बल्कि, वे नवप्रवर्तन करते हैं, समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं और जिज्ञासा के साथ सीखते हैं।

**बुराई को अपने ऊपर हावी न होने दें युवा**

**राष्ट्रपति** ने कहा कि हर व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों की क्षमता होती है। युवाओं को यह ध्यान रखने की सलाह दें कि चाहे वे कितनी भी कठिन परिस्थिति में क्यों न हों, उन्हें कभी भी बुराई को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। उन्हें सदैव अच्छाई का पक्ष लेना चाहिए। उन्होंने करुणा, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों को अपना आदर्श बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के आधार पर वे एक सफल और सार्थक जीवन जी सकते हैं।

**स्वयं को राष्ट्र को समर्पित करें छात्र**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों से आह्वान किया कि वे विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की सबसे महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए उन्हें स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर देना चाहिए। यह न केवल उनका मानवीय, सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है, बल्कि एक नागरिक के रूप में भी उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं में विकास की अपार सम्भावनाएं हैं।

**मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर मिले 25 करोड़...**

मामले में गिरफ्तार किया था।

इधर, संजीव लाल के ठिकाने से 30 करोड़ रुपये बरामदगी मामले में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि टीवी में आप लोग जो देख रहे हैं, हम भी वही देख रहे हैं। ईडी का निष्कर्ष आने के बाद ही कुछ कहा जायेगा। अभी कुछ टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संजीव उनका विभागीय पीएस है और वह सरकारी मुलाजिम है। हमलोग जो पीएस को रखते हैं, उसका अनुभव देख कर ही रखते हैं। इससे पहले संजीव दो-दो मंत्रियों का निजी सचिव रह चुका है।

**नोटों का पहाड़ देख दंग रह गये अधिकारी**

**रांची** में नोटों का पहाड़ और नौकर के घर कुबेर का खजाना देख कर वे तमाम अधिकारी हैरान रह गये, जो झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस (निजी सचिव) संजीव कुमार लाल के यहां ताबड़तोड़ छापामारी करने गये थे। इस दौरान टीम को 30 करोड़ रुपये नकद मिले हैं। ये रुपये संजीव कुमार लाल के नौकर के घर में रखे गये थे। इस सिलसिले में ईडी की पूछताछ जारी है और रुपयों के स्त्रोत पर जानकारी ली जा रही है। लोकसभा चुनाव के बीच झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक बड़ी सफलता मिली है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से जुड़े एक शख्स के घर से ईडी ने नोटों का पहाड़ बरामद किया है। अनुमान है कि रकम करोड़ों में है। नोटों को गिनने के लिए बैंक से कर्मचारियों और मशीनों को मंगवाया गया है। चुनाव के बीच कैश बरामदगी से इस पर राजनीतिक बवाल भी तय है। यह भी दिलचस्प संयोग है कि दो साल पहले आज ही के दिन आईएएस पूजा सिंघल के यहां छापा पड़ा था और 17 करोड़ मिले थे।

आलमगीर आलम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और झारखंड की चम्पाई सोरेन सरकार में मंत्री हैं। इससे पहले हेमन्त सोरेन सरकार में भी वह मंत्री थे। वह विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं। आलमगीर आलम साहिबगंज जिले के रहनेवाले हैं। झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार में आलमगीर को काफी ताकतवर माना जाता है। अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं की ओर से विरोध के बावजूद उन्हें चम्पाई सरकार में कांग्रेस के कोटे से मंत्री बनवाया गया। ईडी की टीम रांची में एक से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अब कैश बरामदगी के बाद ईडी इस मामले में कई और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है।

**10 वर्षों से केन्द्र सरकार जुमलेबाजी कर जनता को ठगने का कर रही काम : चम्पाई सोरेन...**

20 लाख गरीबों को ग्रीन राशन कार्ड दिया। वहीं, केन्द्र सरकार ने राज्य की गरीब जनता के 11 लाख राशन कार्ड को रद्द कर दिया था। झारखण्ड की गरीब, वृद्ध को 1000 रुपये पेंशन, बेहतर शिक्षा के लिए मॉडल स्कूल खोला गया। हमारी सरकार ने 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास दिये, जिसमें जून तक 09 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। जबकि, पीएम आवास के लिए झारखण्ड से 08 लाख की सूची भेजी गयी थी, जिसकी केन्द्र से राशि नहीं भेजी गयी। गरीब, किसानों के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड शुरू किया गया है। इससे उच्च शिक्षा के लिए अब गरीब व किसानों के बच्चों को लोन नहीं लेना पड़ेगा। 55 हजार सखी मंडल को स्वावलम्बी बनाने के लिए आठ करोड़ से अधिक दिये हैं। उन्होंने कहा कि 1932 के आधार पर स्थानीयता नीति, आरक्षण नीति को विधानसभा से पारित कर केन्द्र में भेज दिया है। केन्द्र सरकार आरक्षण विरोधी है। सीएम ने कहा कि हमारे देवी देवता, भाषा, संस्कृति को बचाना है। भाजपा को जबाब देने का समय आ गया है। भाजपा गठबंधन की सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। संविधान को बचाना है और भाजपा को जवाब देना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, विधायक जयमंगल सिंह, टुंडी विधायक सह गिरिडीह के झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो, पूर्व विधायक जलेशवर महतो, विधायक जयप्रकाश पटेल, कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह आदि उपस्थित थे।

**पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की भाजपा में दोबारा वापसी...**

संजय सेठ और पूर्व सांसद महेश पोद्दार की मौजूदगी में उनके आवास पर उन्हें पार्टी में शामिल कराया।

भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मैं पार्टी से बाहर गया ही नहीं था। मैंने रिजाइन किया, फिर भी इसे एक्सेप्ट नहीं किया गया। तब मुझे लगा कि भाजपा मेरी कदर जानती है। इस वजह से मैं पुनः पार्टी में शामिल हो गया। भाजपा को हमारे अनुभव का फायदा मिलेगा। हम लोगों ने साइकिल से पार्टी को यहां तक पहुंचाया है। आज आप जो देख रहे हैं, वह हम लोगों की मेहनत का नतीजा है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं दिये जाने से खफा होकर उन्होंने पार्टी का दामन छोड़ दिया था। इस बार लोकसभा चुनाव में टिकट की उम्मीद लिये उन्होंने कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की थी। लेकिन, पार्टी से उन्हें टिकट नहीं मिला। इससे नाराज रामटहल चौधरी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। इसके बाद से कहा जाने लगा कि वह फिर से भाजपा का दामन थाम सकते हैं। गत रविवार को भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर उनसे मुलाकात भी की थी।

**नये लुक में दिखे हेमन्त सोरेन, दिशोम गुरु और कल्पना के साथ पहुंचे नेमरा...**

कुछ तस्वीरें भी साझा की गयी हैं। इन तस्वीरों में भी वह पिता शिबू सोरेन का आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। साथ ही, यह भी दिख रहा है कि उनकी मां उन्हें दुलार कर रही हैं। पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन कंधे से कंधा मिला कर उनके साथ खड़ी हैं। एक शायरी भी साझा की गयी है, जिसमें लिखा है 'उसे गुमां है कि मेरी उड़ान कुछ कम है, मुझे यकीं है कि ये आसमान कुछ कम है।' इन पंक्तियों का आशय साफ है कि हेमन्त सोरेन एक बड़ी लड़ाई के लिए तैयार हैं।

**भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची...**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम प्रमुख है।

सोमवार को भाजपा मुख्यालय से जारी सूची में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली का नाम भी शामिल है। इस सूची में सम्राट चौधरी, ओम प्रकाश धनखड़, वीरेन्द्र सचदेवा, दिया कुमारी, हिमंत बिस्वा सरमा, मनोज तिवारी, मीनाक्षी लेखी, अनिल बलूनी और अल्का गूजर सहित दिल्ली के पूर्व सांसदों के नाम शामिल हैं।

**लालू यादव घोटाले में जेल जा चुके और उनके साथी भ्रष्टाचार कर रहे : अमित शाह...**

अमित शाह ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन के मंत्री के सचिव के नौकर के पास से 30 करोड़ रुपये मिले। इससे दो महीने पहले कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये मिले थे। इससे कुछ देर पहले ही ममता बनर्जी के मंत्री के घर से 51 करोड़ रुपये मिले थे। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री बनाया है। गरीब चाय बेचनेवाले को प्रधानमंत्री बनाया है।

अमित शाह ने कहा कि लालू के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भुखमरी, गरीबी, तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी, जो बिहार को आगे बढ़ायेगी। आज केन्द्र सरकार में 27 पिछड़े वर्ग के मंत्री हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछड़ा समाज की सबसे विरोधी पार्टी कांग्रेस पार्टी है। बिहार के वंचितों, पिछड़ों और दलितों के नेता कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें जननायक भारत रत्न बनाने का काम किया। मोदी ने नीट, मेडिकल और एम्स दाखिले में पिछड़े और अति पिछड़े समाज को आरक्षण दिया।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछड़े समाज के आरक्षण पर डाका डालने का काम किया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी और रातों-रात पूरे मुस्लिम समुदाय को बिना पिछड़ेपन का सर्वेक्षण कराये पिछड़ा घोषित कर दिया गया और पिछड़े समुदाय का पांच प्रतिशत आरक्षण काट कर मुसलमानों को दे दिया गया। हमारी सरकार कर्नाटक में बनी, तो उसे समाप्त कर पिछड़ों को फिर से उसका लाभ दिया जायेगा। अमित शाह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने जीवन की अंतिम सांस तक गरीबों और पिछड़ों के लिए काम किया। उन्होंने मैथिली भाषा को सम्मान देने की मांग की थी और अटल ने मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में जगह दी थी।

## एक झलक

### जोस राउल मुलीनो का पनामा का राष्ट्रपति बनना तय!

**पनामा सिटी :** पनामा के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति रिकार्डो मार्टिनेली के स्थान पर आखिर वक्त में चुनाव मैदान उतारे गए जोस राउल मुलीनो का मध्य अमेरिकी देश पनामा का राष्ट्रपति बनना लगभग तय है। अधिकारियों ने रविवार रात तक 88 फीसदी मतों की गिनती के साथ अनौपचारिक नतीजों की घोषणा की। पूर्व सुरक्षा मंत्री मुलीनो (64) के पक्ष में 35 फीसदी वोट पड़े जिससे उन्हें अन्य उम्मीदवारों पर नौ अंकों की बढ़त हासिल हुई है। पनामा में जिस उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं वह चुनावों में विजेता घोषित होता है।

### दक्षिण लेबनान में इजराइल ने दागीं मिसाइलें

**अल जबल :** इजराइल-हमास युद्ध के बीच दक्षिण लेबनान के माएस अल जबल शहर में रविवार को इजराइली हवाई हमले में चार नागरिकों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। एजेंसी ने बताया कि जब माएस अल जबल के लोग पिछले इजराइली हमले में अपनी दुकानों और घरों में हुए नुकसान का जायजा ले रहे थे तो उसी दौरान इजराइल ने फिर हवाई हमला कर दिया। इजराइली सेना ने कहा कि उसके लड़ाकू विमान ने हिजबुल्लाह के कब्जे वाले दक्षिणी लेबनानी शहर में सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है। हिजबुल्लाह ने रविवार को दावा किया कि उसने लेबनान-इजराइल सीमा के पास इजराइली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए कम से कम 10 हमले किए, जबकि इजराइली सेना ने कहा कि उस पर लगभग 40 मिसाइलें दागी गईं, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### ब्राजील में बाढ़ से 75 लोगों की मौत

**ब्राजीलिया :** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में भारी बारिश से आई बाढ़ में पिछले सात दिन में कम से कम 75 लोगों की मौत हो गई है और 103 लापता हैं। बाढ़ से सड़क और पुल भी ढह गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ से हुई घटनाओं में कम से कम 155 लोग घायल हुए हैं, जबकि 88 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। करीब 16 हजार लोगों ने स्कूलों, व्यायामशालाओं और अन्य जगहों पर शरण ली है। बाढ़ से राज्य में जगह-जगह भूस्खलन, सड़कें बहने और पुलों के ढह जाने की भी खबरें मिली हैं।

### सांसद को नशीली दवा पिला कर किया यौन उत्पीड़न

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया की महिला सांसद ने आरोप लगाया है कि नाइट आउट के दौरान पहले उसे कुछ नशीला पदार्थ पिलाया गया। इसके बाद उसका यौन उत्पीड़न किया गया। क्वींसलैंड लेबर पार्टी की सांसद ब्रिटनी लाउगा ने कहा कि मध्य क्वींसलैंड शहर येपून में जब वह नाइट आउट के लिए निकली थी, उसी दौरान यह हादसा उनके साथ हुआ है। उन्होंने सुबह-सुबह पुलिस में इसकी शिकायत कराई है। अस्पताल में टेस्ट के दौरान मेरे शरीर में ऐसी दवाइयों की पुष्टि हुई है, जिसका कि मैंने सेवन नहीं किया था। सांसद ने कहा कि उनके द्वारा अपनी आपबीती साझा करने के बाद शहर की कई महिलाएं उनके पास पहुंचीं, जिन्होंने ऐसी घटनाओं का सामना किया था। उन्होंने कहा, यह किसी के साथ भी हो सकता था। हम में से कई लोगों के साथ होता है।

### नेपाली संसद का बजट सत्र आज से

**काठमांडू :** नेपाली संसद का बजट सत्र मंगलवार से शुरू होगा। विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बिना सत्र चले ही संसद को स्थगित करने के बाद इस बार बजट सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। स्पीकर घिमिरे ने संसद में प्रतिनिधित्व कर रहे सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और संसदीय दल के नेताओं को बैठक के लिए निमंत्रण भेजा है।

# अहमदाबाद के 23 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, 11 में हैं मतदान बूथ

■ बम स्क्वॉड और पुलिस टीम जांच में जुटी, सभी स्कूलों को एक जैसे ई-मेल मिले

एजेंसी

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तरह ही कई स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया है। अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने का ई-मेल भेजा गया है। अहमदाबाद पुलिस बम स्क्वॉड के साथ इन सभी स्कूलों में बारीकी से जांच में जुटी है। ई-मेल सुबह 7 बजे एक के बाद एक स्कूलों में भेजे गए। सभी ई-मेल में दिल्ली जैसे ही कंटेंट हैं। मेल की लिपि रोमन (अंग्रेजी) में है, लेकिन भाषा हिंदी है। इन स्कूलों में से 11 स्कूल में मंगलवार को मतदान किया जाएगा। इस वजह से पुलिस विशेष सावधानी बरत रही है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजित राजियाण ने बताया कि स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। ट्रूमेल डॉट आईओ चेक करने पर धमकी भरे ई-मेल मिलने की जानकारी हुई। मेल फेक ई-मेल आईडी से भेजा गया हैं। ट्रूमेल डॉट आईओ एक वैरिफाइ प्लेटफॉर्म है, जैसा कि ट्रू कॉलर मोबाइल में फोन करने वाले के नंबर की जानकारी मिलती है, उसी तरह ट्रूमेल डॉट आईओ ईमेल एड्रेस किसका है, इसकी जानकारी देता है। अहमदाबाद शहर के डीईओ रोहित चौधरी ने बताया कि सकूलों को अज्ञात ई-मेल से धमकी मिली थी। जिसके बाद स्कूल की ओर से डीईओ कार्यालय और समीप के पुलिस थाने को जानकारी दी गई। पुलिस ने तुरंत ही डॉग स्क्वॉड, बम स्क्वॉड लेकर जांच शुरू कर दी। हालांकि अभी तक किसी भी स्कूल में किसी तरह की संदिग्ध वस्तु मिलने की जानकारी नहीं है।



**इन स्कूलों को मिली धमकी**

ओएनजीसी केन्द्रीय विद्यालय चांदखेड़ा जोन-2, एशिया इंग्लिश स्कूल वस्त्रापुर जोन-1, अमृता विद्यालय घाटलोडिया जोन-1, केलोरेक्स स्कूल घाटलोडिया जोन-1, न्यू नोबल स्कूल व्यासवाडी नरोडा, डीपीएस बोपल, आनंद निकेतन सेटेलाइट, उदगम स्कूल, जेबर स्कूल, आर्मी कैंटोमेंट केन्द्रीय विद्यालय एयरपोर्ट रोड, नारायणगुरु, एचबीके स्कूल, टर्फ स्कूल नारणपुरा, कुमकुम विद्यालय घोडासर, केन्द्रीय विद्यालय साबरमती, ग्रीनलॉन्स स्कूल वटवा, ग्लोबल इंटरनेशनल बोपल, एलआरडी इंटरनेशनल स्कूल बोपल, त्रिपदा स्कूल घाटलोडिया, जेम्स जीनेनीस स्कूल गोता, साबरमती कन्या विद्यालय साबरमती, स्वामीनारायण विद्यालय मणीनगर और विद्यानगर प्राथमिक स्कूल बापूनगर के नाम शामिल हैं।

**इन स्कूलों में हैं मतदान बूथ**

अमृता विद्यालय घाटलोडिया जोन-1, केलोरेक्स स्कूल घाटलोडिया जोन-1, न्यू नोबल स्कूल व्यासवाडी नरोडा, आनंद निकेतन सेटेलाइट, उदगम स्कूल, जेबर स्कूल, नारायणगुरु, एचबीके स्कूल, टर्फ स्कूल नारणपुरा, कुमकुम विद्यालय घोडासर, त्रिपदा स्कूल घाटलोडिया।

# लोकसभा चुनाव : मप्र की नौ सीटों पर मतदान आज

■ 127 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे 1.77 करोड़ मतदाता

एजेंसी

**भोपाल :** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में मध्यप्रदेश के नौ संसदीय क्षेत्रों में मंगलवार (7 मई) को मतदान होना है। इन क्षेत्रों में 20 हजार 456 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 81 हजार से अधिक कर्मचारी मतदान संपन्न कराएंगे। तीसरे चरण की इन नौ लोकसभा सीटों पर 127 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और दिग्विजय सिंह भी शामिल हैं। इन नौ संसदीय क्षेत्रों में एक करोड़ 77 लाख 52 हजार 583 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सोमवार को बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान का कार्यक्रम तय हुआ था, लेकिन इस बीच बैतूल लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार के निधन के बाद यहां का चुनाव भी इस चरण में जोड़ा गया है। इस लिहाज से मंगलवार को भिंड, मुरैना, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, भोपाल, विदिशा, सागर और बैतूल लोकसभा के लिए मतदान होगा। इन क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान सम्पन्न कराने के लिये सभी मतदान कर्मी अपने-अपने मतदान केन्द्रों में पहुंच गये हैं। मतदान केन्द्र पहुंचने पर सभी मतदान कर्मियों का स्थानीय लोगों द्वारा पुष्पहारों एवं शीतल जलपान से स्वागत किया गया।



**भोपाल लोकसभा सीट :** यह एक हाईप्रोफाइल लोकसभा सीट है। 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने दिग्विजय सिंह को बड़े अंतर से हराया था, लेकिन इस बार उनका टिकट काट कर भाजपा ने आलोक शर्मा को मौका दिया है। वहीं कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर भरोसा जताया है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 21 लाख 42 हजार 861 है।

**गुना लोकसभा सीट :** इस सीट पर मुकाबला शाही होने वाला है। भाजपा ने गुना लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को मैदान में उतारा है। साल 2019 के चुनाव में सिंधिया को हार का सामना करना पड़ा था। इस बार फिर वे अपनी किस्मत आजमाएंगे। वहीं कांग्रेस ने यादवेंद्र सिंह यादव पर भरोसा जताया है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 724 है।

**राजगढ़ लोकसभा सीट :** राजगढ़ निर्वाचन क्षेत्र पर मुकाबला रोमांचक होने वाला है। यहां कांग्रेस ने दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह को पर भरोसा जताया है। वहीं भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल नागर को ही प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 94 हजार 329 थी।

**विदिशा लोकसभा सीट :** इस सीट को भाजपा का गढ़ कहा जाता है। यहां इस बार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा की टिकट पर मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रतापभानु शर्मा से है। इस सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 41 हजार 604 है।

**मुरैना लोकसभा सीट :** भाजपा के शिवमंगल तोमर और कांग्रेस के सत्यपाल सिकरवार मुरैना लोकसभा सीट से आमने सामने हैं। यहां जातीय समीकरण निर्णायक साबित होने वाला है। यहां बसपा ने रमेश गर्ग को उतारा है जो प्रत्याशियों के सामने चुनौती खड़ी कर सकता है। इस सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 37 हजार 723 है।

# रामद्रोह और राष्ट्रद्रोह कांग्रेस के डीएनए में : योगी

■ यूपी के सीएम ने कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। योगी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन का करेक्टर है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करें। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है। कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा को रामलला के दर्शन करने पर उनकी पार्टी द्वारा अपमानित किये जाने को लेकर पूछे गये सवाल पर योगी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में रामद्रोह है।



**जो जितना बड़ा रामभक्त है, वह उतना बड़ा राष्ट्रभक्त**

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है, वह उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है। पीएम मोदी की रविवार को अयोध्या में उपस्थिति देश ही नहीं पूरी दुनिया के रामभक्तों को अभिभूत कर रही थी। पूरी अयोध्या वहां उमड़ी थी। लाखों श्रद्धालु और रामभक्त मोदी जी के देखने को उत्सुक थे।

### अकाली दल के उम्मीदवार का चुनाव लड़ने से इनकार

**चंडीगढ़ :** शिरोमणि अकाली दल को सोमवार को उस समय बड़ा झटका लगा जब पार्टी के उम्मीदवार हरदीप सिंह ने चंडीगढ़ लोकसभा चुनाव का टिकट लौटाते हुए चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। साथ ही हरदीप सिंह ने अपने समर्थकों सहित अकाली दल छोड़ने का ऐलान भी कर दिया है। सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में हरदीप सिंह ने कहा कि उन्होंने पार्टी लीडरशिप की अनदेखी के चलते यह फैसला लिया है। चंडीगढ़ में अकाली दल पहली बार चुनाव लड़ने जा रहा था। सुखबीर बादल पंजाब की 13 सीटों पर तो प्रचार कर रहे हैं लेकिन 14वीं चंडीगढ़ सीट को भूल गए हैं, जबकि वह चंडीगढ़ में ही रहते हैं।

### श्रीलंका व फिलीपींस के डेलीगेशन ने देखी लोस चुनाव की सामग्री वितरण प्रक्रिया

एजेंसी

**भोपाल :** श्रीलंका और फिलीपींस का 11 सदस्यीय डेलीगेशन चार दिवसीय प्रवास पर भोपाल आया हुआ है। इस प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भोपाल में मतदान सामग्री वितरण प्रक्रिया को देखा और उसकी सिलसिलेवार जानकारी ली। यह दल आठ मई तक यहां रहेगा। इनके साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल को कलेक्टर एवं मास्टर ट्रेनर ने संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ईवीएम, वीवीपैट, मतदान दल गठन, मतदान सामग्री वितरण, मॉनिटरिंग, सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। सदस्यों ने निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका कलेक्टर सिंह ने समाधान किया।



# स्कॉर्पियो व मिनी बस की भिड़ंत में पांच की मौत



एजेंसी

**झुंझुनू :** जिले के सिंघाना में थली गांव के पास सोमवार सुबह साढ़े दस बजे एक बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित स्कॉर्पियो कार सामने से आ रही मिनी बस से टकरा गयी। इस भीषण भिड़ंत में वाहनों के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में बाइकसवार, स्कॉर्पियो सवार तीन व्यक्ति और बस ड्राइवर सहित पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में बस सवार बीस से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार करणवीर (25) पुत्र शीशाराम सेना में जवान था। जो हमीरपुर का ही रहने वाला था और रविवार रात को ही छुट्टी लेकर ड्यूटी से घर आया था। करणवीर हाल ही में आर्मी में भर्ती हुआ था और जबलपुर में पोस्टेड था। सोमवार को करणवीर स्कॉर्पियो से अपने गांव हमीरवास से सिंघाना की तरफ जा रहा था। उसके साथ कार में रिंकू और उसका भांजा राहुल भी था। हमीरवास स्थित घर से निकलने के बाद पांच सौ मीटर दूर थली गांव के पास एक बाइक को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो सामने से आ रही बस में घुस गई। वाहनों की गति बहुत अधिक थी कि भीषण भिड़ंत में वाहनों के परखच्चे उड़ गए। कार पूरी तरह से पिचक गई। बस के शीशे टूट गए और ड्राइवर की शव सामने का कांच तोड़ते हुए डैशबोर्ड पर लटक गया।

### नीट-यूजी 2024 का प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ : एनटीए

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2024' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले समाचार 'पूरी तरह से निराधार' हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का 'हिसाब रखे जाने' का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई सम्बन्ध नहीं है। एनटीए ने कहा कि छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और सभी संबंधित लोगों को सूचित किया गया है कि परीक्षा के सम्बन्ध में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित पोस्ट के माध्यम से यह धारणा बनाई जा रही है कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया था।

# कम व्यूअरशिप की वजह से बंद हो रहा कपिल शर्मा शो

एजेंसी

**मुंबई :** दिग्गज कॉमेडियन कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' कम व्यूअरशिप की वजह से बंद किया जा रहा है। इस बारे में शो के मुख्य कलाकार कीकू शारदा ने रिएक्शन दी है। कीकू ने कहा कि हम लोग 13 एपिसोड कर चुके हैं और दूसरा सीजन भी जल्द आएगा। हमने पहले सीजन के लिए रैपअप किया है। यह हमेशा से ऐसा ही होने वाला था। हमने अगले सीजन के लिए पहले से ही प्लान कर लिया है और वह जल्द ही आएगा। यह ज्यादा बड़ा गैप नहीं होने वाला है। टेलीविजन पर यह ज्यादा लंबा चलता है लेकिन यह दूसरे फॉर्मेट की बात है। यह भी दिलचस्प है। यह अभी एक छोटा गैप है और जल्द ही दूसरा सीजन लेकर आएंगे। यह रैपअप की तरह सुनाई दे रहा है क्योंकि हमने इसे बनाया है लेकिन यह टेंपररी है और हम जल्द ही फिर से शुरू करेंगे। बता दें शो की होस्ट एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेट से सीजन रैप की तस्वीरें शेयर की थीं। इसके बाद यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई। शो की बात करें तो यह 30 मार्च से शुरू हुआ था। सबसे पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, उनकी मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी आए थे। दूसरे एपिसोड में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने धमाल मचाया था।



# देश विरोधी और पाकिस्तान की भाषा बोल रहे कांग्रेसी : मुख्यमंत्री धामी

■ तेलंगाना में गरजे धामी, दक्षिण को तोड़ कर अलग देश बनाने की बात करते हैं कांग्रेस नेता

■ भारत मिट्टी का टुकड़ा नहीं हमारी मां है, कांग्रेस के मंसूबों को पूरे नहीं होने देगी जनता

एजेंसी

**देहरादून/हैदराबाद :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को जोड़ने तो कांग्रेस के लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं। कांग्रेस भारत की एकता और अखंडता को खतरे में डालने का काम कर रही है। कांग्रेस के लोग देश विरोधी और पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। कांग्रेस दक्षिण को तोड़कर अलग देश बनाने की बात करते हैं परंतु जनता कांग्रेस के मंसूबों को कभी पूरे नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री धामी सोमवार को नरसपेट टाउन बाइपास रोड महबूबाबाद (तेलंगाना) में महबूबाबाद लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अजमीरा सीताराम नायक के पक्ष में आयोजित जनसभा सम्बोधित कर रहे थे। भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत मिट्टी का टुकड़ा नहीं, हमारी मां है। 2014 से पहले हर रोज देश में घोटाले हुआ करते थे, लेकिन 2014 के बाद कोई घोटाला सामने नहीं आया है।

**कांग्रेस और बीआरएस भ्रष्टाचार के मामले में एक ही थाली के चट्टे-बट्टे**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस घोटाले और परिवारवाद की जननी है तो बीआरएस घोटाले और परिवारवाद के मामले में कांग्रेस को भी पीछे छोड़ रही है। बीआरएस के घोटालों की आवाज दिल्ली तक आ रही है। कांग्रेस और बीआरएस भ्रष्टाचार के मामले में दोनों एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। कांग्रेस फिर से सत्ता में लौटकर घोटाले करना चाहती है। जनता को कांग्रेस की असलियत पता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपकी जिंदगी भर की मेहनत से कमाई गई संपत्ति को 'विरासत कर' लगाकर हड़पना चाहती है। जनता की कमाई को कांग्रेस का पंजा ले जाएगा और उस कमाई को अपने चहेते वोट बैंक को बांट देगी। कांग्रेस ओबीसी, एससी-एसटी के आरक्षण को छीनकर मुसलमानों को बांटने की बात करती है। कर्नाटक में कांग्रेस ने मुसलमानों को ओबीसी घोषित कर दिया है।



**चारधाम यात्रा के लिए महबूबाबाद वासियों को किया आमंत्रित**

मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड देवभूमि में होने वाली चारधाम यात्रा में सभी महबूबाबाद वासियों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि जनता का हर वोट प्रधानमंत्री मोदी को नई ताकत, ऊर्जा और शक्ति प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री आदिवासियों, जनजातियों, वनवासियों के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरक्षण के सबसे बड़े समर्थक हैं। जो लोग जनता में भ्रम पैदा कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भविष्य में कानूनी कार्रवाई भी होगी। मोदी की सोच एससी-एसटी, ओबीसी का विकास रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। सीएए कानून, धारा 370, तीन तलाक, प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ आजादी के बाद उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है, जहां पहले ही समान नागरिक संहिता लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता की गंगोत्री देवभूमि से पूरे देश में जाएगी।